आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:58 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024

वर्ष 5, अंक 190, पृष्ठ 18

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



थालापति 69 में विजय के साथ काम करेंगी पूजा 17

हमारे सबसे नजदीकी तारे का भी है सौर परिवार 18

## हाईवे पर लगा 15 किलोमीटर लंबा जाम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर लगा भीषण जाम। ● अमृत विचार

- रेंगते हुए चले वाहन, घंटों परेशान रहे लोग

**अमृत विचार :** पितृ अमावस्या पर बृजघाट और तिगरी धाम में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बुधवार को दिन भर भीषण जाम लगा रहा। मंगलवार देर रात से ही जाम की स्थिति बनने लगी थी, लेकिन दिन निकलने के साथ ही दोनों ओर करीब 15 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। जाम में फंसे वाहन रेंग-रेंग कर गुजरे। लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ा।

स्नान के लिए बुधवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे और तिगरी धाम मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ते ही जाम लग गया। भीषण जाम लगने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ते ही यातायात व्यवस्था धड़ाम हो गई। दिनभर जाम को खुलवाने में पुलिस के पसीने छूट गए। आसपास के लोगों ने निकलने के लिए संपर्क मार्गों का सहारा लिया। इसके चलते वहां भी जाम लग गया। हाईवे पर जाम के चलते दिल्ली-लखनऊ की ओर सफर करने वालों को भी घंटों जूझना पड़ा। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि शाम तक यातायात सुचारु करा दिया गया।

# न मांग न ही खरीदार, सोना-चांदी भर रही रफ्तार

### सोना 78,000 प्रति दस ग्राम तो चांदी 93, 800 रुपये प्रति किलो, चढ़ती कीमतों से आमजन को चुभ रही सोने-चांदी की चमक

नीरज मिश्र, लखनऊ

- बढ़ते रेट से रोजमर्रा के ग्राहक बाजार में होने लगे कम



**अमृत विचारः** न डिमांड न खरीदार, फिर भी सोने और चांदी की कीमतें रफ्तार बनाए हुए है। वैश्विक पटल पर बनती बडे.युद्ध की विभीषिका से मची उथल-पुथल ने इन दोनों धातुओं की चमक बाजार में इस कदर बढ़ा दी है कि आमजन की पहुंच से अब यह धीरे-धीरे दूर होती जा रही हैं।

जेवरात की खरीदारी आमजन के बजट और जेब पर भारी पड़ती नजर आ रही है। बची कसर बड़े निवेशकों का सोने के प्रति बढ़ता रुझान इसकी चमक को और बढ़ाए हुए है। दशकों बाद पीली और सफेद धातु अपनी सर्वोच्च ऊंचाईयों की ओर बढ़ती नजर आ रही है। सोना जहां 78,000 रुपये प्रति दस ग्राम तो चांदी 93,800 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

> कीमतों की गति को देखते हुए सर्राफा बाजार अपने चर्मोत्कर्ष की ओर बढ़ता दिख रहा है। मध्य-पूर्व में युद्ध के माहौल ने दोनों धातुओं की चमक बढ़ा दी है। इससे आमजन तो सोने और चांदी की कीमतों को देखकर बड़ी खरीदारी के लिए निर्णय नहीं ले पा रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक अनिश्चितता का माहौल बढेग़ा और सोना और चढेग़ा। फेड में ब्याज दरों की कटौती भी एक बड़ा कारण है।
>
> -**सुरेंद्र मेहता,** नेशनल सेक्रेटरी, इब्जा

**लखनऊ सर्राफा बाजार में सोने का भाव**

| माह | सोने की कीमत (प्रति10 ग्राम जीएसटी समेत) |
|---|---|
| 26 सितंबर | 77,100 |
| 02 अक्टूबर | 78,000 |

(नोट- ये आंकडे.इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें 3 प्रतिशत जीएसटी जुड़ी है।)

स्वर्ण धातु की चमक जहां निरंतर बढ़ रही है तो चांदी भी पीछे नहीं है। सोने के भाव के साथ चांदी भी अपनी नई कीमतों के साथ कदमताल कर रही है। चांदी का भी शानदार प्रदर्शन जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी कहते हैं, '' यह सही है कि अब बाजार में आम ग्राहक कम हैं। बढ़ती युद्ध की विभीषिका में अमेरिका और रूस की इंट्री से मची वैश्चिक उथल-पुथल ने दोनों धातुओं की कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। कीमतें कहां रुकेंगी, यह कहना मुश्किल है। जल्द ही सोना 80 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के भाव को पार करता नजर आएगा तो चांदी भी कीमतों में सिक्स फीगर को छूती दिखेगी।

## एक नजर

### कोटा के संभागीय आयुक्त के ठिकानों पर तलाशी

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कई टीम ने बुधवार को कोटा के संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी ली और 13 आवासीय/व्यावसायिक भूखंडों के दस्तावेज बरामद किए। टीम ने 2.22 लाख रुपये, 335 ग्राम सोने के आभूषण, 11.8 किलोग्राम चांदी के आभूषण और तीन चार पहिया वाहन के अलावा जीवन बीमा पॉलिसी में निवेश संबंधी दस्तावेज, 16 बैंक खाते और एक बैंक लॉकर के दस्तावेज बरामद किए। बताया जा रहा है कि लॉकर की तलाशी अभी ली जानी है।

### राजस्थान में कई जगहों पर बम विस्फोट की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान में कई जगहों और रेलवे स्टेशनों पर बम विस्फोट करने की धमकी वाला पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को धमकी वाला पत्र मिला। पत्र में दो नवंबर को राजस्थान व मध्य प्रदेश में भी धार्मिक स्थलों में विस्फोट की धमकी दी गई है। हनुमानगढ़ के एएसपी प्यारे लाल मीणा ने बताया कि पत्र डाक से हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को भेजा गया।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 26 आईफोन मोबाइल जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक महिला यात्री के बैग में छिपाकर रखे गए आईफोन-16 प्रो मैक्स के 26 मोबाइल फोन जब्त किए। सीमा शुल्क विभाग द्वारा बुधवार को जारी बयान के मुताबिक हांगकांग से दिल्ली आ रही एक महिला यात्री को मंगलवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। महिला की उम्र 35 से 40 के बीच बताई गई है। सामान की तलाशी पर बैग में टिशू पेपर में लपेटकर रखे गए आईफोन के 26 मोबाइल बरामद हुए।

### मणिपुर के उखरुल में हिंसा, तीन की मौत

**इंफाल।** स्वच्छता अभियान के तहत उखरुल शहर में एक भूखंड की सफाई को लेकर बुधवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में ड्यूटी पर तैनात मणिपुर राइफल्स के एक कर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। झड़प के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और एक दिन के लिए शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। झड़प में पांच घायल भी हो गए।

# बरेली में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके से उड़े पांच घर, 3 की मौत

### सिरौली क्षेत्र के कल्याणपुर में हादसा, चार गंभीर, बचाव कार्य में जुटी एसडीआरएफ और पुलिस

- तीन लोगों के मलबे में ही दबे होने की आशंका, कई हैं लापता
- दिवाली नजदीक होने से पटाखों का बड़ा स्टॉक घर में मौजूद था

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कल्याणपुर गांव में धमाके से क्षतिग्रस्त हुए मकान का मलबा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिरौली के गांव कल्याणपुर के एक घर में अवैध रूप से पटाखे बनाते समय एक के बाद एक हुए भीषण धमाकों से पांच मकान जमींदोज हो गए। इन घरों में मौजूद तीन महिलाओं की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एसडीआरएफ की टीम अग्निशमन, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों के साथ देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई थी। जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा है। पटाखों में हुए धमाके इतने जबर्दस्त थे कि उनकी गूंज करीब दो किमी दूर तक सुनी गई। हादसा बुधवार दोपहर करीब 3.40 बजे रहमान शाह के घर में हुआ जहां पटाखे बनाए जा रहे थे। दिवाली नजदीक होने की वजह से पहले से बने पटाखों का बड़े पैमाने पर स्टॉक मौजूद था। गांव के लोगों के मुताबिक पहला ही विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि रहमान के घर की छत और दीवारें उड़ गईं। इसके बाद एक-एक कर कई धमाके हुए और कुछ ही देर में आसपास के चार और घर मलबे के ढेर में तब्दील हो गए। घर में इस दौरान रहमान, उसकी पत्नी छोटी बेगम, बेटे वाहिद की पत्नी तबस्सुम और दो नाती हसन और हस्सान के अलावा बेटी फातिमा और उसका पति नाजिम, नाजिम का भाई नासिर और उसकी पत्नी सितारा मौजूद थे। हादसे में तब्बुसुम और सितारा के साथ पड़ोस के घर में रहने वाली रुखसाना की मौत हो गई। बाकी सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोस के घरों में कई लोगों के घायल होने की खबर है। कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें रहमान के घर में पटाखे बना रहे उसके दामाद नासिर और दोनों नातियों समेत तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

### पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ चलेगा अभियान

**लखनऊ।** बरेली में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने एडीजी, आईजी, पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों और जिलों के पुलिस कप्तानों को पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। डीजीपी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली से घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

### मुख्यमंत्री ने परिजनों के प्रति जताई संवेदना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेने के साथ मृतकों के शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों का समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराया जाए। इसके बाद एडीजी रमित शर्मा, आईजी राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य समेत कई अफसर कल्याणपुर पहुंचे।

## विदेश में काली कमाई के बदले देश में संपत्ति कुर्क कर सकेगी ईडी

- मद्रास उच्च न्यायालय ने दिया फैसला

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धनशोधन जांच के तहत और देश के आर्थिक हित में, आपराधिक गतिविधियों के जरिए विदेश में बनाई गई संपत्तियों के बदले देश में उपलब्ध उसके बराबर मूल्य की वैध संपत्तियों को कुर्क कर सकता है। अदालत ने चेन्नई स्थित तीन कंपनियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही, जिसमें तर्क दिया गया था कि उनसे संबंधित व्यक्तियों और शेयरधारकों द्वारा किए गए कथित अपराधों के लिए उन्हें 'उत्तरदायी' नहीं ठहराया जा सकता है।

इन कंपनियों ने कहा कि ईडी द्वारा जब्त की गई उनकी संपत्तियां उनसे जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी अपराध के काफी पहले खरीदी गई थीं। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगनम की खंडपीठ ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 2(1)(यू) के तहत यह पूरी तरह स्पष्ट है कि ऐसी किसी संपत्ति या उसके समतुल्य मूल्य की 'देश या विदेश में रखी गई' संपत्ति का मूल्य भी 'अपराध से आय ' के रूप में समझा जाएगा।

# स्वच्छ भारत बना दुनिया का सबसे सफल जनांदोलन

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने 9,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान को इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन आंदोलन करार दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान आरंभ होने के 10 साल पूरे होने पर यहां एक कार्यक्रम में स्वच्छता से संबंधित 9,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्वच्छता को हर नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए भावी पीढ़ियों में इस मूल्य का संचार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज से एक हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी वाला जन आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे ईश्वररूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों ने इस राष्ट्रीय प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान न देने के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधा। कहा कि उसने आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी के नक्शे कदम पर चलने का दावा किया, लेकिन उनके दृष्टिकोण की उपेक्षा की।

### स्वच्छता के मुद्दे को लाल किले की प्राचीर से उठाया तो मेरा मजाक उड़ाया गया

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता के मुद्दे को उठाया था, लेकिन उनका मजाक उड़ाया गया और कहा गया कि शौचालय के बारे में बात करना प्रधानमंत्री का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं नहीं रुकूंगा। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता मेरे साथी नागरिकों के जीवन को आसान बनाना है।

# पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

पुणे, एजेंसी

- मृतकों में हेलीकॉप्टर के दो पायलट और एक इंजीनियर



महाराष्ट्र के पुणे जिले में बुधवार सुबह एक निजी विमानन कंपनी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने और उसमें आग लगने से दो पायलट और एक इंजीनियर समेत कुल तीन लोगों की मौत हो गई। लोकसभा सदस्य और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को बुधवार को उसी हेलीकॉप्टर से मुंबई से रायगढ़ जाना था। इसे उनकी पार्टी ने किराये पर लिया था।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली स्थित निजी कंपनी हेरिटेज एविएशन के हेलीकॉप्टर ने यहां ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स हेलीपैड से उड़ान भरी और वह मुंबई के जुहू जा रहा था। इस दौरान सुबह 7:40 बजे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के नजदीक बावधन क्षेत्र के एक पहाड़ी इलाके के पास हुई। पिंपरी चिंचवड़ के पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे ने कहा कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने बताया कि मृतकों में हेलीकॉप्टर के दो पायलट और एक इंजीनियर शामिल हैं। मृतकों की पहचान गिरीश कुमार, प्रीतम सिंह भारद्वाज और परमजीत सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में कोहरे के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### पानी में हेलीकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**मुजफ्फरपुर।** भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर में खराबी आने के बाद बुधवार को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में जलभराव वाले इलाके में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। हालांकि, पायलट समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। मुजफ्फरपुर के एसएसपी राकेश कुमार के अनुसार, हेलीकॉप्टर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री गिराने के बाद दरभंगा से लौट रहा था।

## खादी उत्पादों पर 25 प्रतिशत की छूट, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

- 108 दिन तक जारी रहेगी यह स्कीम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वदेशी उत्पादों के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को खादी उत्पादों पर 108 दिनों के लिए 25 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद क्षेत्रीय गांधी आश्रम में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। साथ ही खादी के वस्त्रों की खरीदारी की, फिर ऑनलाइन पेमेंट भी किया। इसके पहले उन्होंने गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वदेशी वस्तुओं को उपहार के रूप में देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अधिक रोजगार पैदा होंगे और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को भी साकार करने में मदद मिलेगी। इससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज अभियान के अनुरूप विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने में मदद मिलेगी।

# इजराइल ने यूएन महासचिव के देश में प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

यरूशलम, एजेंसी



इजराइल के विदेश मंत्री कैट्ज।

- ईरान के हमले की निंदा न करने पर लिया फैसला

इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को अवांछित घोषित कर उनके देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कैट्ज ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कैट्ज द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह निर्णय गुटेरेस द्वारा मंगलवार शाम को इजराइल के खिलाफ ईरानी मिसाइल हमले की निंदा करने से परहेज करने के बाद लिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति जो इजराइल पर ईरान के जघन्य हमले की स्पष्ट रूप से निंदा नहीं कर सकता है, जैसा कि दुनिया के लगभग हर देश ने किया है, वह इजराइल की धरती पर कदम रखने का हकदार नहीं है। कैट्ज ने कहा कि ऐसे महासचिव जो आतंकवादियों, बलात्कारियों और हमास, हिज्बुल्ला और हूतियों के बाद अब ईरान की ओर से की गई हत्याओं का समर्थन करते हैं, उन्हें संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में दाग के तौर पर याद किया जाएगा। कैट्ज ने ईरान को वैश्विक आतंक की जननी भी बताया है। कहा कि इसराइल एंटोनियो गुटेरेस के साथ और उनके बिना भी अपने नागरिकों की रक्षा करना और राष्ट्रीय सम्मान को बनाए रखना जारी रखेगा।

# दिल्ली में पकड़ी 5620 करोड़ की कोकीन और मारिजुआना

नई दिल्ली, एजेंसी



- अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश चार तस्कर गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने शहर में मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप पकड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5,620 करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के दल ने दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर से चार व्यक्तियों को पकड़ा और उनके पास से 602 किलोग्राम की खेप जब्त की। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान दिल्ली निवासी तुषार गोयल, हिमांशु कुमार और औरंगजेब सिद्दीकी तथा मुंबई निवासी भरत कुमार जैन के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) पीएस कुशवाह ने बताया कि वसंत विहार के पॉश इलाके में रहने वाला गोयल इस अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के लिए भारत में मादक पदार्थों का प्रमुख वितरक है। उन्होंने बताया कि अन्य तीन उसके सहयोगी हैं।

## जेलों में जातिगत भेदभाव संबंधी याचिका पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को उस याचिका पर अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि देश के कुछ राज्यों की जेलों में जाति के आधार पर भेदभाव होता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ इस याचिका पर फैसला सुनाएगी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस वर्ष जनवरी में केंद्र तथा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों से याचिका पर जवाब मांगा था। न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील की इस दलील पर गौर किया कि इन राज्यों की जेल नियमावलियां जेलों के अंदर काम के आवंटन में भेदभाव करती हैं।

**बदलाव की तैयारी** के. रवीन्द्र नायक, पी. गुरु प्रसाद, एम. देवराज समेत अन्य अधिकारी हैं उदाहरण, संभाल रहे एक साथ कई विभागों की कमान

# अनुभवी आईएएस अफसर को ही अन्य विभाग का प्रभार

अजय दयाल, लखनऊ




- ऑनलाइन कार्यशैली से हो रही कई विभागों का कामकाज संभालने में आसानी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर ऐसे क्षमतावान आईएएस अधिकारियों पर है जो एक साथ कई विभागों का प्रभार न केवल संभाल सकें बल्कि लंबित योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा सकें। इसी कड़ी में आने वाले दिनों में भी अनुभवी, सक्रिय और स्वच्छ छवि वाले आईएएस को एक साथ कई विभागों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अब आईएएस अगर केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते हैं या रिटायर होते हैं तो उनके विभागों का भी प्रभार मुख्यमंत्री की नजर में चिन्हित 'रिजल्ट ओरिएंटेड' आईएएस को सौंप दी जाएगी।

दरअसल, सरकार के लगभग सभी कामकाज की ऑनलाइन कार्यशैली पर निर्भर होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं खुद मुख्यमंत्री भी चौबीस घंटे, सातों दिन काम करने के साथ अपने अफसरों से भी यही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जो आईएएस उनकी इस कार्यशैली को अपना कर सरकार की नीतियों से तालमेल बैठाते हुए समयबद्धता के साथ कदमताल कर रहे हैं उन्हें कई विभागों का कामकाज संभालने में समस्या नहीं आ रही।

हाल ही में अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी जगह प्रमुख सचिव, राजस्व पी. गुरु प्रसाद को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक को पशुपालन विभाग और मत्स्य विभाग का भी प्रभार सौंपा गया। आईएएस देवेश चतुर्वेदी के केंद्र सरकार में जाने के बाद आईएएस एम. देवराज को प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाया गया। उन्हें नियुक्ति के साथ स्टेट जीएसटी और तकनीकी शिक्षा का भी चार्ज दिया गया है। इसी तरह आईएएस आलोक कुमार, एपीसी मोनिका एसएस गर्ग, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अमृत अभिजात, दीपक कुमार, अनुराग श्रीवास्तव समेत अन्य आईएएस भी हैं जिनके पास कई विभागों का जिम्मा है। बहरहाल, आने वाले दिनों में भी कुछ ऐसे तेजतर्रार आईएएस है जिन्हें अन्य विभागों का भी प्रभार मिल सकता है। इनमें संजय प्रसाद, पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रथमेश कुमार, रितु माहेश्वरी, किंजल सिंह आदि प्रमुख हैं। हालांकि इस विषय पर सेवानिवृत्त नौकरशाहों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। एक महिला पूर्व आईएएस का तर्क है कि ऑनलाइन प्रक्रिया होने से नीतिगत फैसलों संबधी फाइलें एक ऑफिस में बैठकर ही की जा सकती हैं। वहीं, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए आईएएस नितिन रमेश गोकर्ण का कहना है कि नीतियों पर निर्णय लेने में समय लगता है। चर्चा, मीटिंग आवश्यक है।

# शुभ नवरात्रि

# जय माँ प्रथम शैलपुत्री



## कथा

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के राजा के यहाँ पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं। उनकी एक मार्मिक कहानी है। एक बार जब प्रजापति ने यज्ञ किया तो इसमें सारे देवताओं को निमंत्रित किया, भगवान शंकर को नहीं। सती यज्ञ में जाने के लिए विकल हो उठीं। शंकरजी ने कहा कि सारे देवताओं को निमंत्रित किया गया है, उन्हें नहीं। ऐसे में वहां जाना उचित नहीं है। सती का प्रबल आग्रह देखकर शंकरजी ने उन्हें यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। सती जब घर पहुंचीं तो सिर्फ मां ने ही उन्हें स्नेह दिया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव थे। भगवान शंकर के प्रति भी तिरस्कार का भाव है। दक्ष ने भी उनके प्रति अपमानजनक वचन कहे। इससे सती को क्लेश पहुंचा। वे अपने पति का यह अपमान न सह सकीं और योगाग्नि द्वारा अपने को जलाकर भस्म कर लिया। इस दारुण दुःख से व्यथित होकर शंकर भगवान ने उस यज्ञ का विध्वंस करा दिया। यही सती अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मीं और शैलपुत्री कहलाईं। पार्वती और हेमवती भी इसी देवी के अन्य नाम हैं। शैलपुत्री का विवाह भी भगवान शंकर से हुआ। शैलपुत्री शिवजी की अर्द्धांगिनी बनीं। इनका महत्व और शक्ति अनंत है।












## शारदीय नवरात्र आज से



शारदीय नवरात्र गुरुवार 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। इस बार गुरुवार को माता का आगमन पालकी पर और 12 अक्टूबर को प्रस्थान मुर्गे की सवारी से होगा। 11 अक्टूबर को दुर्गा महानवमी और दुर्गा महाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। 12 अक्टूबर को दशहरा और शारदीय नवरात्र व्रत का पारण किया जाएगा। वैसे तो नवरात्रि का त्योहार 9 दिनों का होता है लेकिन इस बार ये त्योहार 10 दिन का मनाया जाएगा। इस बार 11 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी तिथि दोनों पड़ रही है. ऐसे में नवमी तिथि की पूजा का मुहूर्त 12 अक्टूबर को दशहरा के दिन सुबह का निकल रहा है। इस लिहाज से इस बार 9 दिन नहीं 2024 की शारदीय नवरात्र कुल 10 दिन की होगी।

## प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है। बीज मंत्र - ह्रीं शिवायै नमः।




# जहरीला पदार्थ खाने से ट्रांसपोर्टर की मौत

## पार्टनर पर हत्या का आरोप, परिजनों की शिकायत पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



प्रतीक विहार में मृतक के घर पर रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



मृतक के घर पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जहरीला पदार्थ खाने से ट्रांसपोर्टर की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों ने बिजनेस पार्टनर पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के प्रतीक विहार हरथला निवासी राजा कुमार (51) का इस्लाम नगर में ट्रांसपोर्ट का बिजनेस है। पूर्व में राजा और गोकुल दोनों पार्टनर थे। कुछ दिन पहले ही गोकुल ने ट्रांसपोर्ट के बिजनेस से राजा का साथ छोड़ था। फिलहाल राजा अकेले ही ट्रांसपोर्ट का काम संभाल रहे थे और गोकुल भी उनके पास आता-जाता रहता था। पार्षद चंद्रभान ने बताया है कि मंगलवार देर रात राजा के बेटे राजेश और लोकेश के पास गोकुल ने फोन कर राजा की तबीयत खराब होने की सूचना दी थी। दोनों बेटों ने राजा को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने गोकुल और उसके दो बेटों पर हत्या का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गोकुल समेत दोनों के बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि मामले की जांच की रही है।

### ट्रक लोडिंग-अनलोडिंग पर होता था विवाद

पार्षद चंद्रभान ने बताया है कि राजा और गोकुल ने साझेदारी में ट्रक खरीदा था। दोनों में भाड़े के पैसों को लेकर विवाद होता था। साथ ही ट्रक लोडिंग और अनलोडिंग को लेकर भी कई बार विवाद हो चुका था। इसी कारण राजा ने ट्रांसपोर्ट के बिजनेस से गोकुल को अलग कर दिया था। राजा के इस कदम से गोकुल उससे खफा रहने लगा। अंदर ही अंदर राजा से ईर्ष्या करता रहा। बिजनेस से हिस्सेदारी खत्म करने के बाद गोकुल इस्लाम नगर स्थित ट्रांसपोर्ट कार्यालय आना-जाना लगा रहता था। उन्होंने बताया है कि मंगलवार देर रात को राजा और गोकुल का विवाद हुआ था। राजा के बेटों ने बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहरीला पदार्थ खाने से मौत की पुष्टि हुई है।

## लापरवाही पर एसएसपी सख्त, एक और पुलिस कर्मी निलंबित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कार्य में लापरवाही और शिथिलता बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर एसएसपी सख्ती से पेश आ रहे हैं। लापरवाही के चलते बुधवार को भी एक दरोगा पर गाज गिरी है।

जिले के सभी थानेदारों को लापरवाही और लंबित विवेचनाओं का समय से निपटारा नहीं करने पर एसएसपी ने सख्त हिदायत दी है। एसएसपी ने एक सप्ताह के अंदर नौ पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है। साथ मझोला थानेदार समेत तीन के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी है। एसएसपी ने बुधवार को सिविल लाइंस थाने में तैनात दरोगा रामगोपाल को निलंबित कर दिया। इसके अलावा विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। इसकी शिकायत मिलने पर एसएसपी ने सीओ सिविल लाइंस से जांच कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर बुधवार को दरोगा रामगोपाल को निलंबित करने के साथ ही विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए हैं। इससे पहले ठाकुरद्वारा बवाल में थानेदार समेत सात पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी थी। मंगलवार को मैनाठेर में तैनात दारोगा को हटाया था।

# हिंदू युवतियों को अपनी बहनें समझें मुस्लिम युवक : डॉ. एसटी हसन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### सलाह

- इस्लाम व हिंदू धर्म के नियम अलग हिंदू कार्यक्रमों में न जाएं मुस्लिम
- देवेंद्र फडणवीस के बयान को बताया राजनीति से प्रेरित



**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने बुधवार को कहा कि इस्लाम और हिंदू धर्म के अलग-अलग नियम हैं, इसलिए मुस्लिम बच्चों को हिंदू कार्यक्रमों और गरबा पंडालों में नहीं जाना चाहिए। अब पहले जैसा दौर नहीं रहा। अगर किसी युवक को युवती से प्यार हो जाता है तो उसे लव जिहाद का नाम दे दिया जाता है। इसके बाद उसकी जिंदगी बर्बाद हो जाती है इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि सभी मुस्लिम युवक हिंदू युवतियों को अपनी बहन समझें।

मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन एक बार फिर से अपने बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। पूर्व सांसद ने मुस्लिम युवकों को हिदायत देते हुए कहा है कि वह नवरात्र के दौरान गरबा पंडालों में न जाएं। इतना ही नहीं उन्होंने किसी दूसरे धार्मिक आयोजन में मुस्लिमों को जाने से मना किया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम और हिंदू धर्म के नियम बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने मुस्लिम बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि हिंदू लड़कियों को वह अपनी बहनें समझें और लव या इश्क के चक्कर में न पड़ें। वरना जिंदगी तबाह हो जाएगी। दूसरी ओर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस द्वारा एक लाख हिंदू युवतियों के लव-जिहाद वाले बयान पर पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि क्या उन्होंने कोई लिस्ट दी है। ये हवाई बाते हैं। दो-चार मामले प्यार-मोहब्बत के चक्कर में हो जाते हैं और जब भगवा बिग्रेड या परिवार का प्रेशर पड़ता है तो कह देते है हमें नहीं मालूम था कि वो हिंदू या मुसलमान था। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव होने हैं जिसके कारण इस तरह की बातें हो रही हैं।



टेनिस टूर्नामेंट में फाइनल जीतने वाले अवनीश और विजय को सम्मानित करते अतिथि।

# अनवीश व विजय ने जीता फाइनल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एचएस चड्डा मेमोरियल चैंपियंस कप टेनिस टूर्नामेंट के छठे दिन बुधवार को डबल्स में अवनीश और विजय ने डॉ. अनुराग और बंटी की जोड़ी को कांटे की टक्कर के मुकाबले में मात देकर फाइनल में जीत हासिल की।

अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ द्वारा संचालित व ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हरभजन सिंह चड्डा मेमोरियल चैंपियंस कप का बुधवार को समापन हो गया। समापन के दौरान चार महामुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में 60 वर्ष आयु वर्ग में आलोक भटनागर ने 6-4, 6-4 के स्कोर से संजीव मैगन को हराया। वहीं 65 आयु वर्ग में मणिपुर के दिलीप निओंगथेम ने रोहिणी के राजन बेरी को 6-4, 7-5 के स्कोर से जीत हासिल की। 50 आयु वर्ग नाथद्वारा के दिलीप बहोरा ने रुद्रपुर के राजेश कुमार को 6-4, 6-2 के मात दी। 50 आयु वर्ग के डबल्स में अवनीश रस्तोगी और विजय की जोड़ी ने डॉ. अनुराग अग्रवाल और बंटी की जोड़ी को 7-4, 7-5 पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान अकादमी के सहायक हरेन्द्र यादव, अरुण कुमार, जीएस चड्डा, भूपेन्द्र सिंह, अनुज सोनी व रश्मि आदि शामिल रहे।

## स्कूटी सवार ने महिला थाना प्रभारी को मारी टक्कर, घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महिला थाना इंस्पेक्टर हादसे का शिकार हो गईं। गश्त के दौरान तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गईं। मौजूद साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सिविल लांइस थाना क्षेत्र में महिला थाना प्रभारी बंदना सिंह बुधवार शाम को टीम के साथ गश्त पर निकली थीं। इसी दौरान महिला थाने के सामने आईसीआईसी बैंक के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गईं। आनन-फानन में मौजूद साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस क्षतिग्रस्त बाइक और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि बंदना सिंह को मामूली चोटें आईं है। फिलहाल वह उपचाराधीन हैं। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आयुष इंटर कॉलेज में आज दर्ज होंगे बयान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### मूंढापांडे मारपीट

- सोमवार को मूंढापांडे के मिनी स्टेडियम में हुआ था बवाल
- प्रधानाचार्य व छात्राओं से छेड़खानी करने के लगे थे आरोप

**अमृत विचार :** मूंढापांडे के मिनी स्टेडियम में सोमवार को हुए बवाल ने शिक्षा विभाग के अनुशासन की पोल खोलकर रख दी। वीडियो भी खूब वायरल हुए हैं। तहरीर पर कोई एफआईआर नहीं दर्ज हुई। इतने बवाल और प्रधानाचार्य एवं छात्राओं के साथ छेड़खानी जैसे आरोप लगे, फिर भी घटना वाले दिन ही शाम तक दोनों पक्षों में समझौता हो गया। लेकिन, घटना सुर्खियों में है।

डीआईओएस की तरफ से गठित कमेटी के बारे में पता चला कि उसने घटना के तीसरे दिन बुधवार तक जांच की शुरुआत भी नहीं की है। जांच कमेटी में दो लोग अपर जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा व राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट के प्रधानाचार्य रघुपति देव शामिल हैं। आयुष इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह ने बताया कि जीआईसी मूंढापांडे के शिक्षक ने अभिषेक यादव तीन-चार साथियों के साथ मंगलवार को उनके विद्यालय आए थे। स्कूल प्रबंधक हरीश कुमार से मिले थे। वह अपने किए पर पछतावा भी जता रहे थे और गलती हो जाने की बात कहकर माफी भी मांगी थी। लेकिन, सवाल ये है कि स्टेडियम में जो बाहरी लोग आए थे उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। बाहरी लोगों को किसने बुलाया... इन्हें बुलाने वालों पर भी सुहासिनी सिंह कार्रवाई की मांग कर रही हैं। उन्होंने ये भी कहा कि जिन छात्रों ने विवाद किया उनके पास मोबाइल थे और उन्होंने ही कॉल कर बाहरी लोगों को बुलाया था। दूसरी तरफ, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने बताया कि वह मामले में जांच करने के लिए गुरुवार को दलपतपुर में स्थित आयुष इंटर कॉलेज जाएंगे। वहीं, सुबह 11 बजे सभी चार विद्यालयों के प्रधानाचार्य, व्यायाम शिक्षक और खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को बुलाया है। वह इन सभी के बयान दर्ज करेंगे और रिपोर्ट डीआईओएस को देंगे। उन्होंने भी स्वीकार किया कि पिछले दिनों मूंढापांडे मिनी स्टेडियम में जो हुआ वह शर्मनाक था। महिला प्रधानाचार्य और कुछ छात्राओं से छेड़खानी की घटना यदि हुई तो भी बहुत ही निंदनीय है। हालांकि, इस विवाद में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है।

### यह है पूरा मामला

मूंढापांडे मिनी स्टेडियम में दो दिवसीय संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का पहला दिन सोमवार को था। उस दिन जीआईसी मूंढापांडे व आयुष इंटर कॉलेज के बच्चों के साथ कबड्डी प्रतियोगिता हुई थी। शेष तीन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को अगले दिन की खो-खो और लांग जंप की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना था। पहले दिन कबड्डी में आयुष इंटर कॉलेज विजेता बना था, जबकि जीआईसी को हार मिली थी। इसी में विवाद हो गया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई थी। छात्राओं व एक स्कूल की प्रधानाचार्य से भी छेड़खानी का भी आरोप है। पुलिस एक आरोपी का शांति भंग में चालान भी कर चुकी है।

## देवरानी को खिलाई चूहे मार दवा, हालत बिगड़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में जेठानी-देवरानी में जमीन के विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई। जेठानी ने बाल पकड़कर देवरानी को जबरन चूहे मार दवा खिला दी। इससे देवरानी की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के दौलत बाग स्थित मठ वाली गली निवासी मेहनाज ने बताया है कि तीन साल पहले उसकी शादी वसीम से हुई थी। पति पीतल कारीगर है। आरोप है कि जेठानी पैतृक संपत्ति को बेचना चाहती है। जबकि देवरानी इससे सहमत नहीं है। इसी को लेकर मंगलवार की देर रात दोनों में विवाद हो गया। जमकर मारपीट हुई। जेठानी ने घर में रखी चूहे मार दवा देवरानी को खिला दी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत में सुधार है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया है कि मामले की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

## झोलाछाप को दवा, उपकरण बेचने पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** झोलाछाप को जेनेरिक दवा और सर्जिकल उपकरण बेचने की शिकायतों पर जिलाधिकारी की सख्ती के बाद ऐसा करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। औषधि निरीक्षक उर्मिला वर्मा ने केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों थोक औषधि विक्रेताओं को ऐसा न करने के लिए कहा है। जारी आदेश में औषधि निरीक्षक उर्मिला वर्मा ने कहा है कि यह शिकायत मिल रही है कि कुछ थोक लाइसेंस धारक अपनी दुकान से जेनेरिक दवाओं व सर्जिकल उपकरण झोलाछाप को बेच रहे हैं। यह कार्य अवैध है और स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों के खिलाफ है। ऐसा करना बंद करें, अन्यथा जिसके दुकान से ऐसा करते पाया जाएगा उसके खिलाफ औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## फिल्म गो सेवक का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के चंद्र नगर के रहने वाले चंचल कुमार की फिल्म गो सेवक का चयन नवधा फिल्म महोत्सव के लिए हुआ है। विश्व संवाद केंद्र ब्रज प्रांत के संयोजन में नवधा फिल्म महोत्सव का आयोजन दीनदयाल कामधेनु गोशाला मथुरा में 5 अक्टूबर को किया जाएगा। चंचल कुमार के निर्देशन में बनी गो सेवक फिल्म का चयन हो गया है।

**आहत** प्रतिष्ठित स्कूल की शिक्षिका की एआई से अश्लील तस्वीर बनाने में आंतरिक जांच में दोषी पाए जा चुके हैं 16 छात्र

# निराश पिता बोले, बेटे को आईएएस बनाने का सपना टूटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में सिविल लाइन क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल के छात्रों की शर्मनाक हरकत से स्कूल प्रशासन हैरान है तो आरोपी छात्रों के अभिभावक सदमे में हैं। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चों की हरकत से सिर ही शर्म से नहीं झुका, बल्कि बच्चों के कैरियर को लेकर देखे गए सपने भी धूलधूसरित होते नजर आ रहे हैं। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) की मदद से स्कूल की शिक्षिका की अश्लील तस्वीरें बनाने के मुख्य आरोपी छात्र की मां सदमे में आ गई हैं, जबकि पिता का कहना है कि उनका तो बेटे को आईएएस बनाने का सपना ही टूटता नजर आ रहा है।

सिविल लाइन्स क्षेत्र के नामचीन स्कूल के छात्रों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बनाई स्कूल शिक्षिका की अश्लील फोटो को अपने ही कक्षा के छात्रों के ही व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल करने का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। स्कूल शिक्षिका अपनी वायरल फोटो देखकर तो सदमे में आ गई और उसने सिविल लाइन्स थाने में दोनों छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। उधर स्कूल प्रशासन की आंतरिक जांच में इस पूरे प्रकरण में 16 छात्र शामिल पाए गए। स्कूल प्रशासन ने दोनों मुख्य आरोपी छात्रों को तो स्कूल से बाहर कर दिया, जबकि अन्य 14 छात्रों को निलंबित कर दिया।

उधर, आरोपी छात्रों के जब नाम सामने आए तो उनके माता-पिता के भी पैरों तले जमीन खिसक गई है। एक अभिभावक ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि बेटे को आईएएस बनाने का ख्वाब संजोकर उसकी हर इच्छा को पूरी कर रहे थे। जब बेटे की करतूत सुनी तब से पुत्र के विषय में सोच-सोचकर परेशान हैं।

### छात्रों पर मोबाइल पर पहरा सख्त, काउंसिलिंग होगी

स्कूल प्रशासन ने बच्चों की हरकत के बाद से छात्र-छात्राओं के स्कूल में मोबाइल लाने पर कड़ा प्रतिबंध भी लगा दिया है। वैसे भी स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए मोबाइल साथ लाने की मनाही थी, लेकिन, अब फिर से नए सिरे से कह दिया गया है कि यदि किसी छात्र-छात्रा के पास मोबाइल पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। इसी के साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बैग की चेकिंग भी बढ़ गई है। शिक्षक अचानक छात्र-छात्राओं के बैग जांचने लगे हैं। दूसरी तरफ, स्कूल प्रशासन गुरुवार से छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग करने जा रहा है, जो पूरे महीने चलेगी।

### पुलिस ने भी शुरू की जांच

एआई से शिक्षिका के फोटो बनाकर वायरल करने के आरोपी दोनों छात्रों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन्स के थानाध्यक्ष मनीष सक्सेना ने कहा कि मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है, इसलिए बारीकी से जांच कर रहे हैं।

## चेस व जूडो के विजेता छात्रों को मिला सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आशियाना कालोनी स्थित आरआरके स्कूल में सीबीएसई नार्थ जोन-एक में चेस एवं जूडो प्रतियोगिता में जीते छात्रों का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में तृतीय रैंक पर रही टीम के रवीश चौधरी, अरकांश, सूरज कुमार व हर्षित कुमार को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन नालंदा वर्ल्ड स्कूल सहारनपुर में 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक हुआ। जिसमें आयु वर्ग 19 वर्ष में रवीश, अरकांश, सूरज व हर्षित ने तृतीय रैंक प्राप्त कर विजयी परचम लहराया। पहला मैच आरआरके स्कूल का हेरिटेज पब्लिक स्कूल मथुरा से हुआ, जिसमें आरआरके विजेता रहा। विद्यालय के मैनेजर सलिल कोठीवाल, डायरेक्टर केके मिश्रा, प्रधानाचार्य वंदना छाबड़ा ने सभी बच्चों को बधाई दी।

# गॉरमेंट की दुकान से नकदी व कपड़े चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गॉरमेंट शॉप से युवकों ने कीमती सूट, 40 हजार रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी साफ कर दी। सीसीटीवी के जरिए महिला दुकानदार ने चोरों का पीछा किया तो आरोपियों ने महिला दुकानदार के साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पांच सगे भाइयों समेत छह नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के हिमगिरी कॉलोनी निवासी सीमा पाठक पत्नी सचिन पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वैष्णवी कलेक्शन नाम से घर के पास गली नंबर दो में कपड़े की दुकान चलाती हैं। उसने पुलिस को बताया कि 29 सितंबर को दोपहर तीन बजे टीटू, बंटी, संदीप, मोनी, रेशू पुत्रगण बाबू, बबली व तीन अज्ञात निवासी लोदीपुर जवाहर नगर दुकान पर आए। सूट दिखाने को कहा। इस पर सभी को बेटी कपड़े दिखाने लगी। इसी बीच सभी ने झांसा देकर कीमती दस सूट, सोने की अंगूठी व 40 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। इसके बाद सभी कपड़े बाद में खरीदने की बात कहकर चले गए। शक होने पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो चोरी की पुष्टि हुई। तत्काल दुकान पर आए लोगों का पीछा कर उसने चोरी के बाबत बात की। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने टीटू, बंटी, संदीप, मोनी, रेशू पुत्रगण बाबू, बबली व तीन अज्ञात निवासी लोदीपुर जवाहर नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**आज का मौसम**

मौसम साफ रहेगा।

33.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 :09 | सूर्यास्त 05 :59

**शहर में आज**



☞ अपना दल (के) का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देगा दोपहर 12 :00 बजे।

☞ लाजपत नगर रामलीला मैदान में रामलीला में अहिल्या उद्धार, गंगा पार, नगर दर्शन का मंचन रात 8 :30 बजे।

☞ दसवां घाट रामलीला में विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध का मंचन रात 8 :00 बजे।

☞ लाइनपार रामलीला में राम बरात का मंचन रात 8 :00 बजे।

# नवरात्र के लिए खूब हुई पूजा सामग्री की बिक्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गुरुवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो जाएंगे। जिसको लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बाजारों में शारदीय नवरात्र को लेकर पूजा की सामग्री की दुकानों पर लोगों ने खरीददारी की।

बुधवार को महानगर के गंज बाजार, टाउन हाल, रेती स्ट्रीट व मंडी चौक बाजार में पूजा की सामग्री की दुकानें सजाई गई। धूपबत्ती, ध्वजा, नारियल, पान, सुपारी, देसी घी, कूटू का आटा और मां दुर्गा के स्वरूपों की मूर्तियों की जमकर बिक्री हुई। इस दौरान देवी-देवताओं के कैलेंडरो की भी बिक्री हुई। शाम तक महिलाओं से पूजा की सामग्री की खूब खरीदारी की।

वहीं शारदीय नवरात्र के लिए महानगर के सभी मंदिर सज गए। लाल बाग स्थित काली माता मंदिर पर सर्वाधिक भीड़ रहती हैं। यहां मंदिर कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। काली माता मंदिर के महंत सज्जन गिरि ने बताया नवरात्रों को लेकर मंदिर में लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भीड़ नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग लगा दिए गए है। रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर के पुजारी हरि दत्त शास्त्री ने बताया नवरात्र की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नवरात्रि के सभी दिनों में सुबह हवन किया जाएगा और शाम को महिलाएं भजन-कीर्तन करेंगी।



नवरात्रि की पूर्व संध्या पर रोशनी में नहाया मनोकामना श्री हनुमान मंदिर।



बाजार गंज में पूजन सामग्री खरीदते लोग।

## शुभ मुहूर्त में आज होगी कलश स्थापना, घट स्थापना के लिए तीन मुहूर्त

# इस बार पालकी पर सवार होकर आ रहीं मां दुर्गा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो रही हैं। शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना की जाएगी। इस साल नवरात्रि 10 दिनों तक मनेगी। नवरात्रि के प्रथम दिन हस्त नक्षत्र ऐन्द्र योग और जयद योग में पूजन होगा। मां दुर्गा का आगमन इस बार पालकी पर और विदाई चरणायुध (मुर्गे) पर होगी।



पंडित केदार मुरारी

ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी ने बताया कि पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के लिए तीन शुभ मुहूर्त हैं। पहला शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 19 मिनट से लेकर 7 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। इसके बाद नवरात्रि के घट स्थापना के लिए दूसरा शुभ मुहूर्त अमृत काल 8 बजे से 10:46 बजे तक है और तीसरा अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 46 मिनट से लेकर दोपहर 12:33 तक रहेगा।

उन्होंने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों में प्रतिदिन एक शक्ति की पूजा का विधान है। सृष्टि की संचालिका कही जाने वाली आदिशक्ति की नौ कलाएं (विभूतियां) नवदुर्गा कहलाती हैं। 'मार्कण्डेय पुराण' में नवदुर्गा का शैलपुत्री, बह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के रूप में उल्लेख मिलता है। नवरात्र के दौरान कन्या पूजन के बिना भगवती महाशक्ति कभी प्रसन्न नहीं होतीं। कन्या पूजन के माध्यम से ऋषि-मुनियों ने हमें स्त्री के सम्मान की ही शिक्षा दी है। नवरात्र में देवी भक्तों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह आजीवन बच्चियों और महिलाओं को सम्मान देगा और उनकी सुरक्षा के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेगा। तभी सही मायनों में नवरात्र की शक्ति पूजा संपन्न होगी।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि अष्टमी व नवमी का व्रत एक साथ 11 अक्टूबर के दिन होगा, क्योंकि सप्तमी युक्त अष्टमी का व्रत नहीं रखा जाता है। 10 अक्टूबर को सप्तमी युक्त अष्टमी है। 12 अक्टूबर के दिन दशहरा पूजन और आयुध पूजन किया जाएगा।

### मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की ऐसे होगी पूजा-अर्चना

| | | |
|---|---|---|
| नवरात्रि का पहला दिन | मां शैलपुत्री | 3 अक्टूबर |
| नवरात्रि का दूसरा दिन | मां ब्रह्मचारिणी की पूजा | 4 अक्टूबर |
| नवरात्रि का तीसरा दिन | मां चंद्रघंटा की पूजा | 5 अक्टूबर |
| नवरात्रि का चौथा दिन | मां कूष्मांडा की पूजा | 6 अक्टूबर |
| नवरात्रि का पांचवां दिन | मां स्कंदमाता की पूजा | 7 अक्टूबर |
| नवरात्रि का छठा दिन | मां कात्यायनी की पूजा | 8 अक्टूबर |
| नवरात्रि का सातवां दिन | मां कालरात्रि की पूजा | 9 अक्टूबर |
| नवरात्रि का आठवां दिन | मां सिद्धिदात्री की पूजा | 10 अक्टूबर |
| नवरात्रि का नौवां दिन | मां महागौरी की पूजा | 11 अक्टूबर |
| विजय दशमी 12 अक्टूबर | | |

# रामलीला में नारद मोह, रावण, भगवान श्रीराम के जन्म का मंचन

## मंचन देख श्रद्धालुओं ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे, आदर्श रामलीला मंडल के सुरेश सिंह के निर्देशन में हुआ मंचन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट में आदर्श रामलीला मंडल के सुरेश सिंह के निर्देशन में नारद मोह, रावण जन्म, भगवान राम जन्म प्रसंग का मनोहरी मंचन किया गया। रामलीला मंचन से पूर्व मंच की शुरुआत व गणेश भगवान की आरती मुख्य अतिथि सीएल गुप्ता निर्यात फर्म के डायरेक्टर प्रणीत गुप्ता ने की।

कलाकारों ने नारद मुनि मोह का मंचन किया। नारद मुनि भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार आपकी लीला से मैं स्त्री के लिए परेशान रहा हूं। इसी तरह भगवान विष्णु को भी मनुष्य रूप में भोगना पड़ेगा। नारद मोह के बाद रावण जन्म की लीला का मंचन किया गया। जब पृथ्वी पर रावण, कुम्भकरण का जन्म होता है तो इसके बाद से वह अत्याचार करना शुरू कर देते हैं। पृथ्वी पर इतना अत्याचार बढ़ जाता है कि उनसे सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि परेशान हो जाते हैं। उनके साथ पृथ्वी भी ब्रह्मा जी के पास जाती हैं और उनसे विनय करती हैं। इस दौरान आकाश से आकाशवाणी होती है और भगवान विष्णु सभी देवी-देवताओं से कहते हैं कि आप चिंता न करें। रावण और कुम्भकरण के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाएगी। राम जन्म प्रसंग का मनोहारी मंचन किया गया। व्यवस्था में अध्यक्ष यथार्थ किशोर, संरक्षक छत्रपाल सिंह, महामंत्री आदित्य वीर शास्त्री, प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव, इंद्रजीत शर्मा, राजेश वाल्मीकि, रवि सैनी, पुष्पकांत शर्मा, कृष्ण कांत शर्मा, अरुण श्रीमाली, उमाशंकर, सुमित श्रीमाली, शिवकुमार श्रीमाली, शुभम डोंगरा, गगन श्रीमाली, कपिल श्रीमाली, पाशु श्रीमाली, अरुण सैनी व सुमित कुमार का सहयोग रहा।



लाजपत नगर रामलीला में मंचन करते कलाकार।



लाइनपार रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन करते कलाकार।

### श्रीगणेश पूजन के बाद हुआ रामलीला का शुभारंभ

**अगवानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को नगर पंचायत में होने वाली रामलीला का श्रीगणेश पूजन के बाद शुभारंभ किया गया। इस दौरान बदायूं से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का प्रारंभ किया गया। रामलीला में नारद मोह का मंचन किया गया। रामलीला का उद्घाटन व्यापारी प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने बताया कि रामलीला का यह परंपरागत महोत्सव 12 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान अंशुल गुप्ता, अंचल शर्मा, शंकर, विक्की, भूरा प्रजापति, चेतराम प्रजापति, नेत्रराम सैनी, राकेश कुमार विश्नोई, सरजू विश्नोई, मास्टर जय कुमार, अभिनव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार, निज इच्छा निर्मित तनु...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रीराम कथा मंचन समिति लाजपत नगर में बुधवार को हुए रामलीला मंचन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चन्द्र की अनुकरणीय एवं आदर्श लीला की प्रस्तुति स्वामी हीरालाल शर्मा के निर्देशन में नवीन प्रसंग व आकर्षक दृश्यों के साथ की गई।

अयोध्या में चक्रवर्ती सम्राट अयोध्या नरेश राजा दशरथ दरबार में मंत्री मनुष्यों के सुख की बात करते हैं कि पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में हो माया, तीसरा सुख सुलक्षण नारी, चौथा पुत्र हो आज्ञाकारी। जब पुत्र का नाम आता है तो राजा दशरथ उदास हो जाते हैं और कहने लगते हैं मेरा तो वंश चलाने वाला ही कोई नहीं है। इसके बाद वह श्रंगी ऋषि को बुलाकर यज्ञ करते हैं यज्ञ देवता प्रसन्न होकर एक कटोरा में राजा दशरथ को खीर देते हैं और कहते हैं की बराबर बराबर मात्रा में अपनी पत्नी को खिला दें और इस प्रकार राजा दशरथ के चार पुत्र राम, भारत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न होते हैं पुत्रों के जन्म की सूचना पर अयोध्या में चारों ओर खुशियां छा जाती हैं। 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या गए महानगर के सन्त, महंत एवं सम्मानित लोगों को सम्मानित किया गया। इनमें काली मंदिर के महंत सज्जन गिरि, महाराज राम गिरि, साध्वी राघवेंद्री, स्वामी देवनारायण आचार्य महाराज, संजयनन्द गिरि, भैरव बाबा मंदिर के महंत विक्की, राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी, विनीत कुमार लोहिया व टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन शामिल हैं।

**एक नजर**

### दिल्ली की लवकुश रामलीला में हर्षिता मलिक निभाएंगी मंदोदरी की भूमिका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की उभरती हुई कलाकार हर्षिता मलिक इस साल की बहुप्रतीक्षित लवकुश रामलीला में रावण की पत्नी मंदोदरी की भूमिका निभाने जा रही हैं। यह भव्य आयोजन तीन अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2024 तक ऐतिहासिक लाल किला दिल्ली में आयोजित होगा। भारत की सबसे प्रतिष्ठित रामलीलाओं में से एक लवकुश रामलीला, इस वर्ष कई सितारों से सजी हुई है। हर्षिता के साथ-साथ लोकप्रिय टीवी अभिनेता हिमांशु सोनी भगवान श्रीराम की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि समीक्षा भटनागर सीता का किरदार निभाएंगी। हर्षिता मलिक जिन्होंने अनुपमा, ये है चाहतें, इश्क की दास्तान, नागमणि, नागिन 6, और तेरे इश्क में घायल जैसे लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है।





पाकबड़ा में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

## प्रभु श्रीराम के जन्म पर गूंजे जयकारे

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** नगर पंचायत पाकबड़ा में चल रहे रामलीला मंचन में श्रीराम एवं रावण का जन्म हुआ। श्रीराम का जन्म होते ही पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंजने लगा।

रामलीला मंचन में रावण जन्म की लीला का मंचन किया गया। पृथ्वी पर रावण, कुम्भकरण का जन्म होता है। इसके बाद से वह अत्याचार करना शुरू कर देते हैं। पृथ्वी पर इतना अत्याचार बढ़ जाता है कि उनसे सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि परेशान हो जाते हैं। राक्षसों को नाश करने के लिए धरती पर भगवान का जन्म हुआ। श्रीराम का जन्म होते ही भगवान के जयकारे लगने लगे। इस दौरान पुरुषोत्तम शरण गुप्ता, राकेश सिंह, रामबाबू भटनागर, नरेश सक्सेना, शैवी शर्मा, सीताराम रूहेला, सतपाल हुड्डा, तोताराम सैनी, जयप्रकाश मंत्री, ओमकार सिंह, मोंटू ठाकुर, कमल सैनी आदि मौजूद रहे।

### रामलीला में अश्लील डांस शिवसैनिकों ने रुकवाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पंडित नगला में रामलीला मंचन की आड़ में अश्लील गीतों पर डांस हो रहा था। इसकी जानकारी शिवसेना को लगी तो वह भारी संख्या पहुंचे और विरोध किया। जिसके बाद पुलिस ने डांस रुकवा दिया।

बुधवार रात को पंडित नगला क्षेत्र में आयोजित रामलीला में अश्लील गाने बजाने व डांस करने का शिवसेना ने जोरदार विरोध किया। साथ ही प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। बाद में शिवसेना जिला प्रमुख की सीओ कटघर से बात हुई, सीओ ने शिव सैनिकों को आश्वासन दिया कि सभी तरह के अश्लील डांस और गानों को बंद करवा दिया जाएगा एवं रामलीला में सिर्फ धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम ही आयोजित कराने दिए जाएंगे। इस संबंध में कमेटी के पदाधिकारियों ने भी आश्वासन दिया है कि रामलीला में अश्लील डांस नहीं होने दिया जाएगा।



बैठक में चर्चा करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

## महाराणा की मूर्ति लगवाएगा समाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को कटघर स्थित कैप्टन हाउस पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक हुई। इसमें रोंडाझंडा चौराहे पर महाराणा प्रताप सिंह की मूर्ति लगाने की बात कही गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आगामी दिसंबर में महासभा का अगला कार्यक्रम किया जाएगा। पदाधिकारियों ने चर्चा करते हुए कहा कि रोंडाझंडा के चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगवाई जाएगी। देवेंद्र सिंह ने कहा कि आगे भी समाज में इसी प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। जिससे समाज में प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, अशोक कुमार तोमर, अशोक कुमार कठेरिया, संजय राघव, अरविंद कुमार राठौर, मनोज कुमार तोमर, मनोज कठेरिया, अरुण कुमार राठौर व देवेंद्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर करनी होगी देश-धर्म की सेवा

- भारतीय संस्कृति रक्षा समिति की ओर से गोष्ठी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संकटमोचन धाम पार्क विजय नगर में आयोजित गोष्ठी में महानगर के बुद्धिजीवियों, दार्शनिकों, धर्म उपदेशकों और चिंतकों ने अपने विचार रखे। कहा कि जाति-संप्रदाय से ऊपर उठकर हमें देश-धर्म-संस्कृति की सेवा करनी चाहिए। संचालन एसपी सिंह वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और अध्यक्षता राजेश त्रिपाठी ने की।

सुधीर गुप्ता एडवोकेट की पुस्तक का विमोचन करते हुए आचार्य धीरशान्त 'अर्द्धमौनी' ने कहा कि महाराणा प्रताप, शिवाजी और पृथ्वीराज चौहान के समय से आज तक हमारा देश विदेशियों के आक्रमण और अत्याचारों से त्रस्त चला आ रहा है। हमें अपनी संतानों और समाज को शस्त्र और शास्त्र से पारंगत करके अपने को सुरक्षित रखना होगा, तभी देश और धर्म का कल्याण संभव होगा ।

रामजी राम ने सनातन धर्म के पतन और विघटन का कारण भेदभाव, अशिक्षा और धार्मिक मूल्यों की अनदेखी बताई। ब्राह्मण सभा के वीरेश पाठक ने तन-मन-धन से संकल्प लेते हुए कहा कि हमें अपने टूटने और विघटन के कारणों को ढूंढ़ कर उसके निदान को क्रियाशील होना होगा। गोष्ठी में निवेश गुम्बर, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी, पुखराज गुप्ता, नीरज त्रिपाठी, कविन्द्र शुक्ला, नरेंद्र नाथ शर्मा, अनिल सक्सेना, राजकुमार शर्मा, सुनील कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, उमेश पाल सिंह, दिलीप अग्रवाल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का समापन वन्देमातरम से हुआ।

### 177 लावारिस शवों की अस्थियां विसर्जित कीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन एवं खिदमत-ए-खल्क संस्था द्वारा लावारिस मिले हिंदू शवों की अस्थियों का अमावस्या पर विसर्जन किया गया।

ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन एवं खिदमत-ए-खल्क संस्था द्वारा जिले में मिलने वाले लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। जिसमें मुस्लिम शव को दफनाया जाता और हिंदू शव का अंतिम संस्कार किया जाता है। जिसके तहत इस साल संस्था के पास 252 शव आए। जिसमें 177 शव हिंदू और 75 मुस्लिम शव मिले। बुधवार को अमावस्या पर संस्था द्वारा सभी शवों की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए लालबाग श्मशान घाट से ब्रजघाट के लिए प्रस्थान किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अशोक भाटिया, कोषाध्यक्ष सतीश भंडूला, संजय भंडूल, सचिव अजय विश्नोई, सदस्य राशिद हुसैन, सुनील शामिल रहे।

# रजत जयंती पर निकाली रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर रामगंगा विहार की स्थापना के रजत जयंती पर रथयात्रा महोत्सव निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में जैन समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

बुधवार को जैन समाज द्वारा आचार्य 108 निर्मल सागर महाराज एवं आचार्य 108 वासुपूज्य सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य गिरनार पीठाधीश्वर क्षुल्लकरत्न 105 समर्पण सागर महाराज के आशीर्वाद एवं सानिध्य में इस बार रजत जयंती रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। रथयात्रा महोत्सव में विभिन्न पात्रों का चयन बोली के माध्यम से किया गया। खवासी बनने का सौभाग्य कमल कुमार जैन-मीना जैन, अभिषेक जैन-नेहा जैन, दिव्येश जैन, पुलक जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जबकि सारथी बनने का सौभाग्य संजय जैन-स्मिता जैन, अजय जैन-दीपाली जैन पुत्र फूलमति जैन, सजल जैन,संयम जैन, वंश जैन, आयु, अदिती जैन, आशी जैन, अर्पिता जैन परिवार ने प्राप्त किया। कुबेर बनने का सौभाग्य सलिल जैन-प्रीति जैन, सजल जैन-पूजा जैन पुत्र समता जैन, डॉ. ट्विंकल जैन, अपूर्वी जैन, सिद्ध जैन, सम्यक जैन परिवार ने प्राप्त किया। वात्सल्य भोज का आयोजन संदीप जैन, अंजू जैन,नितिन जैन व वृंदा जैन परिवार ने किया।

इस दौरान समर्पण सागर महाराज के मंगल प्रवचन हुए। आयोजन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी से सुरेश जैन, वाइस चेयरमैन मनीष जैन, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, संदीप जैन, महिला अध्यक्ष नीलम जैन, उषा जैन, नीरज जैन, सुषमा जैन समेत भारी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।



रामगंगा विहार जैन मंदिर से निकली रथ यात्रा में शामिल जैन समाज के लोग।

**अजब-गजब** जेसीबी मंगाकर गाड़ी को नीचे उतारा गया, बाइक सवार को बचाने में फटा मैजिक वाहन का टायर

# अनियंत्रित होकर पेड़ से लटका नगर निगम का मैजिक वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में नगर निगम की तेज रफ़्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ पर ही चढ़ गई और काफी देर तक हवा में ही लटकी रही। चालक और अन्य कर्मचारियों ने गाड़ी को पेड़ से उतरने के लिए निगम की जेसीबी बुलानी पड़ी, जिसने हवा में लटकी हुई नगर निगम के प्रवर्तन दल लिखी मैजिक गाड़ी को पेड़ से नीचे उतारा।

दरअसल घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है। जब कटघर क्षेत्र स्थित रामगंगा पुल के नजदीक अटल घाट रोड से निकल रही नगर निगम की प्रवर्तन दल लिखी मैजिक गाड़ी बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर तेजी से सड़क किनारे एक पेड़ पर चढ़ गई।

गाड़ी का पिछला पहिया जमीन पर टिका था जबकि तीन हवा में लटक गये। इसे देखने के लिए आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्टोर के सुपरवाइजर महेंद्र सिंह पप्पे ने बताया कि वाहन चालक रईस आलम गाड़ी लेकर जा रहा था। तभी सामने से एक लड़का बाइक से आ गया उसे बचाने के चक्कर में तेज ब्रेक लगाने से सफाई वाली गाड़ी का टायर फट गया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ पर चढ़ गई। जिसे जेसीबी की मदद से उतारा गया। इसमें वाहन चालक रईस के चेहरे व होंठ पर चोट लगी है।



पेड़ की शाखा पर अटकी नगर निगम के प्रवर्तन दल की गाड़ी।

## निगम की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने बुधवार को सिविल लाइंस से लेकर कंपनी बाग क्षेत्र से फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटवाया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने टीम को निर्देश दिया कि किसी को भी अतिक्रमण करने पर बख्शा न जाए। सड़क की पटरियों को खाली कराएं। कई जगह टीम से नोकझोंक भी हुई।

प्रवर्तन दल की टीम के साथ नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त ने पहुंचकर सड़क की पटरियों पर किए अतिक्रमण को हटवाया। जो स्थायी प्रकृति का अतिक्रमण था उसे जेसीबी से हटाया गया। फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को टीम ने भगाया। उनका सामान भी जब्त कर लिया। सड़क की दोनों पटरियों को टीम ने खाली कराया। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि जो भी दोबारा अतिक्रमण करेगा उसके खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही भी प्रवर्तन दल की टीम के साथ मौजूद रहे।



जिला अस्पताल के पास ठेले हटवाते निगम कर्मचारी।

## एक नजर



पौधरोपण करते कैडेट व अधिकारी।

### हिंदू कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : 24 एवं 9वीं बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने हिंदू कॉलेज में गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर नीम, जामुन, शहतूत, अशोक के पौधों का रोपण हुआ। हिंदू कॉलेज के परिक्षेत्र में स्थित सैनी बस्ती में कैडेट्स और एनसीसी अधिकारियों ने आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। हिंदू कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सत्यव्रत रावत ने भी छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प दिलाया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन (डॉ.) राजीव चौहान ने कहा कि सभी कैडेट्स को सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज हित में कार्य करना चाहिए। यह तभी संभव है जब सकारात्मक ऊर्जा का संग्रहण किया जाए। इस अवसर पर नायब सूबेदार सुरेंद्र कुमार, हवालदार इशाक खान एवं कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन कैडेट लव गुप्ता और पार्थ नेगी ने किया।



गंगा किनारे सफाई करते कैडेट्स।

### एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बुधवार को 23 यूपी बटालियन के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने गांधी जयंती के अवसर पर रामगंगा नदी के तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान मेजर राजीव ढल ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स अभी युवा अवस्था में है। बचपन से ही इनमें इस प्रकार के संस्कार डालने का प्रयास किया जा रहा है कि स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने का प्रयास करें। इस मौके पर सूबेदार बोधराज लिंबू, सक्षम अग्रवाल, अमन कुमार, लक्ष्य वर्मा, अमित कुमार, रविंद्र सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।



भोजन वितरित करतीं क्लब की सदस्य।

### भोजन वितरित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की ओर से संचालित अम्मा की रसोई के माध्यम से जरूरतमंद राहगीरों को भोजन वितरित किया गया। इस दौरान पूनम, कविता, भावना गुप्ता, सारिका, सान्या, एकता, वंशी भटनागर, संजना, मिली सिक्का, शालिनी, ऋतु, शोभा, प्रियंका, प्रीति, सोनिया, पारुल, पूजा आदि मौजूद रहीं।



महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।



विकास भवन में सफाई अभियान में शामिल सीडीओ सुमित यादव व एमएलसी गोपाल अंजान।

# गांधी-शास्त्री के सिद्धांतों के अनुसरण का संकल्प

## मंडलायुक्त कार्यालय में मनी राष्ट्रपिता व स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया।

दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी व शास्त्री जी के जीवन मूल्यों, विचारधारा एवं सिद्धान्तों को अपनाकर तथा उनकी शिक्षाओं का अनुसरण कर हम दोनों महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन पहले भी प्रासंगिक था आज भी प्रासंगिक है। लाल बहादुर शास्त्री गांधी दर्शन को जीवन में धारण करने वालों में से एक थे। इस दर्शन का मूल हमेशा मानव गरिमा है। उन्होंने कहा कि जब देश संकट में था तब सभी ने लाल बहादुर शास्त्री की उस क्षमता व शक्ति को भी देखा, जब उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। आज हमें दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन को अपनाकर उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन सर्वेश कुमार गुप्ता के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं विकास भवन में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव और एमएलसी गोपाल अंजान की ओर से सामूहिक श्रमदान कर सड़क पर पड़ी गंदगी को झाड़ू लगाकर साफ किया गया।



महानगर कांग्रेस कार्यालय पर गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी।

### कांग्रेसियों ने मनाई गांधी व शास्त्री की जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बुधवार को चौमुखा पुल स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अनुभव महरोत्रा ने की और संचालन महासचिव मोहम्मद शमी ने किया। सभी कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान अनुराग शर्मा, एडवोकेट अरशद परवेज़, शिवराज सिंह गुर्जर, मोहम्मद शदान, नवाब आसिफ, एडवोकेट नेम सिंह, अब्दुल रऊफ आदि मौजूद रहे। वहीं गुरहट्टी स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय पर महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अनूप दुबे, सुधीर पाठक, अमीरुल हसन जाफरी, विवेक गुप्ता, मोहसिन रईस, अकरम खां आदि मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी के जीवन से मिलती है प्रेरणा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कलेक्ट्रेट परिसर मनाई गई। जिलाधिकारी अनुज सिंह और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विचार गोष्ठी भी आयोजित हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन पर विचार व्यक्त किए। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता से जुड़ी विचारधारा से हम सभी को प्रेरित होना चाहिए। हम सभी को सहृदय भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए और देश के निर्माण और उन्नति में सदैव अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, एडीएम नगर ज्योति सिंह, नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव सहित डिप्टी कलेक्टर और कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसएस चिल्ड्रन एकेडमी के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल, प्रबंधक डॉ. अनिल अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल व उप प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर की। प्रवक्ता डॉ. प्रशांत कुमार ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन प्रबंधक डॉ. अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा रैली निकाल कर किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता जागरूकता एवं देश भक्ति आधारित नारे लगा कर जनता को जागरूक किया। संचालन प्रवक्ता दीक्षा जोशी ने किया।

### राष्ट्रपिता के आदर्शों पर चलेंगे तो तरक्की करेगा भारत

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : नेशनल सोशल आर्गेइजेशन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मिर्जा अरशद बेग ने कहा कि यदि सब लोग महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलेंगे तो हमारा देश तरक्की करेगा। इस मौके पर फिरोज खान, मंसूर रहमान, शफात अहमद खान, शाहवेज इकबाल व साहिल शम्सी शामिल रहे।



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते भाजपाई।

# सेवा पखवाड़े के आखिरी दिन भाजपा ने चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

भाजपा महानगर महामंत्री व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के महानगर संयोजक श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़े के समापन पर महानगर के सभी 10 नगर मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने स्वतंत्रता हासिल की। सभी मंडलों में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, सूर्य मोहन शमसेरी, अमित सिंह मिंटू, डॉ संजीव चौहान, सोनू सुमन, आलोक सैनी, संजय यादव, सुमनेश सिंह, राजीव शर्मा, मंगलसेन राजपूत के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार व संतोष सिंह, अल्पना रितेश गुप्ता, सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, प्रिया अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर निगम की ओर से काली माता मंदिर, रामगंगा घाट पर विशेष स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

स्वयंसेवी संस्था परिवर्तन द चेंज के सदस्यों ने नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों के सहयोग से रामगंगा घाट की सफाई की। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने स्वयं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया। इसके बाद नगर निगम के टाउन हॉल स्थित कार्यालय के सदन हॉल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को महात्मा गांधी के विचारों की जानकारी देकर स्वच्छता की शपथ दिलाई।

शहीद स्मारक, गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 70 वार्डों के चयनित स्वच्छ घरों को उनके प्रयासों जैसे होम कम्पोस्टिंग, सोर्स सेग्रीगेशन, किचन गार्डन आदि के लिए प्रोत्साहित करने को स्वच्छ घर का प्रमाणपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। महापौर ने सफाई मित्रों को स्वच्छता चैंपियन का प्रमाणपत्र और सुरक्षा किट प्रदान की। नगर निगम की टीम ने वार्ड 2 आदर्श कॉलोनी की मलिन बस्ती में श्रमदान किया।



टीम के साथ सफाई अभियान में कूड़ा उठाते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

- महापौर व नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

### नशे की प्रवृत्ति दूर कराने का लिया संकल्प

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आर्य समाज रेलवे हरथला कॉलोनी की ओर से गांधी पार्क कंपनी बाग में स्वस्ति यज्ञ व हवन किया गया। यज्ञ के अधिष्ठाता आचार्य डॉ. महावीर सिंह मुमुक्षु के नेतृत्व में कार्य संपन्न हुआ। देश में बढ़ रही नशे की प्रवृति के प्रति लोगों को सचेत किया।। इस दौरान अभय कुमार सिंह, आशीष कुमार, संजय यादव, संजय कुमार आर्य, जय सिंह, चंद्रहास कुमार गुलाब सिंह यादव, पप्पू आर्य, रविंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में एकता-अखंडता की शपथ दिलाते एसएसपी सतपाल अंतिल।

# पुलिस लाइन में याद किए गए बापू और शास्त्री, दी सलामी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर पुलिस लाइन में दोनों महापुरुषों को याद किया गया। पुलिस कर्मियों ने जयंती पर दोनों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर सलामी दी। साथ ही उनके आदर्शों को भी जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया।

एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर सलामी दी।

पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व सुरक्षा की शपथ दिलाई। एसएसपी ने कहा कि इन महान नेताओं के आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं। साथ ही सभी से दोनों महापुरुषों के आदर्शों का पालन करने का आग्रह किया।

**आयोजन** | टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों का किया गया सम्मान

# क्षय रोग के खात्मे को दवाओं का सेवन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। सम्मानित होने वाली ग्राम पंचायतों के प्रधानों में सीमला के लाल सिंह, मनकुआ के सत्यपाल, नसीरपुर के राजवीर सिंह, रामपुर खुर्द की चंदो देवी, पहाड़मऊ की कविता, बड़ापुरा मझरा महेशपुर खेम के राजेंद्र सिंह, अक्का भीकनपुर की सहाना, परतापुर की सईदन, विजय रामपुर के यादराम सिंह, दारापुर की रेखा देवी, शहबाजपुर कलां के मुहम्मद उमर और शेरपुर पट्टी के तेजवीर सिंह शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से कहा कि क्षय रोग ऐसी बीमारी है जो बुखार, खांसी या अन्य सामान्य समस्या से शुरू होकर गंभीर रूप ले लेती है। इस रोग का संपूर्ण उपचार संभव है परंतु निर्धारित दवाओं का नियमित सेवन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों में शामिल ये 12 ग्राम पंचायतें जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करें। क्षय रोगियों को पौष्टिक भोजन मिलना जरूरी है। टीबी के साथ साथ डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएं। जिलाधिकारी ने जल संचयन, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर ग्राम प्रधानों को प्रेरित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि सरकार की हर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों की अत्यंत महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। स्वास्थ्य सेवाएं भी ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान और स्थानीय निकाय में वार्ड मेंबरों के सहयोग से ही प्रभावी तरीके से लागू हो रही हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र भी मौजूद रहे।



क्षयरोग मुक्त गांवों के सम्मानित ग्राम प्रधानों के साथ जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह व अन्य।

## सार-संक्षेप

### छात्रों ने रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. चारु मेहरोत्रा ने बापू और शास्त्री के चित्र के सामने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इसके बाद छात्राओं ने गांधी जी के भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पहले महाविद्यालय के आसपास से स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय की प्राचार्य की अगुवाई में छात्राओं ने कॉलेज से मंडी चौक तक रैली निकाली। लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। महाविद्यालय की उप प्राचार्य प्रो. अंजना दास ने भी गोकुल परिवार को गांधी व शास्त्री जी जयंती को लेकर शुभकामनाएं दीं। आरआरके स्कूल में भी गांधी-शास्त्री की जयंती पर आयोजन हुए। प्रधानाचार्य वंदना छाबड़ा और उनके स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भी दोनों महापुरुषों को याद किया। उनके विचारों पर चर्चा की। रघुपति राघव राजाराम की धुन पर गायन प्रस्तुत किया गया।

### सादगी की प्रतिमूर्ति थे दोनों महापुरुष

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : केजीके महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने गांधी-शास्त्री जी की जयंती मनाई। प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर गांधी-शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। संचालन प्रोफेसर शिव पूजन ने किया। प्रो. चंद्रभान सिंह व गोविंद नौनियाल ने छात्रों को बताया कि गांधी जी और शास्त्री जी ने अपना जीवन सादगी और ईमानदारी से गुजारा। एनसीसी छात्रा इकाई की प्रभारी कैप्टन प्रो. ममता सिंह ने स्वरचित कविता के माध्यम से उनके जीवन संघर्ष को बताया। इस दौरान डॉ. संजय जौहरी, डॉ. मंजू चौहान, डॉ. ज्योति गुप्ता, सूर्यकान्त आदि मौजूद रहे।

### सच्चाई व अहिंसा को अपने जीवन में उतारें

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में संस्थान की वैसे चेयर पर्सन डॉ. आशी खुराना ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की फोटो पर माल्यार्पण किया। स्टॉफ को सच्चाई, संयम और अहिंसा को जीवन में उतारने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की अमूल्य सीख को मरीजों की देखभाल की नीतियों में उतारें। प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह ने कहा कि हम हॉस्पिटल को प्लास्टिक फ्री करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी प्रतिज्ञा सभी ने ली। इस दौरान डॉ. हर्षिता, नवनीत चौहान, अनिल,वीरेश, कहकशां, विनोद, प्रहलाद आदि मौजूद रहे।



माल्यार्पण करतीं डॉ. आशी खुराना।



गांधी और शास्त्री की जयंती के अवसर पर सत्याग्रह करते कार्मिक।

### कर्मियों ने जिला अस्पताल में किया सत्याग्रह आंदोलन

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने गांधी जयंती के अवसर पर जिला चिकित्सालय में एकत्रित होकर सत्याग्रह आंदोलन किया। अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष संदीप बडोला ने की और संचालन कोषाध्यक्ष हेमंत चौधरी ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली और राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन किया जाए। आउटसोर्सिंग, संविदा, वर्क चार्ज, केंद्र व राज्य द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्यरत कर्मियों का भविष्य सुरक्षित करने एवं विनियमितिकरण करने की नीति बनाने की मांग भी संगठन लंबे समय से कर रहा है। उन्होंने ठेकेदारी प्रथा, अस्थायीकरण, आउटसोर्सिंग आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। कोषाध्यक्ष हेमंत चौधरी ने कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद लंबे समय से सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग कर रही है। आंदोलन में मुख्य रूप से निश्चल भटनागर, मनोज तिवारी, आशुतोष त्यागी, सुशील, राजेश कुमार पाठक, जगत सिंह, मुस्कान, स्वीटी, अरविंद, अमित अंबेडकर, शशांक शाही, सुदेश, लईक अहमद, गोविंद आदि मौजूद रहे।



टीएमयू के फैकल्टी ऑफ लॉ लीगल कॉलेज में वर्कशॉप मौजूद स्टाफ।

### बापू के लिए अविभाज्य थे कानून : प्रो. हरवंश

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लॉ एंड लीगल कॉलेज में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यशाला हुई। इसमें महात्मा गांधी के विचारों और उनके कानूनी दृष्टिकोण पर चर्चा हुई। कार्यशाला का फोकस गांधी जी के सत्य, अहिंसा, और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित रहा। फैकल्टी ऑफ लॉ एंड लीगल कॉलेज के डीन प्रो. हरवंश दीक्षित ने कहा कि महात्मा गांधी का कानून के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान बतौर उनके कानूनी पेशे, सामाजिक न्याय और नैतिक सिद्धांतों के माध्यम से देखा जा सकता है। वे एक प्रशिक्षित वकील थे। कानून को न केवल एक पेशे, बल्कि एक सामाजिक सेवा के माध्यम से भी आत्मसात किया। कॉलेज के प्राचार्य सुशील सिंह समेत प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी ने भारतीय समाज के लिए स्वराज स्व-शासन और लोकतंत्र की अवधारणा को कानूनी दृष्टिकोण से भी समर्थन दिया। इस अवसर पर लॉ एडं लीगल कॉलेज के सभी फैकल्टी मेंबर डॉ. डालचंद, डॉ. नम्रता जैन आदि उपस्थित रहे।



रेलवे यार्ड में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाते डीआरएम राजकुमार सिंह।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया सफाई अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बुधवार को रेलवे में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान छाया रहा। रेल अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर श्रमदान के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता पखवाड़ा और महात्मा गांधी व लाल बहादूर शास्त्री जयंती को रेलवे ने पारंपरिक रूप से मनाया। डीआरएम राज कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों ने झाड़ू.लेकर सफाई की। रेल अधिकारियों ने रेल कर्मचारी और स्काउट्स एवं गाइड्स के संग मुरादाबाद में आरओएच डिपो, यार्ड, वैगन केयर सेंटर में साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। इस मौके पर सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता, सीनियर डीईएनसी पारितोष गौतम, सीएमएस डॉ. इन्द्रजीत कौर के अलावा एसएस महेन्द्र कुमार, सीएमआई गौरव श्रोत्रिए, सीआईटी विजयंत शर्मा, जितेन्द्र सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, अवनीश चन्द, रितुराज पथिक आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिलारी में आज से शुरू होगा रामलीला मंचन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौडा खेड़ा में सनातन धर्म अर्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में रामलीला का मंचन गुरुवार से शुरू होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला मंचन का मंचन कलाकारों द्वारा सुंदर तरीके से किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने अधिक-से-अधिक संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं से रामलीला मंचन देखने की अपील की है।

### छात्रों को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांधी जयंती पर स्वच्छता भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र टॉफी देकर सम्मानित किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी ललित कुमार ने प्रतियोगिता के विजेता सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर की प्रियांशी, नितेश कुमार व अनुष्का यादव को प्रमाण पत्र एवं टॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंकित शर्मा, मुजीबुर्रहमान, नईम अहमद, मौ. आसिफ सैफी आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किए गए महात्मा गांधी व शास्त्री

## स्कूल-कालेजों और सरकारी कार्यालयों में हुए कार्यक्रम, अर्पित किए श्रद्धासुमन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर व देहात क्षेत्र के सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों व स्कूल-कालेजों में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

किसान इंटर कॉलेज जहांगीरपुर में प्रधानाचार्य राजीव मोहन सिंह ने दोनों महापुरुषों के जीवन प्रकाश डाला। सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में नरेश सिंह, कुलदीप सिंह, यतेंद्र सिंह बादल, पाकेश कुमार आदि ने विचार व्यक्त किए। मुस्लिम इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, शिवहरि कन्या इंटर कॉलेज, धर्मवीर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, रामगोपाल महाविद्यालय सुल्तानपुर दोस्त, कृषक इंटर कॉलेज शरीफ नगर में गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में


ठाकुरद्वारा में कार्यक्रम में सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने दोनों के चित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान नरेश सिंह, प्रमोद कुमार, आशु गुप्ता, कमल रावत आदि मौजूद रहे। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम प्रीति सिंह ने, कोतवाली परिसर में एएसपी अमरिंदर सिंह ने गांधी व शास्त्री जी की जयंती मनाई।

नगर पालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी, अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने सभासदों व पालिका कर्मचारियों के साथ गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव मार्केट में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान संजीव सिंघल, नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीक़ी, हाजी याकूब कुरैशी, हनीफ, सलमा आगा आदि मौजूद रहे। वहीं ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के कार्यालय पर अधिवक्ताओं ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सफदर अली खा, प्रमोद कुमार, नरेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह, अशोक गहलौत, राजीव विश्नोई, धर्मपाल सिंह विश्नोई, श्योराज सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष आकाश पाल के नेतृत्व में आंबेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, रूपेश रानी चौहान, वीर सिंह सैनी, दिनेश कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार, नागेंद्र लांबा, मुकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।


कुंदरकी में हबीबी पब्लिक इंटर कालेज में प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

### हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में मनाई गांधी जयंती

**कुंदरकी, अमृत विचार :** हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में गांधी जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य मशकूर अहमद ने छात्रों को गांधी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य जहीरुल इस्लाम, मोहम्मद शाहनवाज, वसीमुद्दीन, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद साकिब, दानिश राज, बृजेश शर्मा, सतीश कुमार, राजीव कुमार, अरुण कुमार, अनमोल भारद्वाज, हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


कांठ में शोभायात्रा का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### धूमधाम से निकाली गई श्रीराम बरात शोभायात्रा

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में प्रशासन द्वारा गठित श्री रामलीला मंचन समिति अस्थाई के तत्वावधान में बुधवार को 115वी श्री राम बारात शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें भगवान श्रीराम का सिंहासन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालुओं ने श्रीराम बारात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री रामलीला रंगमंच पर मंगलवार की रात धनुष यज्ञ का सफल मंचन होने के बाद बुधवार को श्री राम बारात शोभायात्रा का शुभारंभ सहकारी समिति सभापति एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सचिन चौहान उर्फ़ बंटी ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में सबसे आगे घनश्याम पहलवान व्यायामशाला के कलाकार हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चल रहे थे। वही सिंहासन पर विराजमान श्रीराम लक्ष्मण और महामुनि विश्वामित्र सहित भगवान गणेश, शिव, भरत, शत्रुघ्न, राजा जनक, राजा दशरथ, आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का राम बारात स्वागत किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, फोर्स के साथ मौजूद रहे। शोभायात्रा में कुँवर सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, राधेश्याम भुईयार, धर्मपाल सिंह चौहान, अभय बिश्नोई, गौरव भुईयार, हरपाल चौहान, सीटू चौहान, बीनू चौहान, रामकृष्ण सिंह, इंद्रजीत सिंह, सचिन कुमार, नवनीत चौहान, हरपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।


धरना स्थल पर संबोधित करते भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह।

### किसानों के चुनाव में हस्तक्षेप न करे सरकार

**बिलारी, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के डेलीगेट पद के अबू नगर गांव के 10 नामांकन खारिज करने के विरोध में पिछले एक हफ्ते से किसान धरनारत है। जिसमें कई किसान संगठनों ने अपना समर्थन भी दिया है। बुधवार को धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार अपने अन्य मुद्दों तक ही सीमित रहे। किसानों के चुनाव में हस्तक्षेप न करें। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि प्रदेश में कई अन्य जगहों पर भी गन्ना समिति के चुनाव में सत्ता के इशारे पर धांधली हुई है। जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार किसानों के चुनाव में दखलअंदाजी न करें यह किसानों का चुनाव है। इस दौरान यशपाल सिंह, गौरव तोमर, शुभम राठी, आशु बालियान, हुकुम सिंह, भयराज सिंह, उदय पाल सिंह, सुनील लाठर, आनन्द वीर सिंह, महक सिंह, विजय पाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### भक्तों की आस्था का केंद्र है प्राचीन माता महाकाली मंदिर


प्राचीन माता महाकाली मंदिर।

**कांठ, अमृत विचार :** प्राचीन माता महाकाली के मंदिर (माता का थान) से श्रद्धालुओं की बड़ी आस्था जुड़ी हुई है। यहां हर धर्म और मजहब के लोग माता के दरबार में मन्नत मांगते है। नगर में पुरानी गुड़ मंडी स्थित प्राचीन माता महाकाली मंदिर एक प्राचीन धरोहर है। इसके जीणोद्धार का कार्य भी कराया गया था। मान्यता है कि उत्तराखंड के काशीपुर वाली देवी कभी इसी मंदिर में स्थापित थी। जहां अब मंदिर है। वहां कभी घना वन हुआ करता था। नगर व क्षेत्र के साथ ही दूरदराज से भी लोग अपने बच्चों को झाड़ा लगवाने और मनौती पूरी होने पर प्रसाद चढ़ाने के लिए रोज ही श्रद्धालु मंदिर पर पहुंचते हैं। इस मंदिर पर साल के चैत्र और शारदीय नवरात्रों में यहां महामाई के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। यहां की पुजारन इमरती देवी ने सालों मंदिर की सेवा की। कई वर्ष पहले उनका निधन हो गया था। अब उनके परिवार के लोग ही मंदिर की देखभाल और यहां सेवा करते हैं। माता महाकाली मंदिर की मान्यता इतनी है कि शादी होने के अगले दिन यहां नवविवाहित जोड़े माता के इस दरबार में हाजिरी लगाते हैं और अपने वैवाहिक जीवन के लिए माता महामाई की प्रार्थना करते हैं। माता महाकाली के मंदिर की विशेषता यह भी है कि यहां से श्रद्धालुओं को मिलने वाली भभूत और झाडे से बड़ी से बड़ी व्याधि कट जाती है। यहां पर मुस्लिम, सिख, समुदाय के लोग भी अपने बच्चों को लाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करते हैं।

### दहेज उत्पीड़न में पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवाहिता उपासना ने बताया कि सात माह पूर्व उसका विवाह ग्राम चक हबीबपुर निवासी चिंटू पुत्र सरवन से हुआ था। शादी के बाद से ही पति चिंटू, ससुर सरवन, ननद राखी और निर्दोष और पिंकी लगातार उसका उत्पीड़न कर रहे थे। आरोप लगाया गया है कि सभी ने मिलकर उसको एक कमरे में बंद कर दिया और जान से मारने की कोशिश की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महात्मा गांधी व शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार:** क्षेत्र में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। नगर पंचायत ढकिया, थाना डिलारी, ब्लॉक दफ्तर डिलारी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोविंदपुर, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डिलारी, श्री साईं पब्लिक स्कूल गोविंदपुर सर्वोदय इंटर कॉलेज डिलारी आदि में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत ढकिया के अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन ने गांधी-शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने को प्रेरित किया।

इस दौरान इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रियंका कुमारी, रिफाकत हुसैन, रऊफ सभासद व सफाई कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर अखिलेश कुमार सक्सेना, डॉ अमिताभ शर्मा, नरेंद्र पाल आचार्य, डॉ विशाल मोहन गुप्ता, डॉ सचिन गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किए। अन्य जगहों पर गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई गई।

### भाजपाइयों ने खरीदी स्वदेशी वस्तुएं

**बिलारी, अमृत विचार :** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खादी आश्रम से स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की खरीदारी की। इस दौरान नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डा. विश्वास शर्मा, विजय शर्मा, राजीव शर्मा, निहाल सिंह, अमित मौर्य, अभिलाष गौड़, हेमंत शर्मा, दिनेश प्रजापति, अमिताभ सागर, डॉ. गीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नगर, देहात में मनाई राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती नगर व देहात क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाई गई।

क्षेत्र के डॉ. देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज, रामरतन इंटर कॉलेज कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज, आरपी विद्या मंदिर, श्रीमती मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज, प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल बहौरनपुर नरौली, एचएसए इंटर कॉलेज, श्रीमनमोहन वैद्य जी स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल के अलावा हरि मंगल महाविद्यालय, श्री गोविंद डिग्री कॉलेज, ग्रामोदय लॉ कॉलेज एवं ग्रामोदय शोध एवं संस्थान अमरपुर काशी आदि में धूमधाम के साथ महात्मा गांधी व लाल बहादूर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं कॉलेज में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई भी की गई। साथ ही कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।


आरपी विद्या मंदिर में पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य व अन्य।


नपा प्रांगण में ध्वजारोहण करती ईओ रजनी सिंह। ● अमृत विचार

### सरकारी कार्यालयों में हुआ ध्वजारोहण, महापुरुषों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सरकारी कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों के लिए उन्हें याद किया गया। बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान समाजसेवी डॉ. राकेश रफीक, सभासद राकेश यादव, प्रवेश प्रजापति, दानवीर शर्मा, हप्पू राजा, आमिल सिद्दीकी, सुमित गुप्ता, चिराग अग्रवाल आदि ने विचार व्यक्त किए। तहसील कार्यालय में तहसीलदार सुदीप कुमार तिवारी, कोतवाली में पुलिस क्षेत्र अधिकारी राजेश कुमार तिवारी, गन्ना समिति परिसर में गन्ना समिति के विशेष सचिव आरके पाठक, ब्लॉक कार्यालय में खंड विकास अधिकारी चैतन्य कुमार पाठक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश्चंद्र, शिक्षा विभाग में एबीएसए अजरहे आलम, रजिस्ट्री कार्यालय आंगनवाड़ी कार्यालय में सीडीपीओ सुरेंद्र पाल ने ध्वजारोहण किया।

## महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करें

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया।

छजलैट के भीकनपुर स्थित राजेंद्रा एकेडमी, कांठ के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टीमौढ़ा, सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल, डीएसएम इंटर कॉलेज, बिहार आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट), हॉवर्ड कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर, पब्लिक इंटर कॉलेज, तहसील कांठ, थाना कांठ, थाना छजलैट, नगर पंचायत कांठ, नगर पंचायत उमरी कलां, किसान भवन छजलैट, पब्लिक इंटर कॉलेज ब्लॉक कार्यालय, सहकारी गन्ना विकास समिति, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ आदि में गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वहीं दूसरी ओर कांग्रेसियों ने पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष परम सिंह सैनी के आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नसीम अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष सीपी सिंह, डॉ सिराजुद्दीन, हाजी शरीफ़, फ़िरोज अनवर, तारिक़ रियाज़, हाफ़िज़ रईसुद्दीन, दिनेश, शौवीर, कलीम अंसारी, अंकुर आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर समाजसेवी जुल्फिकार अहमद ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।


सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती मनाते शिक्षक व अन्य।

### सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट वितरित की

**छजलैट, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में नगर पंचायत उमरी कलां कार्यालय में अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली व अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत के नेतृत्व मे श्रमदान का आयोजन कराया गया।

बुधवार को राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां में अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली, अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सफाई मित्रो को पीपीई किट का वितरण किया गया। इसके बाद श्रमदान अभियान किया गया। साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मोहम्मद ज़ीशान, जयकुमार, सुरेंद्र सिंह यादव, अंकुर विश्नोई आदि मौजूद रहे।

## डेलीगेट पदों के लिए 17840 किसान आज करेंगे मतदान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति की कार्यकारिणी के लिए पहले चरण में चल रही डेलीगेट की चुनावी प्रक्रिया के क्रम में आज मतदान होगा। इसके लिए चुनाव समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। 125 डेलीगेट पदों के लिए 243 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस चुनाव में 17840 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर डेलीगेट चुनेंगे।

125 डेलीगेट पदों के लिए 243 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बुधवार को चुनाव अधिकारी/ खंड विकास अधिकारी छजलैट गिरीश पंत ने बताया कि मतदान को पूरे शांतिपूर्ण माहौल में कराया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नगर स्थित डीएसएम इंटर कॉलेज के परिसर में आज मतदान कराया जाएगा। सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ के सचिव खेत सिंह ने बताया कि उनकी समिति में 244 डेलीगेट पद हैं। इनमें से 119 निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

### डेलीगेट के 246 पदों पर आज होगा मतदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद में तीन गन्ना समितियों के लिए डेलीगेट के 246 पदों के लिए गुरुवार को मतदान होगा। चुनाव में नाम वापसी के बाद 772 प्रत्याशियों का निर्विरोध डेलीगेट चुना जाना तय है। सोमवार को 261 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया था। अब डेलीगेट के 246 पदों के लिए 472 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जनपद में संचालित तीन गन्ना समितियों में मुरादाबाद, बिलारी और कांठ शामिल हैं। इनमें सदस्यों की संख्या 119937 है।


गांव तरफ दलपतपुर में मृतक के परिजनों को सांत्वना देते भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल व अन्य।

## आरोपियों को मिले फांसी की सजा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाअध्यक्ष आकाश पाल ने तरफ दलपतपुर गांव में लोकेश सैनी उर्फ मोनू सैनी की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए उसके परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष ने मृतक के पिता धर्मपाल सिंह से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया कि परिवार को उचित आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि ग्रामीणों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी। इस संबंध में जिला अध्यक्ष ने बताया कि उनकी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता हो चुकी है। वहीं मृतक के पिता ने मांग की कि उनके पुत्र की हत्या में शामिल आरोपी पुलिस कर्मियों को फांसी की सजा दी जाए व मुकदमा फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाया जाए। आरोप लगाया कि उनके पुत्र की दूसरे स्थान पर हत्या करके उसे ट्रैक्टर के नीचे दिखाकर षड्यंत्र किया गया। इस दौरान भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी, कमलेश कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, मुकेश चौधरी, नागेंद्र लंबा, डॉ ओमपाल सैनी, साजन शर्मा एडवोकेट, पंकज सिंह, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

तैयारियां | बाजारों में महिलाओं ने की चुनरी व अन्य सामानों की खरीदारी

## नवरात्र आज से, सजेगा माता का दरबार

संवाददाता, कांठ/ ठाकुरद्वारा/ बिलारी

**अमृत विचार:** गुरुवार से प्रारंभ हो रहे पवित्र शारदीय नवरात्रों से पहले श्रद्धालु देवी को अपने-अपने घर विराजमान करने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आज से घर-घर माता का दरबार सजाए जाने के लिए पूजा सामग्री की भी खरीदारी की जा रही है।

इधर नवरात्रों के मध्य नगर के बाजार में पूजा सामग्री और देवी मूर्तियों की दुकान दुल्हन की तरह सजी हुई हैं। रजत बिश्नोई, राजीव कुमार, संजय कुमार, सचिन कुमार, गिरीश चंद्र बिश्नोई, मोहित आदि दुकानदारों का कहना है कि शारदीय नवरात्रों में पूजा सामग्री की बिक्री ठीक है। वहीं दूसरी ओर देवी मंदिरों पर भी साफ सफाई और रंगाई पुताई का कार्य किया गया। नगर पंचायत कांठ की अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी ने नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को नगर को स्वच्छ रखने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं बिलारी में पुराने ओरिएंटल बैंक रोड, नई सड़क, सर्राफा बाजार, होली चौक, रैली चौक आदि में महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। साथ ही मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर, झंडा चौक स्थित शिव मंदिर, पौडा खेड़ा मंदिर के अलावा देहात क्षेत्र के मंदिरों में भी विशेष साफ सफाई और सजावट की गई। वहीं ठाकुरद्वारा में भी दुकानदारों ने सभी नौ देवियों की अलग-अलग सामग्रियां एकत्र कर अपने प्रतिष्ठानों को सजा दिया है। मंगलवार को नगर में श्रद्धालुओं ने सामान की जमकर खरीदारी की।


ठाकुरद्वारा में बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० मुरादाबाद**

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (चतुर्थ आमंत्रण)

पत्रांक :– 2495/ई–निविदा /2024–25 दिनांक :–24.09.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा ए0/बी0/सी0/डी0 क0सं0–1 लिए (भवन श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | आयुक्त आवास मुरादाबाद में सामान्य अनुरक्षण / मरम्मत आदि का कार्य। | 4.23 | 0.43 | 2 माह | 300+500+54 =854 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.10.2024 से 10.10.2024 है जो कि दिनांक 10.10.2024 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 10.10.2024 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा के नियम/शर्ते और विवरण वेबसाइट http://etender.upp.nic पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं0 – 879 (1)/23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650/ 4एन–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP-220177, DATE-01-10-2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद (महामहिम राज्यपाल की ओर से)

# शुभ नवरात्रि

# जय माँ प्रथम शैलपुत्री



## आरती

शैलपुत्री मां बैल असवार।
करें देवता जय जयकार।।
शिव शंकर की प्रिय भवानी।
तेरी महिमा किसी ने ना जानी।।
पार्वती तू उमा कहलावे।
जो तुझे सिमरे सो सुख पावे।।
ऋद्धि-सिद्धि परवान करे तू।
दया करे धनवान करे तू।।
सोमवार को शिव संग प्यारी।
आरती तेरी जिसने उतारी।।
उसकी सगरी आस पुजा दो।
सगरे दुख तकलीफ मिला दो।।
घी का सुंदर दीप जला के।
गोला गरी का भोग लगा के।।
श्रद्धा भाव से मंत्र गाएं।
प्रेम सहित फिर शीश झुकाएं।।
जय गिरिराज किशोरी अंबे।
शिव मुख चंद्र चकोरी अंबे।।
मनोकामना पूर्ण कर दो।
भक्त सदा सुख संपत्ति भर दो।।






## एक नजर

### पुरानी तहसील में युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र के युवाओं ने पुरानी तहसील परिसर में सफाई अभियान चलाया। इसमें रोहित कुमार, नारवीर यादव, संजीव ने हिस्सा लिया। इन सभी ने शांति भूषण पांडे के नेतृत्व में कार्य किया। स्वच्छता अभियान नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी माहे आलम के निर्देशन में हुआ।

### एमआरएम स्कूल में मनाई गांधी जयंती

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के एमआरएम इंग्लिश मीडियम नेशनल पब्लिक स्कूल में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। शिक्षकों ने दोनों के चित्र पर माल्यार्पण किया। स्कूली बच्चों को उनके बताए मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक रिहाना, प्रधानाचार्य दीपिका कटारिया, मोहम्मद रफी, अनीस अहमद, अमन कुमार, गौरव कुमार, गुलफिजा, रहनुमा, हुस्नआरा, निशा, नाजमा आदि मौजूद रहे।

### पराली जलाने से किसानों को रोकेंगे ग्राम प्रधान

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने गांधी जयंती पर आयोजित स्वच्छ भारत दिवस समारोह में अच्छा कार्य करने वाले प्रधानों, सचिवों, पंचायत सहायकों और सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां ने कहा है कि कार्यक्रम में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह का एक एक शब्द प्रधानों के दिलों में उतरा है। प्रधानों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रधान अब पहले से अधिक मेहनत, लगन और ईमानदारी से अपने दायित्व निभाएंगे। पराली जलाने की घटनाएं रोकेंगे और गांवों के विकास में भेदभाव नहीं करेंगे।

### कचहरी परिसर में की गई साफ-सफाई

**रामपुर, अमृत विचार :** दीवानी न्यायालय परिसर, कचहरी में जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश अजय कुमार त्रिपाठी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायाधीश राजीव कमल पांडे, अपर जिला जज, कुलदीप सिंह, स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट शाजिया नजर जैदी, अधिवक्ता बार एसोसिएशन व कर्मचारियों ने कचहरी परिसर में सफाई की। कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। यहां नवाब खां, मोनी खान, सुरेंद्र सिंह, फैसल आदि रहे।


गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित करतीं पूर्व सांसद बेगम नूरबानो व अन्य।


गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन करते शहर विधायक, साथ में अन्य।


दढ़ियाल में विजेता बच्चे को ट्रॉफी देते प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा।


पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी।

# रामपुर में बापू की अस्थियां दफन, यह गर्व की बात

## जिलेभर में मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, किया याद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले भर में बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्कूल-कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। गांधी समाधि पर ध्वजारोहण करने के बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा, यहां के लिए गर्व की बात है कि राजघाट के बाद बापू की अस्थियां रामपुर में दफन हैं। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने लोगों को शपथ ग्रहण कराई।

बुधवार सुबह 6:30 बजे गांधी समाधि से सद्भावना दौड़ शुरू हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं के स्कूलों से निकाली गईं प्रभात फेरियां गांधी समाधि पर पहुंचने लगीं। यहां सुबह 8:30 बजे शहर विधायक ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ और रामधुन गाई गई। इससे पहले शहर विधायक और जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधायक ने सद्भावना दौड़ के विजेताओं को सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाइ। गांधी समाधि पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन तृप्ति माहौर ने किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, पालिकाध्यक्ष पति मामून शाह खां, अवतार सिंह समेत स्कूल बच्चे मौजूद रहे। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

उधर, लॉर्ड बुद्धा सिटी इंटरनेशनल स्कूल न्यू कपिलवस्तु मिलक में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांधी समाधि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। स्कूली बच्चों और लोगों को मिठाई बांटी। उधर, स्वार तहसील की स्वयंसेवी संस्था एमजेए फाउंडेशन की ओर से ग्राम लालूनगला स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी का वितरण किया गया। संस्था के डायरेक्टर मोहम्मद फैजान ने बताया कि हमारी संस्था काफी लंबे समय से विभिन्न विद्यालयों में जाकर राष्ट्रीय पर्व पर मदद करने पहुंच जाती है।

उधर, पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई, चंद्र शेखर आजाद, गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री, मदर टेरेसा महापुरुषों की वेशभूषा धारण करके उनके बारे में जानकारी भी दी। सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक ने ध्वजारोहण किया। बच्चे महापुरुषों की वेशभूषा में सजे नजर आए। प्राथमिक विद्यालय मुल्लखेड़ा में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारत के राज्यों को प्रदर्शित करते हुए नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 3 के बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर अच्छा संदेश देते हुए नृत्य प्रस्तुत किया। उधर, ब्लॉक सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने श्रद्धांजलि दी। कक्षा 5 की शाकिरा ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। स्वच्छता पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। कला प्रतियोगिता भी हुई।


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ ग्रहण कराते जिलाधिकारी।

### महात्मा गांधी के विचारों की प्रासंगिकता आज भी : श्रीष

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सावित्रीबाई फुले सांस्कृतिक क्लब की ओर से महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ. सुनीता जायसवाल ने ध्वजारोहण कर किया। महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उधर, ग्रीनवुड स्कूल में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती पर डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने पुष्प अर्पित किए। बच्चों ने नाटकों के जरिये महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। उधर, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भगवान देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में मुख्य अतिथि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन परिचय से सब पूर्ण परिचित हैं। गांधी जी के जीवन से अहिंसा, शांति, सादगी, सच्चाई, स्वच्छता, न्यायप्रियता अपनाने की आवश्यकता है। कॉलेज के चेयरमैन, पूर्व मुख्य विकास अधिकारी रामरक्ष पाल यादव ने भी महात्मा गांधी के आदर्शों से रूबरू कराया।

### पूर्व सांसद ने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए

**रामपुर, अमृत विचार :** गांधी जयंती पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके ससुर अंतिम शासक नवाब रजा अली खां महात्मा गांधी की अस्थियां रामपुर लाए थे और गांधी समाधि स्थापित की थी। यह गर्व की बात है। इस मौके पर वासिक अली, नजाकत अली, नूर हसन, प्रेमपाल, इरफान अली, शकील, सतनाम सिंह आदि रहे।

### महापुरुषों के जीवन से मिलती है शालीनता : विवेक

**रामपुर, अमृत विचार :** दीक्षित ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में बुधवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम हुए। प्रबंधक विकास दीक्षित, प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित व प्राचार्य डॉ. आर के अवस्थी ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। प्रबंधक ने महात्मा गांधी और शास्त्री के बताए मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। प्रबंध निदेशक ने कहा कि इन महापुरुषों के जीवन से हमें शालीनता, सरलता, उदारता एवं सहजता की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान डॉ. खेमेन्द्र शर्मा, विजय सिंह व महाविद्यालय के प्रवक्ता मौजूद रहे।

### लिखित प्रतियोगिता में जमाल प्रथम

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** गांधी जयंती पर नगर के एमआरएस मॉडर्न पब्लिक एकेडमी में एक लिखित परीक्षा हुई। इससे पहले महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर फूल चढ़ाए। के प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा ने बच्चों को महात्मा गांधी के जीवन के बारे में जानकारी दी। लिखित परीक्षा में मोहम्मद जमाल प्रथम को प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। दूसरी ओर नगर के गांधी इंटर कॉलेज, ग्लोबल इंटर कॉलेज, ग्लोबल पीजी कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, जनता पीजी कॉलेज, आईटीआई, रुक्मणी बालिका इंटर कॉलेज, राधा कृष्ण इंटर कॉलेज, आरपीएस विद्यालय में भी गांधी जयंती मनाई गई। उधर, प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने ध्वजारोहण किया। कक्षा एक दो के बच्चों ने देशभक्ति कविताएं सुनाईं। गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। खेल प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।


दीक्षित कॉलेज में गांधी जयंती मनाते शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार


महापुरुषों की वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों के साथ मौजूद शिक्षिकाएं।


छात्रों को संबोधित करते प्रधानाचार्य एनके तिवारी। ● अमृत विचार


स्वार में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।

### भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

**स्वार, अमृत विचार :** भाजपाई मुख्य बाजार स्थित हिंदू समाज कल्याण धर्मशाला में एकत्र हुए। यहां महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कोतवाली में कोतवाल संदीप त्यागी समेत पुलिसकर्मियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# इजरायल में काम कर रहे लोगों के परिजन चिंतित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** युद्ध के बीच इजरायल में मजदूरी करने गए जिले के लोगों के परिजन चिंतित होने लगे हैं। परिजन उनसे फोन पर जानकारी ले रहे हैं। हालांकि इजरायल में काम कर रहे लोग परिजनों को सुरक्षित होने का आश्वासन दे रहे हैं।

रामपुर से कई लोग काम करने के लिए चार पांच माह पहले ही इजरायल गए हैं। अब इजरायल पर ईरान के हमले से युद्ध तेज होने का खतरा बढ़ गया है। इस बीच इजरायल में काम कर रहे जिले के लोगों के परिजन हालात की जानकारी ले रहे हैं।

बुधवार सुबह इजरायल में काम कर रहे लोगों के परिजनों ने कॉल करके उनका हाल जाना। उन्होंने परिजनों को बताया कि ईरान की ओर से हमला हुआ था। लेकिन वे लोग सुरक्षित हैं, जहां वे रह रहे हैं, वहां कोई खतरा नहीं है।


मंगलवार को ईरान द्वारा इजरायल पर हमले की जानकारी मिली थी। इसके बाद कुछ देर के लिए लोग सहम गए थे, हालांकि कुछ देर बाद हालात सामान्य हो गए। परिजनों का फोन आया था। उनको खैरियत बताई है।
**- सेनकी, निवासी गांव परतापुर हरदासपुर**


मैं इजरायल एयरपोर्ट पर जॉब करता हूं, बहुत अच्छी सैलरी मिलती है। इजरायल बहुत पॉवरफुल है। मैं गर्व करता हूं कि इजरायल में हूं। चार माह पहले ही इजरायल में नौकरी करने गए थे। मंगलवार को हमले की जानकारी मिली थी। सब कुछ ठीक है।
**- चंद्रमुकेश, गांल कलरख, पटवाई**


चार माह पहले ही इजरायल में नौकरी करने के लिए आया हूं। मंगलवार को ईरान द्वारा हमले की जानकारी मिली थी। हालांकि सब कुछ ठीक है। सुबह परिजनों का फोन आया था। उनको तसल्ली दी गई है। यहां भवन बनाने का काम करता हूं।
**-ताराचंद्र, गांव हरियाल**


काफी समय से इजरायल में भवन बनाने का काम करता हूं। ईरान द्वारा हमला करने की जानकारी हुई थी। परिजनों को बता दिया है कि घबराने की कोई बात नहीं है। फिर भी परिवार को चिंता तो हो रही है।
**- चंद्रपाल, कलरख**

# स्वतंत्रता का मतलब था आवाज व महजब की आजादी : एमजे अकबर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रजा लाइब्रेरी में बुधवार शाम पूर्व विदेश राज्यमंत्री एमजे अकबर ने कहा कि गांधी जी ने हमें खौफ और भय से आजाद कराया। गांधी जी के अनुसार, आजादी का मतलब आवाज और महजब की आजादी था। उनके विचारों से ही आज का हमारा प्रजातंत्र दुनिया में सबसे मजबूत है।

रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में 7 अक्टूबर को 250 वर्ष पूर्ण हाने पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों के श्रृंखला के क्रम में गांधी जयंती पर वसुधैव समन्वयक महात्मा गांधी विषय पर विचार गोष्ठी व भजन संध्या हुई। इससे पहले अतिथियों ने दोहपर 2:30 बजे गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए। रजा लाइब्रेरी में हुई विचार गोष्ठी में एमजे अकबर, संयुक्त निदेशक प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय नई दिल्ली इतिहासकार डॉ. रविकांत मिश्र, डॉ. विकास पाठक, साहित्यकार ज्योतिष जोशी ने विचार रखे। डॉ. ज्योतिष जोशी ने कहा कि गांधी जी के अनुसार, सत्य ही ईश्वर है, सत्य ही प्रेम है, सत्य ही परमात्मा है, सत्य ही वह अनुष्ठान है, जिसके लिए हम जीने का संकल्प लेते हैं। डॉ. रविकांत मिश्र ने कहा कि भारत से ही नहीं, बल्कि दुनियां भर से आधुनिक जगत में जो सबसे बड़े व्यक्तित्व थे। डॉ. विकास पाठक ने कहा कि गांधी जी के अनुसार, अंग्रेजी कानून समाज में संघर्षों को बढ़ावा देता था। रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि लोकरचना कभी संघर्ष से नहीं होती, समन्वय से होती है। समन्वय का मार्ग गांधी का मार्ग है। वसुधैव समन्वय का वही भाव है जो वसुधैव कुटुम्बुकम का है।


फीता काटकर कार्यक्रम का आगाज करते एमजे अकबर, साथ में अन्य।

## सार संक्षेप

### गांधी जी के जीवन से सीखनी चाहिए जीने की कला

**मसवासी/टांडा, अमृत विचार :** सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रकाश दीक्षित, डॉ. योगेश चंद्र परगाई ने कहा कि गांधी जी की तरह आदर्श जीवन जीने की कला सीखनी चाहिए। उधर, टांडा क्षेत्र में भी महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। पालिका कार्यालय पर अध्यक्ष साहिबा सरफराज व अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने ध्वजारोहण किया। सभासद एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। यहां हाजी सरफराज आलम, एम सगीर, नेता तस्लीम, अफसर अली आदि मौजूद रहे।

### गांधी जयंती पर जगह-जगह हुआ ध्वजारोपण

**शाहबाद, अमृत विचार :** महात्मा गांधी जयंती पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। पौधे भी रोपे गए। तहसील परिसर में एसडीएम अनुराग सिंह, तहसीलदार शिव कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण किया। राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बापू और शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रधानाचार्य एसके वर्मा ने शिक्षकों के साथ पौधरोपण किया। डॉ. संजीव कुमार मौजूद रहे। गोरक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मनोज कुमार ने कार्यालय पर गांधी जयंती मनाई। सुरेंद्र यादव, अजय यादव, योगेन्द्र सिरोही आदि रहे। रत्न ग्राम्य विकास समिति की ओर से संचालित आरआरएस नशा मुक्ति केंद्र पर ध्वजारोहण के बाद नशा उन्मूलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। निदेशक पुष्पेंद्र यादव, चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद सालिम, मनोज कुमार, सुनील कुमार आदि रहे।

### समिति के सदस्यों ने जेल में बंदियों को बांटे फल

**रामपुर, अमृत विचार :** उप्र अपराध निरोधक समिति एवं वीर खालसा सेवा समिति की ओर से जेल में बंद महिला बंदियों, उनके बच्चों एवं पुरुष बंदियों, कारागार चिकित्सालय में भर्ती बंदियों को फल, चॉकलेट बांटी। प्रान्तीय सचिव डॉ. जीके पाठक, सदस्य केन्द्रीय कार्यकारिणी डॉ. अशोक कुमार सिंह, प्रान्तीय सचिव, जिला सचिव गजाली खां, समाजसेवी नसीम मलिक मोहम्मद गुलाब खां उपस्थित रहे। वीर खालसा सेवा समिति की ओर से अवतार सिंह ने फल वितरित किए। जेल अधीक्षक प्रशान्त मौर्य, जेलर कुश कुमार सिंह ने सभी का आभार जताया। उधर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने कार्यालय में स्टाफ को शपथ ग्रहण कराई। उधर, गांव ककरौआ में आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य उप केन्द्र पर महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।


फल बांटते समिति के सदस्य।

### बेनजीर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत अभियान के तहत बुधवार को बेनजीर स्थित कृष्णा कबीर जूनियर हाईस्कूल में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। जिसमें सफाई अभियान स्कूल से लेकर बेनजीर चौराहे तक चला। इसके अलावा नगर पालिका की नहर को भी स्वच्छ किया गया। इस मौके पर प्रबंधक अजीमुद्दीन खान, सुहेल खान, प्रधानाचार्य अजय दिवाकर, तेजपाल सिंह, चंचल, कमल आदि उपस्थित रहे।


सफाई अभियान के दौरान शिक्षक व छात्र।

**आयोजन** गांधी जयंती पर निकाली गई रैली, सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया

# मार्शल आर्ट, लेजियम, स्केटिंग का किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल की ओर से गांधी जयंती पर महात्मा गांधी के आदर्शों व देश की सांस्कृतिक विरासत को लेकर रैली निकाली गई। इसमें बच्चों ने कई राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया।

व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बुधवार दोपहर 2:30 बजे रैली निकाली। यह रैली राहे मुर्तजा पर राम रहीम पुल से प्रारंभ होकर, शाहबाद गेट, स्टार चौराहा के रास्ते होते हुए गांधी समाधि पर शाम को समाप्त हुई। इसमें भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दर्शाया गया। प्रारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. बसंत गुप्ता एवं हिंद एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष प्रदीप नंदा, विद्यालय की हेड काउंसलर डॉ. श्रेया गुप्ता ने तिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया। हेड गर्ल रेशम अरोड़ा एवं हेड ब्वॉय दक्ष सक्सेना, चारों हाउस के कप्तान ने विद्यालय के फ्लैग के साथ मार्च पास्ट किया। गांधी जी के दांडी मार्च का प्रदर्शन कक्षा 4 के बच्चों ने किया। मार्शल आर्ट, लेजियम, स्केटिंग, व्हाइट हॉल के कमांडों ने अपना प्रदर्शन किया। छात्र युवराज, हमजा, हम्माद, माहेब, अलकाफ, मन्नत के प्रदर्शन की प्रशंसा हुई। विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक इमारतों जैसे हवा महल, जयपुर (राजस्थान), गोल्डन टेंपल अमृतसर (पंजाब), ताज महल आगरा, (उत्तर प्रदेश), मॉनेस्ट्री, तवांग (अरुणाचल प्रदेश), मीनाक्षी टेंपल, मदुरई, (तमिलनाडु ), सी कैथेड्रल चर्च (गोवा) को दर्शाती हुई सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं। विद्यालय के शिक्षक रामबाबू, अंशु पाठक, ज्योति गिरोटी, अजीत सिंह और बजमी जहरा ने अहम भूमिका निभाई। इस दौरान विधायक आकाश सक्सेना भी मौजूद रहे।


असम की संस्कृति को प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।


सद्भावना दौड़ के विजेताओं के साथ मौजूद शहर विधायक। ● अमृत विचार

# आयुषी और दीपक रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गांधी जयंती पर जिला खेल कार्यालय की ओर से 15 किलोमीटर ओपन पुरुष व 13 किलोमीटर ओपन महिला वर्ग की सद्भावना दौड़ सुबह 6:30 बजे से गांधी समाधि से शुरू कराई गई। इसमें आयुषी और दीपक प्रथम रहे।

सद्भावना दौड़ का आरंभ प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी वरुण राठी ने किया। इसमें दयावती अकेडमी, सेंटमैरी स्कूल, सेंटपॉल स्कूल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज समेत अन्य संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में दीपक प्रथम, कपिल द्वितीय रहे। महिला वर्ग में आयुषी प्रथम, हादिया नूर द्वितीय रहीं। विधायक आकाश सक्सेना व जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान आरएस रावत ओलम्पियन, जावेद, रमेश गंगवार, डॉ. अनूप रहे।

## एक नजर

### दुकान से 50 हजार का सामान चोरी, तहरीर दी

**सैदनगर, अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित टायर पंचर की दुकान से देर रात चोरों ने 50,000 का सामान चोरी कर लिया। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद चौराहे का है। स्वार रोड स्थित गांव निवासी मनसूब अली की टायर पंचर की दुकान है। देर रात चोर पीछे से नकब लगाकर दुकान में आ गए। चोरों ने दुकान में रखे टायर, ट्यूब, रिंग व अन्य सामान चुरा लिया। सुबह ग्रामीणों ने दुकान में नकब लगा देखा तो दुकान मालिक को सूचना दी। मालिक ने दुकान में देखा तो सामान गायब था। सूचना के बाद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची।

### रास्ते से गाड़ियां हटाने को लेकर विवाद, शिकायत

**मसवासी, अमृत विचार :** रास्ते में गाड़ी खड़ी करने से मार्ग तंग हो गया। आरोप है कि मोहल्ले वालों ने गाड़ी हटाने को कहा तो मालिक गाली-गलौज की। लोगों ने गाड़ी मालिक के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। नगर के वार्ड संख्या-6 में चंद्रा निवास के पीछे कुछ लोगों ने रास्ते में गाड़ियां खड़ी की हैं। आरोप है कि जब मोहल्ले के लोगों ने मालिकों से गाड़ी हटाने को कहा तो वे गाली-गलौज कर मारपीट पर आमादा हो गए। मोहल्ले के लोगों ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर गाड़ियां हटवाकर मार्ग अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। पत्र पर जलील अहमद, शब्बीर अहमद, मोहम्मद नबी, छिद्दू व मोनिस ने हस्ताक्षर हैं।

### पुलिस टीम ने वापस कराए 50 हजार रुपये

**शाहबाद, अमृत विचार :** 50 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन के बाद शिक्षक के होश उड़ गए। उन्होंने इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराई। पुलिस उन्हें रकम वापस करा दी है। नगर के मोहल्ला एसडीएम कॉलोनी निवासी हुकुम सिंह शिक्षक हैं। 10 जुलाई को वह किसी को 50 हजार रुपये यूपीआई के जरिए ट्रांसफर कर रहे थे, लेकिन भूलवश अनजान व्यक्ति के नंबर पर रुपये ट्रांसफर हो गए। उन्होंने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि शिक्षक की शिकायत के बाद साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा के निर्देशन में टीम बनाई गई। तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए रुपये शिक्षक को वापस करा दिए हैं।

भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण वर्ष पर हुई सद्भावना दौड़, 100 बच्चों ने किया प्रतिभाग

# दौड़ में नेकपाल और आदिबा ने मारी बाजी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण वर्ष पर विश्व शांति एवं सुख समृद्धि के लिए जैन मिलन की ओर से सद्भावना मैराथन दौड़ कराई गई। इसके पुरुष वर्ग में नेकपाल और महिला वर्ग में आदिबा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी।

बुधवार को सद्भावना दौड़ में जैन इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज खरी कुआं एवं अन्य विभिन्न स्कूलों के 100 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक छात्र को टी-शर्ट दी गई। दौड़ का प्रारंभ जैन मिलन के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने फीता काटकर किया।



फीता काटकर सद्भावना दौड़ आरंभ करते सुनील कुमार जैन।

सिविल लाइंस स्थित भगवान आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से सुबह 8 बजे जैन मिलन परिवार के वरिष्ठ सदस्य सुनील कुमार जैन, रमेश जैन सेठी, दिनेश जैन सेठी, सर्वेश जैन, भारत भूषण जैन ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। दौड़ भगवान आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर निकट शिवी पैलेस से प्रारंभ होकर शौकत अली रोड, शाहबाद गेट, नगर पालिका, हामिद स्कूल, सिटी कोतवाली होते हुए फूटा महल स्थित भगवान पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर तक कराई गई।

इस दौरान मनोज जैन, रजत राज जैन, राहुल जैन, अनुराग जैन, पारुल जैन, नेहा जैन, सुमन जैन ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग की दौड़ में नेकपाल प्रथम, राहुल द्वतीय और बिलाल तृतीय स्थान पर रहे।

महिला वर्ग में आदिबा प्रथम, पाखी द्वितीय और उजमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में संयोजक दिनेश जैन सेठी, सह संयोजिका डॉ. शीनू जैन ने सबका आभार जताया।

### जेब्रा क्रॉसिंग पर ही पार करें सड़क : जिलाधिकारी

**रामपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूकता अभियान बुधवार से 16 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह पखवाड़ा शुरू किया गया है। लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। आंबेडकर पार्क से जिलाधिकारी ने यातायात जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करें। वाहन चलाते समय नशा न करें, वाहन चलाते समय हेल्मेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करें, तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। जेब्रा क्रॉसिंग से ही रोड क्रॉस करनी चाहिए।

# हादसों में बालक समेत 3 लोगों की मौत, 5 घायल

## मिलक, सैफनी और स्वार में हुईं दुर्घटनाएं, पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया

**संवाददाता, मिलक/सैफनी/स्वार**

**अमृत विचार:** मिलक, सैफनी और स्वार में हुए तीन हादसों में बालक समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि इन हादसों में महिला समेत 5 लोग घायल हुए हैं।

मिलक क्षेत्र के लोहा गांव निवासी याकूब का 10 वर्षीय पुत्र रहमान पड़ोसी यहां बुधवार सुबह 6 बजे दूध लेने गया था। घर लौटते समय सामने से कार ने सड़क पर खड़ी अन्य कार को टक्कर मारी, फिर कार ने डिवाइडर से टकराकर रहमान को रौंद दिया। इससे रहमान की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीण ने कार चालक को पकड़ लिया और इस दौरान हंगामा हुआ। बाद में पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों कारों को भी कोतवाली ले आई। रहमान दो भाई थे। वह गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा 4 का छात्र था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने उसे दफन कर दिया। उधर, सैफनी नगर में बुधवार को बाइक टेंपो से टकराई गई। इससे टेंपो में सवार युवक की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस दोनों वाहनों को थाने ले आई। मुरादाबाद में बिलारी थाना क्षेत्र के पीपली चक गांव निवासी आशु पुत्र राजवीर बुधवार दोपहर टेंपो में सवार होकर सैफनी आ रहा था। जैसे ही टेंपो नगर में शाहबाद-बिलारी रोड पर पुरानी कर्बला के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। इससे टेंपो में सवार आशु (19) टेंपो के नीचे आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे में नगर के पुरानी कर्बला मोहल्ला निवासी बाइक सवार माजिद व आबिद, हरथला (मुरादाबाद) की फरजाना व साबरी घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल व घायलों को भी उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।



रहमान की मौत के बाद गमजदा परिवार की महिलाएं।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व अन्य।

### दो लोगों ने खंदक में कूदकर बचाई जान

हादसे के दौरान रहमान के पीछे दो और ग्रामीण पैदल आ रहे थे। रहमान को टक्कर मारने के बाद जब उन्होंने कार को अपनी ओर आता देखा तो दोनों सड़क किनारे खंदक में कूद गए। कार उनके पास से गुजरकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। यदि दोनों व्यक्ति खंदक में नहीं कूदते तो उनकी भी जान जा सकती थी।

### गड्ढे में गिरी कार, युवक की मौत, साथी जख्मी

**स्वार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पसवाड़ा आर्सल पार्सल निवासी कुलदीप सिंह (27) व गुरवंत सिंह रंधावा उर्फ गोपी (25) निवासी गांव नूरपुर स्वार रामपुर मंगलवार देर 1 बजे कार से रूद्रपुर की ओर जा रहे थे। तभी इनकी कार डिवाईडर पर चढ़ने के बाद गड्ढे में गिर गई। हादसे की सूचना केलाखेड़ा पुलिस को मिली तो केलाखेड़ा एसओ अशोक कुमार टीम के साथ मौके पर पहंचे और उन्होंने दोनों घायलों को अपने वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने कुलदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया। गुरवंत को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर भेज दिया। एसओ अशोक कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



ग्राम प्रधानों को सम्मानित करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

# टीबी मुक्त गांवों के 9 ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने प्रधानों को भविष्य में ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के मानक के स्तर को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी (क्षय) रोग से मुक्त किया जाए।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने सम्मानित किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में 2 ब्लॉक की 9 ग्राम पंचायतें वर्ष 2023 में टीबी मुक्त घोषित की गई थीं। गांधी जयंती पर 9 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश, एसीएमओ डॉ. सत्य मूर्ति तोमर और अखलाक आदि उपस्थित रहे।

### पति को छोड़ बच्ची लेकर प्रेमी के घर पहुंची महिला

**मसवासी (रामपुर), अमृत विचार:** प्रेम-प्रसंग के चलते महिला अपने पति को छोड़कर अपनी बच्ची के साथ प्रेमी के घर पहुंच गई। मामले की जानकारी हुई तो नगर में हंगामा हो गया। महिला के पति ने ससुराल वालों को बुलाया।


बताया गया कि तीन वर्ष पूर्व नगर निवासी युवक का विवाह मुरादाबाद क्षेत्र की युवती से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही महिला का नगर के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों के बीच फोन पर बात होने लगी। पति की गैर मौजूदगी में प्रेमी युवक महिला से मिलने के लिए जाने लगा। अब महिला अपनी डेढ़ साल की बच्ची को लेकर प्रेमी के घर पहुंच गई और उसके साथ रहने की जिद पर अड़ गई। पति व ससुराल वालों को मामले की जानकारी हुई तो हंगामा हो गया। बातचीत के बाद महिला को ससुराल वाले घर वापस ले आए, लेकिन वह प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। पीड़ित पति ने महिला के परिजनों को जानकारी देकर बुलाया

# गुरु से आज्ञा ले भगवान राम ने तोड़ा धनुष

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** मिथिलापुर में राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह के लिए स्वयंवर रचाया। स्वयंवर में देश विदेश के राजा बुलाए गए। लेकिन, कोई भी राजा धनुष तोड़ने की बात तो दूर उसे हिला तक न पाया। इस पर मिथिला नरेश निराश हो गए। उन्होंने कहा कि लगता है कि पृथ्वी वीरों से खाली है। मिथिला नरेश के यह बोल सुनकर भगवान श्रीराम से रहा न गया। उन्होंने गुरु की आज्ञा पाकर धनुष भंजन कर दिया। धनुष टूटते ही मिथिला नगर में खुशियां मनाई जाने लगीं। जानकी ने श्रीराम के गले में जयमाल डाल दी। देवताओं ने पुष्प वर्षा की। आधी रात तक हुए मनमोहक मंचन का दर्शक आनंद लेते रहे।

कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर डॉ. अनिल कुमार, शरद गुप्ता और सुभाष चन्द्र शर्मा ने रामलीला मंचन का उद्घाटन किया। कमेटी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मथुरा के कलाकारों ने मां गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, रावण-वाणासुर सम्वाद, जनक जी द्वारा धनुष प्राप्ति, धनुष भंजन का मंचन किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, गौरव जैन, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल, डॉ. सौरभ गुप्ता, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा सिविल लाइन और ज्वालानगर में चल रही रामलीला में कलाकारों ने मंचन किया।



राम और सीता के विवाद का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

● मथुरा के कलाकारों ने मां गौरी पूजन, धनुष यज्ञ का किया मंचन

त्योहार

भक्तों ने की खरीदारी, मंदिरों में होगी मां शैलपुत्री की आराधना

# नवरात्र आज से शुरू, सजे बाजार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र गुरुवार से शुरू जाएंगे। इसे लेकर श्रद्धालुओं ने तैयारी कर ली है। बाजार सज गए हैं। बुधवार दोपहर बाद भक्त खरीदारी में जुट गए। मंदिरों को भी सजाया जा रहा है। बाजारों में माता रानी की मूर्ति के साथ नारियल, चुनरी, व्रत में प्रयोग होने वाली सामग्री की बिक्री हो रही है। भक्त शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करेंगे। इसके बाद पूजा अर्चना होगी।

माता की चुनरी से लेकर उनके श्रृंगार का सामान दुकानों पर बिक रहा है। बाजारों में खरीदारी करने के लिए महिला और पुरुषों की भीड़ रही। भक्तों ने पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री खरीदी।



बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं।

बुधवार दोपहर बाद से ही शहर के मिस्टनगंज, राजद्वारा, पुराना गंज, गुरुद्वारा रोड, रेलवे मार्ग, सिविल लाइंस, ज्वालानगर समेत बाजारों में चहल पहल रही। पंडित संदीप कौशिक बताते हैं कि गुरुवार को पूरे दिन किसी समय भी भक्त कलश स्थापना करके पूजा अर्चना कर सकते हैं। मान्यता है कि अगर भक्त संकल्प लेकर नवरात्रि में अखंड ज्योति प्रज्वलित करें और उसे पूरी भावना और मन से जलाए रखें तो देवी प्रसन्न होती हैं और मनोकामना पूर्ण करती हैं। नवरात्रि के पहले दिन देवी दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री की आराधना से सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। देवी को सफेद वस्तुएं अत्यंत प्रिय हैं। शारदीय नवरात्रि में उन्हें सफेद मिठाई का भोग अर्पित करना चाहिए।

### प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी युवती

**मसवासी, अमृत विचार :** प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती प्रेमी के घर पहुंच गई। घर से युवती गायब होने पर परिजन हैरान रह गए। पुलिस ने युवती को प्रेमी के घर से बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने दोनों को स्वार कोतवाली भेजा। चौकी क्षेत्र के एक गांव में युवती का गांव के ही निवासी युवक से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेमी-प्रेमिका फोन पर बात करने लगे। मंगलवार रात युवती प्रेमी के घर पहुंच गई और प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई। घर से युवती गायब होने पर परिजनों ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर युवती की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस टीम ने गांव के अन्य लोगों से पूछताछ कर युवती को खोजने में जुट गई। पुलिस ने युवती को प्रेमी के घर से बरामद कर चौकी ले आई। युवती प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी रही। चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने प्रेमी युवक और युवती को स्वार कोतवाली भेज दिया है।



फीता काटते मसवासी नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य।

# राम बरात में झांकियों ने मन मोहा

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचार:** रामलीला मंचन में श्रीराम के धनुष तोड़ने के बाद बुधवार को श्रीराम बरात धूमधाम से निकाली गई। राम बरात में अखाड़े आर्कषण का केंद्र रहा। लोगों ने पुष्प वर्षा कर बरात का स्वागत किया।

रविवार की साप्ताहिक बाजार स्थित श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला मैदान पर मंगलवार रात रामलीला मंचन में श्री राम ने धनुष तोड़ा तो सीता ने राम को वरमाला पहनाई। यह देख दर्शकों ने मर्यादा श्रीराम के जयकारे लगाए। श्री राम सीता विवाह का मंचन देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। बुधवार को श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से श्री राम बरात निकाली गई। श्रीराम बरात का आरंभ मसवासी के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने फीता काटकर किया। श्री राम बरात में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न आदि की झांकियां शामिल रहीं। राम बरात रामलीला मैदान से शुरू होकर रामपुर मार्ग, मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, वाल्मीकि बस्ती, बड़ा शिव मंदिर होते हुए रामलीला मैदान में जाकर संपन्न हुई। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष कपिल कुमार, अजेन्द्र राठौर, यशपाल आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



प्रतियोगिता के दौरान प्रसन्न मुद्रा में महिलाएं।

### थाल सज्जा प्रतियोगिता में ऋचा बनीं विजेता

**रामपुर, अमृत विचार :** चंपा कुंवरि धर्मशाला में वैश्य समाज की ओर से डांडिया क्वीन विजेता रुचि जिंदल रहीं। रनरअप सीमा अग्रवाल रहीं। मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी रहीं। वैश्य समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता के नेतृत्व में वैश्य समाज महिला संगठन यूथ क्लब में नवरात्र, करवा चौथ, दिवाली का स्वागत डांडिया से किया। करवा चौथ थाल सज्जा प्रतियोगिता में ऋचा अग्रवाल प्रथम, निधि द्वितीय रहीं। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, सुनीता सिंह सैनी ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रीति गुप्ता, प्रीती अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, प्रियंका सारस्वत संगीता पवार, राशि अग्रवाल, रोशनी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल ने डांडिया किया। मेघा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, नेहा जिंदल, शुभी अग्रवाल, वंदना गुप्ता दीपिका अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, हिमांशी खन्ना ने गरबा और डांडिया की प्रस्तुति दी। अनुश्री अग्रवाल ने धार्मिक प्रश्नावली पूछी।



मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक

**रामपुर, अमृत विचार :** मदद एक आस फाउंडेशन ने सातवां स्थापना दिवस जिला सहकारी बैंक के सभागार में मनाया। शहर विधायक आकाश सक्सेना और जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा और जिला अध्यक्ष संचित कपूर ने कार्यक्रम का आरंभ किया। स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल के बच्चों ने प्रार्थना की प्रस्तुति की। व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक किया। इस दौरान मोहनलाल सैनी, मनुशकर अग्रवाल, सुनील शर्मा, मुकेश सिंह, नीता सक्सेना, शिवांगी चौरासिया, शालिनी रस्तोगी आदि रहे।



सीओ व पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते व्यापारी।

### व्यापारियों ने किया पुलिसकर्मियों को सम्मानित

**मसवासी, अमृत विचार :** मेडिकल स्टोर में हुई चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार करने पर व्यापार मंडल ने पुलिस सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि स्वार पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संदीप त्यागी व चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा सहित पुलिस टीम को सम्मानित किया गया। सीओ ने कहा कि व्यापारी अपना व्यापार भय मुक्त व निडर होकर करें। किसी भी समस्या के लिए पुलिस व्यापारियों व जनता के साथ है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महामंत्री विनोद पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजनंदन सागर, उपाध्यक्ष अनिल दिवाकर, सुमित यादव, राकेश मौर्य, वसीम अहमद व मंत्री सुभान अली, रवि मौर्य, लाखन मौर्य, अजीम सिद्दीकी, अनुज गुप्ता, बबलू गुप्ता, पूर्व सभासद महेश भारद्वाज, प्रेम सिंह मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### चाइनीज मांझे से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की कटी गर्दन

**रामपुर, अमृत विचार :** चाइनीज मांझे की चपेट में आने से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की गर्दन कट गई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर लकी दिवाकर स्वच्छ भारत दिवस समारोह भारत गार्डन से कार्यक्रम समाप्त करने के बाद अपने घर हरदासपुर कोटरा जा रहा थे। तभी रास्ते में विद्या मंदिर के पास चाइनीज मांझे से उनकी गर्दन कट गई। लोग उन्हें अस्पताल ले गए। उनकी गर्दन में 13 टांके लगे हैं। इस संबंध में लोगों ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को जानकारी दी है।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**मसवासी, अमृत विचार :** टांडा के स्टेडियम में बुधवार को बालक वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में सब जूनियर अंडर-14, जूनियर, सीनियर अंडर-19 की हुई। इसमें खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र, अजय प्रकाश, साधना विश्नोई, डॉ. चंदपाल सिद्धू ने आरंभ किया।

### धर्म परिवर्तन कराने के चार आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर/मिलक, अमृत विचार :** गरीब लड़के और लड़कियों को पढ़ाई का लालच देकर इसाई धर्म परिवर्तन करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया है। कुछ दिन पहले मिलक पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के एक चर्च में गरीब लड़के, लड़कियों को निशुल्क रहने, खाने व सिविल सर्विसेज की तैयारी कराने, निशुल्क शिक्षा, रोजगार दिलाने का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। पुलिस ने चर्च संचालक, प्रबंधक हिमांशु मैक्स निवासी वार्ड नंबर 9 खेतल चन्द्रखास थाना खटीमा जनपद ऊधमसिंह नगर, हाल निवासी गांव खाता चिन्तामन थाना मिलक अध्यापक आशुतोष सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। दरोगा सुनील कुमार की जांच के दौरान गौरव मैक्स पुत्र नरेश चन्द्रा निवासी वार्ड नबंर 9 खेतल चन्द्रखास थाना खटीमा, रामपाल पुत्र रामायण प्रसाद निवासी ग्राम बगुलिया खटीमा थाना झनकईया जनपद ऊधमसिंह नगर उत्तराखंड के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने आरोपी हिमांशु मैक्स, गौरव मैक्स, रामपाल, आशुतोष को धमोरा रोड ग्राम सैडोली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक तह. कांठ जिला मुरादाबाद
नितिन कुमार बनाम सचिन कुमार
राजस्व ग्राम नजराना

वाद सख्या T-202413540601240 अन्तर्गत उ0प्र0 राजस्व सहिंता सन 2006 की धारा 116 में प्रतिवादी सचिन कुमार पुत्र दलवीर निवासी ग्राम मलपुर खैय्या तह0 कांठ जिला मुरादाबाद प्रतिवाद को सूचित किया जाता है उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 04/10/2024 के दिवस शुक्रवार को 10:00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप खुला जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 25/09/2024 के दिवस को निकाली गई।

न्यायालय
उपजिलाधिकारी न्यायिक कांठ

हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक तह. कांठ जिला मुरादाबाद नितिन कुमार बनाम सचिन कुमार राजस्व ग्राम मलपुर खैय्या

वाद सख्या T-202413 540601241 अन्तर्गत उ0प्र0 राजस्व सहिंता सन 2006 की धारा 116 में प्रतिवादी सचिन कुमार पुत्र दलवीर निवासी ग्राम मलपुर खैय्या तह0 कांठ जिला मुरादाबाद प्रतिवाद को सूचित किया जाता है उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 04/10/2024 के दिवस शुक्रवार को 10:00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप खुला जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 25/09/2024 के दिवस को निकाली गई

न्यायालय
उपजिलाधिकारी न्यायिक कांठ

अमृत विचार
www.amritvichar.com

भवन्ति नम्रस्तरवः फलोद्गमैः नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्॥

वृक्षों पर फल आने से वे झुकते हैं (नम्र बनते हैं); पानी में भरे बादल आकाश में नीचे आते हैं; अच्छे लोग समृद्धि से गर्वित नहीं बनते, परोपकारियों का यह स्वभाव ही होता है।

## संपादकीय

# बढ़ीं चुनौतियां

ईरान व इजराइल के बीच छिड़े उग्र संघर्ष से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष के नए दौर के साथ बढ़ी भू-राजनीतिक चुनौतियों से सारी दुनिया में चिंता पैदा हो गई है। भारत की मुख्य चिंता संघर्ष का बढ़ना है। ईरान व इजराइल का मौजूदा संघर्ष भारत के लिए आर्थिक चुनौतियों का कारण बनेगा। भारत ने चिंता जताई है और सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पश्चिमी एशियाई देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता में शामिल है। पश्चिमी एशिया में 90 लाख भारतीय हैं। पश्चिमी एशिया के अनिवासी भारतीय प्रति वर्ष लगभग 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर घर भेजते हैं जो देश के कुल धन-प्रेषण प्रवाह में 55 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखता है। पश्चिम एशिया से आयातित तेल पर भारत की निर्भरता, मूल्य अस्थिरता और आपूर्ति व्यवधानों के प्रति उसे संवेदनशील बनाती है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। भारत का 40 प्रतिशत से अधिक तेल पश्चिम एशिया से आता है। पश्चिम एशिया में ऊर्जा संसाधनों के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं तथा आपूर्ति के लिये प्रतिस्पर्द्धा बढ़ सकती है, जिससे भारत के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार भारत को प्राप्त कुल प्रेषण का 82 प्रतिशत पश्चिम एशियाई देशों तथा यहां व्यापक रूप से संलग्न एवं सक्रिय संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूनाइटेड किंगडम से प्राप्त होता है।

गौरतलब है कि पश्चिमी एशिया वह क्षेत्र है जो सैन्यीकरण पर अत्यधिक निर्भर है और वैश्विक हथियारों के आयात में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वैश्विक ऊर्जा उपभोग के लिए निष्कर्षण संसाधनों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता होने के बावजूद, पश्चिम एशिया विभिन्न संघर्षों के कारण बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है। ऐसे में तलाशना होगा कि वे कौन-से दृष्टिकोण हैं जिनके माध्यम से पश्चिम एशियाई संघर्ष को हल किया जा सकता है? गाजा के खिलाफ इजराइल का हमला हमास को नष्ट करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के अपने घोषित मकसदों को अभी तक हासिल नहीं कर पाया है। ऐसे में फिलहाल कहना कठिन है कि पश्चिमी एशिया में कब और किन परिस्थितियों में शांति हो पाएगी। भारत हमेशा शांति की वकालत करता है और तटस्थ रुख रखता है। पश्चिमी एशिया में अशांति को लेकर भारत का जोर है कि पूरे मसले का हल संवाद और कूटनीति से ही निकाला जाए।

# परमाणुवाद: प्राचीन वैशेषिक दर्शन और आधुनिक विज्ञान



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

परमाणु की संरचना और परमाणु को बनाने वाले कणों के विषय में अब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है। अब हम द्रव्य को बनाने वाली सूक्ष्मतम इकाइयों के बारे में जानने के बहुत पास हैं। हम जानते हैं कि न्यूट्रान्स और प्रोटॉन्स भी अन्य और छोटे कणों से मिल कर बने होते हैं।

'परमाणुवाद' उस चीज का सिद्धांत है जिससे यह लगभग पूरा ब्रह्मांड बना है। ऊर्जा और द्रव्य से ही यह ब्रह्मांड बना है। परमाणुवाद की विवेचना करते समय इस विषय में प्राचीन भारतीय दर्शन और आधुनिक विज्ञान दोनों को छूना चाहता हूं। यह ऐसे विषयों पर दोनों विचारधाराओं को समझने का प्रयास है।

मनुष्यता के ज्ञान के प्रारंभ में मनुष्य का ज्ञान इस विषय में स्पष्ट नहीं था कि पदार्थ कैसे बना होता है। विभिन्न पदार्थों में क्या मूल अन्तर होता है और यदि हम किसी पदार्थ के टुकड़े करते जाएं तो क्या इसका कोई अंत होगा? क्या पदार्थ निरंतर होता है अथवा कणों के रूप में? मेरी जानकारी के अनुसार उपलब्ध साक्ष्यों और धारणाओं के आधार पर इस विषय में सबसे पहले, लगभग 2600 वर्ष पूर्व (बुद्ध और महावीर के काल में), भारतीय ऋषि कणाद ने विचार किया था।

ऋषि कणाद ने द्रव्य की रचना का 'वैशेषिक दर्शन' दिया था। बाद में अन्य लोगों ने भी उसमें योगदान दिया। इस दर्शन में द्रव्य की संरचना के बारे में विचार करते हुए ऋषि कणाद ने कहा कि द्रव्य (पदार्थ) की रचना बहुत छोटे-छोटे अविभाज्य कणों से मिल कर होती है। उन्होंने इन कणों को 'परमाणु'-परम अणु-का नाम दिया। ये परमाणु चार भिन्न प्रकार के होते हैं। उन्होंने इन विभिन्न प्रकार के परमाणुओं को विशेष नाम दिए। इसलिए इस दर्शन या सिद्धान्त को 'वैशेषिक दर्शन' कहते हैं।

मैं यहां इस सिद्धान्त की केवल बाह्य रूपरेखा बताऊंगा। वैसे पदार्थ को समझने के लिए वेदान्त, सांख्य दर्शन और मीमांसा में अलग-अलग सिद्धांत दिए गए हैं और उन सब में पर्याप्त अन्तर है। उनमें तत्वों की संख्या और उनके प्रकारों में अंतर है। लेकिन उस सब में जाना अभी उचित नहीं होगा। वैशेषिक दर्शन में चार 'भूतों' या तत्वों के तरह के परमाणु माने गए हैं - पृथ्वी परमाणु, जल परमाणु, तेज परमाणु और वायु परमाणु। पांचवां भूत आकाश है। ये पांच तत्व हैं (क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा)। इस दर्शन के अनुसार वायु परमाणुओं के परस्पर मिलने से द्वयणुक, फिर त्रसरेणु और चतुरणुक आदि की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार वायु पैदा होती है। इस वायु में जल परमाणुओं के संयोग से महान जलनिधि पैदा होती है। इस जलनिधि में पृथ्वी परमाणुओं के संयोग से महान तेजोराशि की उत्पत्ति होती है। यह इस वैशेषिक दर्शन की बहुत संक्षेप में रूपरेखा है।

यदि हम परमाणुवाद की आधुनिक धारणा के विकास क्रम को देखें तो हम पाएंगे कि कैसे लगभग 400 वर्ष ईसा पूर्व – अब से लगभग 2400 वर्ष पूर्व – में ग्रीक दार्शनिक ल्युसिपस और उसके शिष्य डैमोक्रिटस ने एटम्स शब्द – जिसका अर्थ 'काटा न जा सकने वाला' होता है – से एटम शब्द दिया था। हम पाएंगे कि कैसे इपीकुरस और लुक्रिटस ने इसको परिवर्धित किया।

यदि हम परमाणुवाद की आधुनिक धारणा के विकासक्रम को देखें तो हम पाएंगे कि कैसे लगभग 400 वर्ष ईसा पूर्व-अब से लगभग 2400 वर्ष पूर्व - में ग्रीक दार्शनिक ल्युसिपस और उसके शिष्य डैमोक्रिटस ने एटम्स शब्द-जिसका अर्थ 'काटा न जा सकने वाला' होता है–से एटम शब्द दिया था। हम पाएंगे कि कैसे इपीकुरस और लुक्रिटस ने इसको परिवर्धित किया, कैसे अन्य प्राचीन दार्शनिकों ने इसमें अपना योगदान दिया।

ज्ञान के इस क्रमिक विकास को देखने पर हम पाएंगे कि कैसे उन्नीसवीं सदी के प्रारम्भ में जॉन डाल्टन ने रासायनिक पदार्थों को एक निश्चित अनुपात में ही रासायनिक क्रियाएं करते हुए देख कर पदार्थ को छोटे-छोटे कणों द्वारा निर्मित होना बताया। कैसे 'ब्राउनियन गति' को छोटे-छोटे कणों की टक्कर से समझाया गया, कैसे उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दियों में बर्नियर, चार्ल्टन, रॉबर्ट बॉयल, नील्स बोर, एवोगैड्रो और एन्टोनी लैवॉइजियर जैसे, अनेक विधाओं के, वैज्ञानिकों ने इस सिद्धांत को विकसित करने में अपना योगदान दिया। उन्होंने क्या-क्या परीक्षण किए, कैसे-कैसे निष्कर्ष निकाले, कैसे मनुष्यता ज्ञान के पथ पर आगे बढ़ी, यह बहुत रोचक कहानी है।

अब परमाणु-अर्थात् एटम-की आधुनिक परिभाषा है- "पदार्थ का वह सबसे छोटा टुकड़ा जिसमें उस पदार्थ के गुण होते हैं, जो एक रासायनिक तत्व बनाता है, परमाणु कहलाता है।" अब पाया गया है कि परमाणु अविभाज्य नहीं है-इसके टुकड़े हो सकते हैं - लेकिन ऐसा करने पर उन टुकड़ों में उस मूल पदार्थ के गुण नहीं रहेंगे। यह कहानी भी बहुत रोचक है कि कैसे परमाणु को बनाने वाले कणों - न्यूट्रान्स, प्रोटॉन्स और इलेक्ट्रॉन्स-की खोज हुई। विज्ञान के सब विद्यार्थी इस कहानी को कक्षा 8 और 9 में पढ़ते हैं।

परमाणु की संरचना और परमाणु को बनाने वाले कणों के विषय में अब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है। अब हम द्रव्य को बनाने वाली सूक्ष्मतम इकाइयों के बारे में जानने के बहुत पास हैं। हम जानते हैं कि न्यूट्रान्स और प्रोटॉन्स भी अन्य और छोटे कणों से मिल कर बने होते हैं। हम जानते हैं कि ये मूलभूत कण-क्वार्क्स, लेप्टॉन्स, बोसॉन्स आदि-क्या होते हैं, तरंग और कण का द्वैत-या एकीकरण क्या होता है, इलेक्ट्रॉन्स की विभिन्न ऊर्जा-स्तरों की कक्षाएं क्या होती हैं और कैसे वह तरंगों के रूप में परमाणु के नाभिक के चारों ओर 'संभावना अनुपातों' में चुपड़े हुए होते हैं। हम जानते हैं कि तत्व क्या होते हैं, कितने होते हैं, उनमें क्या मूल अन्तर होता है और वह रासायनिक क्रियाएं क्यों और कैसे करते हैं। हम जानते हैं कि पदार्थ के भौतिक और रासायनिक गुण क्यों और कैसे होते हैं। हम जानते हैं कि हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्धान्त क्या होता है और 'क्वांटम मैकेनिक्स' कैसे कण-भौतिकी को संचालित करती है।

मैं जब परमाणुवाद के विषय में प्राचीन भारतीय दर्शन और आधुनिक विज्ञान की धारणाओं को देखता हूं तो मैं पाता हूं कि अपने समय के अनुसार निस्संदेह भारतीय ऋषियों ने नए विचार दिए हैं, खोजें की हैं और आगे बढ़े हैं लेकिन वह सारे विचार पूर्ण नहीं थे, गलतियों से मुक्त नहीं थे-यह मानवता का एक स्वाभाविक गुण है। यही बात आधुनिक धारणाओं के विकास के साथ में है। लेकिन मनुष्य पहले से आगे बढ़ा है, उसने धीरे-धीरे सीखा है और नया ज्ञान प्राप्त किया है। इस इतिहास का अपना महत्व है- बिना नए विचारों की शुरुआत के ज्ञान आगे नहीं बढ़ सकता है लेकिन वह शुरुआत पूर्ण नहीं होती है। संभव है कि ज्ञान के क्रमिक विकास के बारे में हमारे किसी दर्शन के कुछ, या सभी, विद्वानों की आधुनिक धारणाओं से अंतर रखती हुई या उसके विपरीत, धारणाएं हों। वह ज्ञान के क्रमिक विकास की धारणा को न मानते हुए संपूर्ण ज्ञान को सृष्टि के प्रारम्भ में ही ईश्वर द्वारा मनुष्य को दे दिया गया हुआ मानते हों। वह मनुष्य सहित सारी ही जीव-जातियों को सृष्टि के प्रारम्भ में ही ईश्वर द्वारा इसी रूप में उत्पन्न कर दिया गया मानते हों।

वैशेषिक दर्शन में इन चीजों को तत्व कहने का जो भी अर्थ रहा हो, अब हम जानते हैं कि आधुनिक परिभाषा के अनुसार पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश तत्व नहीं हैं। पृथ्वी यौगिकों का मिश्रण है, जल एक यौगिक है जिसका अणु, दो तत्वों- हाइड्रोजन के दो परमाणुओं और ऑक्सीजन के एक परमाणु-से मिल कर बना होता है, वायु भी विभिन्न तत्वों और यौगिकों के अणुओं का मिश्रण है और अग्नि कुछ तत्वों और यौगिकों के परमाणुओं और अणुओं की 'प्लाज्मा स्थिति' है।

ज्ञान अथाह है। मनुष्य कभी भी संपूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाएगा लेकिन मनुष्यता की आगे बढ़ने की ललक वह चीज है जिसने उसे गुफा-मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक पहुंचाया है और जो उसे और आगे लेकर जाएगी। इस ललक को कायम रखना और अपने इतिहास को महत्व देते हुए आगे की ओर देखना ही विकास का एक सही तरीका हो सकता है। मेरे अनुसार हम परमाणुवाद के विकास क्रम में वैशेषिक दर्शन को ऐतिहासिक महत्व अवश्य दें, हम उसको समझें भी, उससे सीखें भी, लेकिन इस विषय को आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों के अनुसार समझना और समझाना ही उचित है। निरंतर केवल पीछे की ओर ही देखना, सदैव भूतकाल में ही रहना, एक सही तरीका नहीं हो सकता है। संभव है कि कोई मेरी इस अंतिम बात से सहमत न हो और वह प्राचीन ज्ञान को ही महत्व देते हुए उसके अनुसार ही चलना चाहे। यह विभिन्न व्यक्तियों की इच्छा और उनकी विचारधाराओं की बात है।

## प्रसंगवश

# गांधी, कांग्रेस और लोकसेवक



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

आजाद के बाद कांग्रेस के भविष्य को लेकर गांधी ने अपनी प्रार्थना सभाओं में बहुत कुछ कहा है। वे कांग्रेस के लिए आशंकित, आशान्वित और ऊपरी तौर पर तटस्थ भी होते थे। गांधी ने कहा कांग्रेस पूरे भारत की पार्टी है।

28 जुलाई, 1947 को गांधी ने फिर कहा। मुसलमानों ने भले ही अपना राष्ट्र बना लिया है। लेकिन भारत हिंदू इंडिया नहीं है। कांग्रेस केवल हिंदुओं का संगठन नहीं बन सकती। हिंदुस्तान को रचने वाले मुसलमान कभी नहीं कहते वे भारतीय नहीं हैं। अपनी कमजोरियों के बावजूद हिंदू धर्म ने कभी नहीं कहा उसे बंटवारा चाहिए। कई धर्मों के मानने वालों ने मिलकर हिंदुस्तान बनाया है। वे सब भारतीय हैं।

गांधी ने 18 नवंबर 1947 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद से बातचीत में कहा मौजूदा हालत में तो कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। या फिर बहुत ऊर्जावान व्यक्ति के नेतृत्व में जिंदा रखा जाना चाहिए। यहां गांधी समग्र विचार के बाद कांग्रेस को भंग कर देने का निर्विकल्प प्रस्ताव नहीं रच रहे थे। जाहिर है वे कांग्रेस के नेतृत्व से पूरी तौर पर असंतुष्ट थे। मरने के एक पखवाड़े पहले गांधी ने 16 जनवरी को एक पत्र में लिख दिया था कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है। इसी रूप में वह कायम रहेगी। उसे राजनीतिक सत्ता मिलेगी तो वह देश की कई पार्टियों में से केवल एक पार्टी कहलाएगी।

इतिहास यह बात हैरत के साथ दर्ज करेगा कि अपनी मौत के एक दिन पहले 29 जनवरी को कांग्रेस संविधान का ड्राफ्ट लिखते जांचते गांधी ने फिर कहा था। कांग्रेस संविधान में शामिल किया जाए। कांग्रेस स्वयमेव खुद को भंग करती है। वह लोकसेवक संघ के रूप में पुनर्जीवित होकर संविधान में लिखे बिंदुओं के आधार पर देश को आगे बढ़ाने के काम के प्रति प्रतिबद्ध होती है।

हरिजन में ''फेसबुक फ्राइडे'' (निर्णायक शुक्रवार) शीर्षक से प्रकाशित अपने लेख में प्यारेलाल लिखते हैं: गांधी जी 29 तारीख को दिन भर इतने व्यस्त रहे कि अंत में थककर चूर हो गए। कांग्रेस-संविधान के मसौदे की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा: 'मेरा सिर चकरा रहा है फिर भी मुझे इसे समाप्त करना होगा।' गांधीजी ने कांग्रेस का संविधान तैयार करने का कार्य अपने हाथ में लिया था। फिर उन्होंने कहा: ''मुझे डर है कि मुझे देर तक जागना पड़ेगा।''

अगले दिन गांधीजी ने मसौदे में संशोधन करके, ''ध्यान से पढ़ने के लिए'' कहकर प्यारेलाल को दे दिया। गांधीजी ने उनसे कहा कि ''यदि विचार में कहीं अन्तर आ जाए तो उन्हें पूरा कर देना। प्यारेलाल जब मसौदे में संशोधन करके गांधीजी के पास ले गए तो उन्होंने ''आद्योपान्त पढ़ने की अपनी स्वभावगत विशेषता के अनुसार एक-एक मुद्दे को लेकर उसमें जोड़-बदल किए और पंचायतों की संख्या के हिसाब में हुई भूल को ठीक किया।''

भारतीय जनसंघ की स्थापना 1952 में हुई। 1977 में वह जनता पार्टी में विलीन हो गया। अर्थात राजनीतिक दल भंग हो गया। जनता पार्टी का संविधान उस धड़े का भी अनुशासन तंत्र हो गया। 1980 आते आते जनता पार्टी के भारतीय जनसंघ के शामिल तबकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता लेते दोहरी सदस्यता का पचड़ा खड़ा किया इससे जनता पार्टी में टूट हुई और भारतीय जनसंघ के लोगों ने निकलकर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया। उसका नया संविधान बना। पार्टी की संरचना में ढांचागत परिवर्तन होकर दूसरी पार्टी में विलीन होने पर भी इसे राजनीतिक पार्टी भारतीय जनसंघ का भंग होना नहीं कहा जा सकता क्योंकि विचारधारा तो कायम रही है। ढांचा बदलता गया।

गांधी इसी तरह कांग्रेस की विचारधारा, संविधान और कार्यक्रम जारी रखना चाहते थे। उसका केवल नाम बदलना बताया। देश में जनता के लिए उसकी केन्द्रीय भूमिका नहीं बदली। उन्होंने कहा कांग्रेस पूरे भारत की पार्टी है। यह भी कि 'यद्यपि भारत का विभाजन हो गया मगर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा प्रयुक्त साधनों से देश को आजादी मिलने के बाद कांग्रेस के अपने मौजूदा स्वरूप में अर्थात एक प्रचार माध्यम और संसदीय तंत्र के रूप में उपयोगिता समाप्त हो गई है। भारत को अपने सात लाख ग्रामों की दृष्टि से जो उसके शहरों और कस्बों से भिन्न हैं सामाजिक, नैतिक और आर्थिक आजादी हासिल करना अभी बाकी है। इस नजर से देखने पर यह साफ होगा कि गांधी और कांग्रेस के रिश्ते को समझना आसान नहीं है। गांधी का लिखा कहा एक तरह से, बल्कि सभी तरह से, एक पिता का संतान पीढ़ी के लिए लिखा संदेश या वसीयत है। वह एक पारिवारिक हलफनामा है। उसके आधार पर गांधी विरोधी विचारधारा अपने मुंह मियां मिट्ठू नहीं बने कि गांधी ने मानो कांग्रेस को खत्म कर देने का कोई ऐलान या फतवा जारी किया था।

# मणिपुर में शांति नहीं कायम हो पा रही



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच असहज संबंध कई वर्षों से कायम हैं, लेकिन हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत पिछले साल अप्रैल में हुई।

केंद्र सरकार ने मणिपुर में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के क्रियान्वयन को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। हालांकि इंफाल घाटी के अंतर्गत आने वाले 19 थाना क्षेत्रों और असम की सीमा से लगे एक क्षेत्र को इससे बाहर रखा गया है। पिछले साल मई से ही अब तक बहुसंख्यक मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा रुक-रुक कर जारी रही है, जिसमें 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 60,000 लोग विस्थापित हुए।

मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच असहज संबंध कई वर्षों से कायम हैं, लेकिन हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत पिछले साल अप्रैल में हुई जब उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की सिफारिश केंद्र सरकार से करने का आदेश दिया। मणिपुर की पहाड़ियों में रहने वाले कुकी और नागा जनजातियों के सदस्यों द्वारा फैसले के खिलाफ विरोध मार्च के बाद 3 मई को राज्य में हिंसा भड़क उठी। मैतेई निवासियों को पहाड़ी जिलों में कुकी-ज़ो और इम्फाल घाटी के क्षेत्रों में कुकी-ज़ो के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में निशाना बनाया गया।

मणिपुर पुलिस ने पिछले दिनों हुए ड्रोन हमलों को अभूतपूर्व करार दिया और कहा कि यह राज्य में संघर्ष में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। इसके अलावा पुलिस ने कहा कि संभवतः तकनीकी विशेषज्ञता और समर्थन वाले उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। हाल के हमलों के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हथियारबंद ड्रोन के स्रोत और तकनीक की पहचान करने के प्रयास कर रही हैं। एक सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने दावा किया कि ड्रोन सैन्य ग्रेड के नहीं थे और कहा कि उन्हें मणिपुर में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त भागों से इकट्ठा किया गया था। संयोग से पड़ोसी राज्य असम में पुलिस ने जून में ड्रोन बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। आरोपी मणिपुर के कांगपोकपी का रहने वाला था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हथियारबंद ड्रोन 500 मीटर से लेकर 15 किलोमीटर की दूरी से काम कर सकते हैं। उनमें हैंड ग्रेनेड और मोर्टार बम सहित विस्फोटक लोड किए जा सकते हैं और उनमें रोटर सिस्टम होता है, जिससे वे तस्वीरें भी खींच सकते हैं। पुलिस ने हथियारबंद ड्रोन की जांच और अध्ययन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति ऐसे ड्रोन की विशिष्टताओं की जांच करेगी।

हथियारबंद ड्रोन का उपयोग मणिपुर में संघर्ष में एक खतरनाक पहलू को दर्शाता है। पिछले कुछ दिनों में राज्य में हुई हिंसक घटनाएं सरकार द्वारा किए गए दावों के खोखलेपन को उजागर करती हैं। हाल के हमलों से पहले मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह द्वारा नियुक्त दूतों द्वारा सफलता मिलने की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। यह देखना अभी बाकी है कि क्या सरकार वास्तव में हिंसा को रोकने और मणिपुर में मैतेई और कुकी-ज़ो समुदायों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रभावी उपाय कर पाती है।

एम16, एम18 और एम4ए1 कार्बाइन जैसी असॉल्ट राइफलें - अत्याधुनिक हथियार जो राज्य के शस्त्रागार से लूटे नहीं गए थे - मणिपुर जातीय संघर्ष में घुस गई हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

पिछले साल मई में शुरू हुए संघर्ष के दौरान राज्य के शस्त्रागारों से लगभग 6,000 हथियार लूटे गए थे। सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा विशेष रूप से मैतेई और कुकी-ज़ो पक्षों को अलग करने वाले सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान के कारण लगभग 2,600 हथियार बरामद हुए हैं। हालांकि, इनमें से केवल 1,200 हथियार शस्त्रागारों से लूटे गए हैं। लगभग 800 अत्याधुनिक हथियार हैं जिन्हें कहीं और से खरीदा गया है, जबकि शेष 600 देशी कच्चे हथियार हैं। सुरक्षा बलों के सामने एक और चुनौती यह है कि संघर्ष बढ़ने के साथ-साथ तात्कालिक हथियार अधिक कुशल - और घातक - होते जा रहे हैं। हाल ही में 5 किलोमीटर की रेंज वाले तात्कालिक रॉकेट ने मोइरांग शहर में भय पैदा कर दिया - जिसे पहले एक सुरक्षित क्षेत्र माना जाता था।

एक और तरह का हथियार जिसने चिंता पैदा की है, वह है कच्चे बम ले जाने वाले ड्रोन, जिनका इस्तेमाल इंफाल पश्चिम के कोटुक गांव पर हमला करने के लिए किया गया था।

## सोशल फोरम

# नेहरू व पटेल में कोई विभेद नहीं



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

कांग्रेस की किसी भी राज्य कमेटी द्वारा संस्तुति न किए जाने के बाद भी महात्मा गांधी ने सरदार पटेल की बजाय जवाहर लाल को अपने वीटो से प्रधानमंत्री क्यों बनाया? यह सच है कि अपने संगठन कौशल, सबकी सुनने और सुदृढ़ व्यक्तित्व होने के कारण सरदार साहब कांग्रेस संगठन की पहली पसंद थे। जबकि नेहरू तुनुक मिजाज़, अधीर और अपनी एकतरफा चलाने के कारण संगठन की पसंद नहीं थे। इसके विपरीत सारे भारत वर्ष की जनता में नेहरू की अपार लोकप्रियता तथा स्वीकार्यता थी। वह अपने उदात्त चरित्र, सुन्दर देह, सरल स्वभाव तथा जादुई वक्ता होने के कारण भारतीय जन मानस में अपार लोकप्रिय थे। विदेशों में भी एक विश्व नेता के रूप में उनकी सुदृढ़ पहचान थी। और सबसे बढ़ कर, वह एक खरे धर्म निरपेक्ष और उदार पुरुष थे। उनका हृदय विशाल तथा दृष्टि अंतर्राष्ट्रीय थी। गांधी और पटेल दोनों इस तथ्य से अवगत थे। सत्ता की राजनीति से दूर होने के बावजूद एक व्यवहारिक तपस्वी होने के कारण गांधी सत्ता संचालन की बारीकीयों से अवगत थे। अंग्रेज़ों तथा कट्टरपंथी संगठनों द्वारा छिन्न भिन्न कर दिए गए आहत राष्ट्र को नेहरू ही सर्वाधिक एकजुट रख सकते थे, यह गांधी बखूबी जानते थे।

इसीलिए महान सरदार ने अपना नामांकन वापस लेते हुए नेहरू को संबोधित कर कहा-हम सभी स्वाधीनता सेनानियों में आपका त्याग तथा बलिदान सर्वाधिक है। आप भारतीय जनता के हृदय सम्राट हैं। आपके तहत काम करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं। गांधी का निर्णय अचूक साबित हुआ। नेहरू ने एक दलित और शापित राष्ट्र को अग्रणी बना दिया। उनके द्वारा की गई सिर्फ़ दो भूलें घातक सिद्ध हुईं। प्रथम, सरदार पटेल द्वारा हमेशा के लिए प्रतिबंधित किए गए संगठन से प्रतिबंध हटाना। और दूसरा, कुटिल चीन की मैत्री पर सहज विश्वास कर लेना। ये दोनों भूलें पंडित जी की अतिशय सदाशयता और सहज विश्वासी वृत्ति के कारण हुईं। वस्तुतः नेहरू और पटेल में कोई विभेद नहीं कर सकता है।

-फेसबुक वॉल से

# जो अधिकारी याद रह गए



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

मेरे अधीनस्थ एक एएसपी हुआ करते थे। अपने से सीनियर किसी अधिकारी के आदेश अथवा नेक सलाह को न मानना और उस पर कुछ न कुछ लिखकर उसका विरोध करना उनकी मानसिक मजबूरी थी। इस मजबूरी के कारण उनके साथ एक हादसा भी हो चुका था। वह कुछ माह पहले एसपी के पद पर प्रोन्नत हो चुके थे,परंतु अपने उच्च अधिकारियों का अनावश्यक विरोध करने के कारण शासन ने उन्हें एएसपी के पद पर पदावनत कर दिया था।

मैं तब एक जनपद का एसपी था और उन्हें मेरे अधीन नियुक्त कर दिया गया था। एक दिन उन्होंने मुझे बताया कि वह पदावनति के आदेश पर शासन के विरुद्ध रिट करने जा रहे हैं। मैंने उन्हें राय दे दी कि इससे कोई लाभ नहीं होगा,क्योंकि मेरे अनुमान के अनुसार वह वैसे भी जल्दी ही पुनः प्रोन्नत हो जाएंगे और आईपीएस की सेवा नियमावली के अनुसार उन्हें सीनियरिटी में भी कोई हानि नहीं होगी। हाईकोर्ट में जाने से हो सकता है कि मामला लटक जाए और शासन भी प्रतिकूल हो जाए। कुछ दिन बाद मुझे जवाब देने हेतु हाईकोर्ट का एक नोटिस प्राप्त हुआ,जिसके साथ उनकी रिट की प्रतिलिपि लगी हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मैंने उन पर दबाव बनाते हुए कहा कि वह कोर्ट न जाएं,नहीं तो शासन उनसे बदला लेगा। मैं आश्चर्यचकित था कि एक मित्रवत सलाह को उन्होंने अपनी रिट में इस भांति उपयोग किया था।

इस घटना के 20 वर्ष बाद वह अधिकारी फिर मेरे अधीनस्थ एडीजी के पद पर नियुक्त हुए। मैंने एक दिन उनकी किसी नोटिंग पर आपत्ति दर्ज कर दी। बात साधारण थी और मैं समझा कि बात वहीं समाप्त हो जाएगी,परंतु दूसरे दिन मेरी आपत्ति के उत्तर में मुझे उनका एक पूरे पेज का नोट मिला। इसके उत्तर में मैंने एक पंक्ति में अपनी बात दोहराकर फाइल वापस कर दी। अगले दिन मुझे उनका पूरे दो पेज का नोट प्राप्त हुआ। मैंने पहले सोचा कि उन्हें बुलाकर उनसे बात करता हूं,परंतु मैं जानता था कि उन्हें बुलाकर बात करने का कोई फायदा नहीं होगा,वरन आगे कहीं और अधिक लंबी नोटिंग को झेलना पड़ेगा। अतः मैंने उनके नोट के नीचे 'सीन फाइल' लिखकर बाबू को फाइल बंद करने को कह दिया। एक अन्य प्रकार के ऐब्नॉर्मल्स वे होते हैं,जिनमें सिग्नेचरोफोबिया के बजाय डिसीजनोफोबिया पाया जाता है। ये अधिकारी पत्रावलियों पर फ्लावरी लैंग्वेज में लंबी-लंबी नोटिंग लिखते रहते हैं,परंतु कोई आदेश पारित करने का साहस नहीं करते हैं। एक आईपीएस अधिकारी इतने भले और ईमानदार थे कि ईसाई धर्म का होने के कारण पुलिसजन पीठ पीछे उन्हें पादरी कहते थे,परंतु यदि एक फ्यूज्ड बल्ब बदलने का प्रस्ताव भी उनके सामने प्रस्तुत किया जाए,तो पत्रावली पर कोई आदेश देने के बजाय फ्यूज हुए एवं खरीदे जाने वाले बल्व के इतिहास और भूगोल की कम से कम 6-7 जानकारियां प्राप्त करने की जिज्ञासा प्रस्तुत कर देते थे। जिज्ञासाओं का उत्तर ड्राफ्ट करने वाला बाबू इतना खीझ जाता था कि उनका उत्तर देने के बजाय अपनी जेब से बल्व खरीद लेना अधिक सुविधाजनक पाता था।

एक आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी पर भक्तिभाव इतना सवार हो गया था कि कार्यालय में पीत वस्त्र और खड़ाऊं पहनकर आने लगे थे। एक मीटिंग में इस वेश में प्रकट होने पर डीजी ने नाराज होकर उन्हें मीटिंग से बाहर कर दिया। इस पर उन्होंने तमाम धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए पीत वस्त्र धारण करने का अपना मूल अधिकार होने का पत्र प्रेषित कर दिया। इस प्रकरण के कारण उनकी प्रोन्नति रोक दी गई। इस पर उन्होंने ऑफिस आने का झंझट ही त्याग दिया और स्वयं को राधा घोषित कर साड़ी-ब्लाउज पहनना और लिपिस्टिक-पाउडर लगाना प्रारंभ कर दिया। शासन द्वारा अन्य विभागीय कार्यवाही का आदेश होने से पूर्व उन्होंने सेवानिवृति ले ली। इन ऐब्नॉर्मल के पक्ष में एक बात अवश्य कहनी पड़ेगी कि इस प्रकार के अधिकारी अपने सेवा काल में पूरे पुलिस विभाग में मुफ्त के मनोरंजन का साधन बने रहते हैं और सेवानिवृति के पश्चात भी अपनी अजीब हरकतों के लिए याद किए जाते हैं। यदि शासन को प्रशासन में रुक्षता कम करना और हास्यमय वातावरण बढ़ाना है तो ऐसे ऐब्नोर्मल्स के चयन हेतु अच्छा खासा कोटा आरक्षित कर देना चाहिए।

# गांधी: एक प्रथम श्रेणी यात्री



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

इतिहास की कौन सी तिथि लावा बन जाए। केवल इतिहास ही इसका गवाह होता है। 7 जून 1893 दक्षिण अफ्रीका का रेलवे स्टेशन पीटर मेरिटस वर्ग। वक्त इंतजार कर रहा था एक नए इतिहास के जन्म लेने का।

24 साल के एक सांवले नौजवान को कुछ गोरे अधिकारी प्रथम श्रेणी कंपार्टमेंट से धक्का देकर बाहर उतार रहे थे। हालांकि उस जवान के हाथ में प्रथम श्रेणी टिकट था। डरबन और प्रिटोरिया के बीच का।

वक्त की कारीगरी देखिये। गोरों ने तो नहीं माना वह टिकट। लेकिन छोटा सा वह कागज ब्रिटिश साम्राज्यवाद की रवानगी का परवाना बन जाएगा, यह केवल वक्त ही जानता था। दादा अब्दुल्ला जब इसी नौजवान को मुंबई से दक्षिण अफ्रीका भेज रहे थे। उन्हें क्या पता था कि यह युवा युगों युगों का सरमाया बनेगा।

जिसे पीढ़ियां दर पीढ़ियां अपने दिमागों के ड्राइंग रूम में एक कैनवस बनाकर रखेंगी। जिस पर कुछ भी लिख दो लेकिन कुछ बचा ही रहेगा। और फिर आया 9 जून 1915, मुंबई का अपोलो बंदरगाह। जहां उतरा यह इंसान गांधी बनकर। यही दुबला पतला आदमी जहाज की जितनी सीढ़ियां नीचे उतरता। मानो अंग्रेजों की छाती पर उतने ही कदम ऊपर चढ़ जाता। बेहद सामान्य कद काठी परन्तु असीम व्यक्तित्व। अचानक से बन गया कांग्रेस का शलाका पुरुष। फिर तो इतिहास हर दिन एक नया सफा गढ़ने लगा। और वक्त एकदम ठहर गया गोरों के सांसों की तरह। फिर क्या नहीं हुआ,

चंपारण से लेकर क्विट इंडिया तक। इंग्लैंड के सम्राट, प्रधानमंत्री से लेकर न जाने कितने वायसरायों ने इसे मारना चाहा। लेकिन वक्त ने सबको अंगूठा दिखाया, क्योंकि गांधी को तो सिवाय अपनों के भला कौन मार सकता था। हुआ भी वही। एक अवतार का दैहिक अवसान। पर वे बने रह गए वक्त की रेलगाड़ी के प्रथम श्रेणी यात्री।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर खंदक में घुसी बाइक, दो घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर पैंतिया निवासी देवेंद्र व सुरेश बुधवार को बाइक पर सवार होकर अनूपशहर जिले में गंगा स्नान करने जा रहे थे। कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर गांव रझेड़ा सलेमपुर के पास सामने से आ रहे ट्रक को देखकर देवेंद्र की बाइक अनियंत्रित होकर सड़ क किनारे खंदक में घुस गई। जिससे देवेंद्र व सुरेश बाइक के नीचे दबकर घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को बाइक के नीचे से निकाला। घायल देवेंद्र व सुरेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### सहकारी गन्ना समिति का चुनाव आज

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड रजपुरा के प्रतिनिधि/डेलीगेट का चुनाव 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज रजपुरा में होगा। जिसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को एक पहचान पत्र/आईडी साथ लाना होगा। इनमें भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, किसान जोत वही, पासपोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, समिति द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, किसी शासकीय कार्यालय, निगम, उपक्रम, संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा निगर्त पहचान पत्र रहेंगे।

### सीओ चंदौसी व गुन्नौर का तबादला

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार देर रात पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर चंदौसी व गुन्नौर के सीओ को बदल दिया है। सीओ चंदौसी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह का तबादला सीओ गुन्नौर के पद पर किया गया है। सीओ लाइन संतोष कुमार सिंह को सीओ चन्दौसी नियुक्त किया गया है। गुन्नौर के सीओ डॉ. गणेश कुमार गुप्ता को हटाकर सीओ लाइन, पुलिस कार्यालय, मीडिया/सोशल सेल, यूपी-112, यातायात, अपराध शाखा एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र का दायित्व दिया गया है।


संभल कल्कि महोत्सव के मंच पर प्रस्तुति देते राजस्थान के कलाकार।


महोत्सव के मंच पर प्रस्तुति देतीं रेवती सकलकर।

# देश स्वच्छ रखने में सफाई कर्मियों की अहम भूमिका

## सफाई कर्मियों का किया सम्मान, अधिकारियों ने कराया सहभोज, पांचवें दिन सफाई मित्र सम्मेलन का आयोजन

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार :** संभल कल्कि महोत्सव के 5 वें दिन प्रथम सत्र में सफाई मित्र सम्मेलन में सफाई कर्मियों के कार्यों को लेकर मंथन किया गया। अधिकारियों ने सफाई कर्मियों को सहभोज कराया तो वहीं अच्छा काम करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया।

बड़ा मैदान पर सफाई मित्र सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि साध्वी गीता प्रधान व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि देश को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मियों की अहम भूमिका है। वह अपने दायित्व को हमेशा ही निभाते हैं। स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में भी सफाई कर्मी अपना योगदान आगे आकर दे रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि आज सफाई कर्मी स्वच्छ भारत अभियान को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा नेता मंजू दिलेर ने भी सफाई कर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने सफाई कर्मियों से संभल जिले को स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाने की अपील की। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे, राजेश शंकर राजू,हर्षवर्धन आदि मौजूद रहे। संचालन भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह ने किया


महोत्सव में सफाई कर्मियों को सम्मानित करते डीएम राजेंद्र पैंसिया व जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव।

महोत्सव में सफाई मित्र सम्मेलन में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें डीएम सहित अधिकारियों ने सफाई कर्मियों को भोजन कराया। डीएम ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान में यह ऐसे योद्धा हैं जो अपना काम ईमानदारी से करते हैं। हमें हमेशा ही इनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में 1500 सफाई कर्मी व केयरटेकर मौजूद रहे।

महोत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि साध्वी गीता प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष व, डीएम आदि अतिथियों ने सम्मानित किया। डीपीआरओ ने बताया कि संभल, चंदौसी, बहजोई नगर पालिका के 10-10 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। वहीं 25 पंचायत के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है।

### मैराथन दौड़ से दिया विश्वशांति का संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** जैन मिलन एवं श्री दिगंबर जैन सभा, बहजोई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व शांति की कामना का संदेश देकर मैराथन दौड़ निकली। दिगम्बर जैन मंदिर परिसर से भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। शुभारंभ जैन सभा के संरक्षक राजेंद्र कुमार जैन व अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। लोग भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो का उद्घोष भी करते नजर आए। इस दौरान संभव जैन, राजीव वार्ष्णेय, एकांश गुप्ता, मीतेश जैन, राहुल जैन, अतिशय जैन, संजय जैन, अंशुल जैन, गोविंद, अनुराग आदि रहे।

## राजस्थानी गीतों पर झूमे दर्शक रेवती के भजनों पर हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता,बहजोई(संभल)

- लोक गायिका रेवती सकलकर ने छेड़ी भक्ति धुनों की तान
- राजस्थानी गायिका ने तृप्ति बुंदेल के गीतों पर झूमे श्रोता

**अमृत विचार :** संभल कल्कि महोत्सव के पांचवें दिन की संध्या सत्र में काशी की कोकिला के नाम से प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका डा. रेवती सकलकर ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी तो पूरा पंडाल भक्ति मय हो गया। उन्होंने जब कौन कहता है भगवान आते नहीं तुम मीरा की तरह बुलाते नहीं गीत प्रस्तुत किया तो सभी तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। द्वितीय सत्र में राजस्थानी गायक तृप्ति बुंदेल ने राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति दी तो सभी झूमने पर मजबूर हो गए।

बड़ा मैदान पर चल रहे महोत्सव के रात्रि सत्र में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विकास वार्ष्णेय, डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद काशी की कोकिला के नाम से मशहूर शास्त्रीय संगीत गायिका रेवती सकरकर ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। नवरात्र के उपलक्ष्य में रेवती सकलकर ने - मेरी बिगड़ी बना दे शेरावालिए गीत प्रस्तुत किया तो सभी तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।

इसके बाद उन्होंने - कौन कहता है भगवान आते ही नहीं, लोग मीरा के जैसा बुलाते नहीं। गायक कलाकारों के साथ पांडाल में बैठे लोग भी भक्ति के गीतों को गुनगुनाते नजर आए। शेर की सवारी चोला लाल सुहाय भक्ति गीत प्रस्तुत किया तो पूरा पंडाल भक्ति में हो गया।

इसके बाद देर रात्रि राजस्थान की फोक सिंगर तृप्ति बुंदेल ने राजस्थानी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी तो पंडाल में बैठे लोग नाचने लगे। उन्होंने जब मुझे तू अखियां दे सामने रहना गाने की प्रस्तुति दी तो सभी खड़े होकर झूमने लगे । इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक आदि मौजूद रहे। संचालन डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा ने किया।

## सार संक्षेप

### सांप के डसने व मक्खी के काटने से दो की हालत बिगड़ी

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में जोया संभल मार्ग पर मनोटा पुल के पास सफेद रंग की मक्खी के काटने से बाइक सवार की हालत बिगड़ गई। दूसरी ओर ईंटों के ढ़ेर में संभल निवासी व्यक्ति को सांप ने डस लिया। बुलंदशहर जिले की तहसील डिबाई निवासी अकील अहमद सरायतरीन में स्थित ससुराल में साले महमूद हसन के पास रहकर बाइक से फेरी लगाकर कपड़ा बेचने जा रहा था। संभल जोया मार्ग पर गांव मनोटा पुल पर सफेद रंग की मक्खी ने अकील अहमद को काट लिया। मक्खी के काटते ही अकील अहमद की हालत बिगड़ गई। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने अकील अहमद को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। दूसरी ओर संभल के मुहल्ला लोधीसराय निवासी वसीम को घर के अंदर ईंटों के ढ़ेर में निकले सांप ने वसीम को डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने वसीम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### जल, जंगल और गंगा को सुरक्षित रखने की अपील

**बबराला, अमृत विचार :** पितृ विसर्जनी अमावस्या पर बुधवार शाम को गंगातट पर गंगा आरती में भारी भीड़ रही। पुरोहित सत्यम मिश्रा व पुष्पेन्द्र शर्मा आदि ने विधि विधान से गंगा की पूजा के बाद आरती उतारी। मां गंगा जनकल्याण समिति की ओर से लोगों से जल, जंगल व गंगा को सुरक्षित रखने की अपील की गई। गंगा के किनारे को पूर्ण स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। अतुल गोयल, उमेश वार्ष्णेय, योगेन्द्र यादव, अनिल गुप्ता, सतेन्द्र गौतम, मुनीष श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, विजय वार्ष्णेय, रूप किशोर, विवेक वार्ष्णेय, अनिल अग्रवाल आदि रहे।

### सज गए माता रानी के दरबार, खरीदी पूजा सामग्री

**संभल, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के स्वरूपों की पूजा अर्चना करने का खास महत्व है। इस बार 3 अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। जिले के देवी मंदिरों में माता रानी के दरबार सज चुके हैं। मंदिरों पर विशेष साफ सफाई के साथ ही मां दुर्गा के स्वरूपों की मूर्तियों को वस्त्र आदि से श्रृंगार किया गया है। संभल के चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। बुधवार को देरशाम तक सेवादार मंदिरों में व्यवस्था बनाने में जुटे थे। यहां पूजा सामग्री की कई दुकानों पर श्रद्धालु पहुंचकर खरीदारी करते नजर आए। वहीं हयातनगर के चामुंडा मंदिर, घुंघावली के चामुंडा मंदिर में भी पूजा अर्चना के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन मोहम्मदपुर, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई और रजपुरा क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं ने शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के स्वरूपों की पूजा के लिए तैयारी पूरी कर ली।

### आज से शुरू नवरात्र, मंदिरों में की गई व्यवस्थाएं दुरुस्त

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नवरात्र को लेकर मंदिरों में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें शहर के देवी मंदिरों में साफ-सफाई के साथ बिजली की झालरें लगाई गई। रात को देवी मंदिर बिजली को रोशनी में चमचमा रहे थे। गुरुवार से नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। जिससे रामबाग धाम स्थित मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, जारई गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर, सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, कैथल गेट स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर व मौलागढ़ स्थित प्राचीन कंकाली देवी मंदिरों में सफाई की गई। इसके बाद देवी प्रतिमाओं को सुंदर-सुंदर वस्त्र पहनाकर श्रंगार किया गया। इसके बाद मंदिरों को बिजली की झालरों लगाई गई। गुरुवार से 9 दिन से भक्तों द्वारा मां भगवती की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

### त्योहार सकुशल संपन्न कराने को सक्रिय रहे पुलिस

**बहजोई, अमृत विचार :** जनपद दौरे पर पहुंचे डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने आगामी त्योहारों व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। कानून व्यवस्था को लेकर भी थाना प्रभारी तथा पुलिस अधिकारियों को अलर्ट पर रहने की बात कही। रिजर्व पुलिस लाइन पर पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी ने आगामी त्योहार महर्षि वाल्मीकि जयंती, महाराजा अग्रसेन जयंती, दुर्गा पूजा, विजयदशमी, दीपावली को लेकर पुलिस की तैयारी के बारे में जाना। डीआईजी ने निर्देश देते हुए कहा कि हमें सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न करना है। दुर्गा पूजन विजयदशमी त्योहारों को लेकर विशेष सतर्कता रखें। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा एवं अराजक तत्वों पर निगरानी रखी जाए। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वह कानून व्यवस्था को हर हाल में ठीक रखें। उन्होंने क्राइम की समीक्षा करते हुए विवेचना के निस्तारण की जानकारी ली। आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण समय से किए जाने की बात कही।


पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ बैठक करते डीआईजी मुनीराज जी।

### भाकियू असली ने शुरू किया धरना व अनशन

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना दिया गया। कुछ कार्यकर्ताओं ने अनशन भी शुरू किया। धरने के दौरान किसानों ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू कराने व भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई, बरसात से नष्ट हुई फसल का मुआवजा और बिजली समस्याओं का समाधान कराने की मांग उठाई। राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ऋषिपाल ने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा। अनशनकारियों को पप्पू यादव, एडवोकेट प्रेम सिंह यादव ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस दौरान प्रदेश सचिव सोहनपाल यादव, देवेन्द्र सिंह यादव, पूजा शर्मा, सतीश चन्द्र, महाराज सिंह यादव, दिलीप यादव, दिव्या, मोहन सिंह, दिलीप कुमार, सूरजपाल आदि रहे।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया बुखार पीड़ितों का उपचार

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड में 200 से अधिक ग्रामीणों के बुखार की चपेट में आने को लेकर अमृत विचार की खबर के बाद गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर मरीजों में दवा का वितरण किया। विकासखंड क्षेत्र के गांव सारंगपुर में पिछले 15 दिनों से चल रहे बुखार की चपेट में आकर दो सौ से अधिक बीमार चल रहे हैं। बुधवार के अंक में अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। सपा विधायक पिंकी यादव ने भी अमृत विचार की खबर के साथ एक्स पर संदेश लिखा था। इसके बाद पंवासा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर त्यागी टीम के साथ गांव पहुंचे और मरीजों के खून की जांच कर दवा वितरण के लिए शिविर लगाया। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 105 ग्रामीणों की मलेरिया की जांच की। जिनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई। वहीं शिविर में 150 मरीज खुजली के और 250 मरीज बुखार के पहुंचे। इस दौरान एलटी अरविंद, फार्मासिस्ट विकास व सुभाष मौजूद रहे।

# लोगों ने तर्पण कर पितरों को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** पितृ विसर्जनी अमावस्या पर लोगों ने तर्पण कर पितरों को विदाई दी। जनपद के गंगा घाटों पर गंगा स्नान करने के बाद विधि विधान से पूर्वजों का तर्पण किया । ब्राह्मणों को दान दक्षिणा देकर पुरखों को विदाई दी । इसी के साथ पितृपक्ष का समापन हो गया।

बुधवार को पितृ विसर्जनी अमावस्या पर विदाई देते समय पितरों से सुख समृद्धि के लिए कामना की। जिले के राजघाट में गंगाघाट पर तर्पण व श्राद्ध कर्म करने वाले लोगों की भीड़ रही। गंगाघाट पर स्नान के बाद लोगों ने तर्पण के साथ श्राद्ध कर्म भी किए। ऐसे तमाम पूर्वजों का भी श्राद्ध कर्म और तर्पण उनके परिजनों ने किया, जिनकी मृत्यु की तिथियों का कोई पता तक नहीं था। लोगों ने गरीबों को अन्न व कपड़े दान किए। पशु-पक्षियों को अनाज के दाने डाले। गंगा आरती पुरोहित पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि अश्विन मास के कृष्ण पक्ष का संबंध पितरों से है। इस मास की अमावस्या को पितृ विसर्जनी अमावस्या कहते हैं। पितृ पक्ष में जिन पूर्वजों की पुण्यतिथि के बारे में जानकारी न हो, उनका श्राद्ध अमावस्या पर किया जा सकता है। इस दिन श्राद्ध करने में हुई भूल या किसी कारणवश छूटे हुए श्राद्ध का भी पुण्य मिलता है।


बबराला के राजघाट में गंगा तट पर पितरों का तर्पण कर स्नान करते श्रद्धालु।

- राजघाट में गंगाघाट पर उमड़े लोग गंगा स्नान कर किया तर्पण
- गंगाघाट पर तर्पण व श्राद्ध कर्म करने वाले लोगों की भीड़ रही

### लोगों पर हमला करने वाले कुत्ते को मार डाला

**संभल, अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे भाई बहन व घर में बैठी बुजुर्ग महिला सहित कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों को हमला कर जख्मी कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर कुत्ते को मार दिया।

थाना क्षेत्र के गांव लधनपुर निवासी सुखराम बुधवार को 12 वर्षीय बेटी रेखा व अन्य परिजनों के साथ नारंगपुर जाने वाले रास्ते पर स्थित खेत में धान फसल की कटाई कर रहे थे। पास में ही सुखराम का 6 वर्षीय बेटा गौरव भी खेत पर खेल रहा था। वहीं गांव के ही 16 वर्षीय कपिल पुत्र दिनेश व भूरी पत्नी सुरेंद्र भी खेतों पर काम कर रहे थे। अचानक से आकर कुत्ते ने हमला कर रेखा, गौरव, कपिल व भूरी को काट लिया। परिजनों ने लाठी डंडे लेकर कुत्ते को दौड़ा लिया। जिसके बाद कुत्ता गांव में तेजपाल के घर में घुस गया और यहां घर के अंदर बुजुर्ग महिला तेजपाल की पत्नी रुमा देवी व घर के बाहर खेल रहे विजेंद्र के आठ बेटे बेटे शैलेश को काट लिया।

## शिकायत पर कोटेदार के बेटों ने की मारपीट, 3 लोग घायल

संवाददाता, गुन्नौर

- राशन वितरण में घटतौली की शिकायत पर भड़के

**अमृत विचार :** राशन वितरण में घटतौली की शिकायत पर भड़के राशन डीलर के बेटों ने शिकायतकर्ता पक्ष के युवक को रास्ते में घेर कर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस से शिकायत करने पर अगले दिन फिर घर में घुस कर दो लोगों को मारपीट कर घायल किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़िया निवासी हरनाम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गांव के राशन डीलर की घटतौली की शिकायत मुख्यमंत्री और डीएम से की थी। शिकायत पर आपूर्ति अधिकारी ने 12 अगस्त को गांव के अन्य लोगों सहित उसके बयान लिए और शिकायत सही मिलने पर राशन डीलर गुड्डो देवी पर जुर्माना लगा दिया। जिसे लेकर राशन डीलर के परिजन रंजिश मानने लगे। मंगलवार शाम को उसका भतीजा कुलदीप गुन्नौर के पेट्रोल पंप से बाइक में भरा कर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में सरकारी नलकूप के पास कोटेदार के पुत्रों विकास और आकाश ने रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर दी।

इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो कोटेदार पक्ष के लोगों ने बुधवार को दोपहर में फिर से लाठी डंडे और सरिया से लैस होकर हरनाम सिंह के भाई रामरहीस के घर पर हमला बोल दिया। रामरहीस और उरमान को मारपीट कर घायल कर दिया। उधर, कोटेदार पक्ष ने भी तहरीर देकर विरोधी पक्ष पर अपना अहित करने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने तीन घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया।

**चिंता** असमोली क्षेत्र के गांव हीरापुर के चार मजदूर भी हैं शामिल

# हमले से सहमे इजराइल गए मजदूरों के परिजन

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** ईरान के इजराइल पर हमला किए जाने के बाद संभल जिले के उन परिवारों के दिलों की धड़कनें बढ़ गई हैं, जिनके लोग काम करने के लिए इजरायल गए हुए हैं। बेचैन परिजन अपनों से संपर्क कर उनकी सलामती के बारे में जानकारी ले रहे हैं। असमोली क्षेत्र गांव हीरापुर के चार लोग भी इजराइल में हैं, जो परिजनों के संपर्क में रहकर पल-पल की जानकारी दे रहे हैं। हालांकि लोगों ने माहौल सही बताया है, फिर भी परिजन परेशान नजर आ रहे हैं।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव हीरापुर से चार लोग काम करने के लिए इजरायल गए थे। विकास पुत्र सतवीर सरिया सैटरिंग का काम करने के लिए वहां गया है तो संजय खान पुत्र आजम खान फर्नीचर का काम करता है। वहीं मोहम्मद आरिफ पुत्र अनवार निर्माण कार्य और मुनव्वर पुत्र खचेडू माल लोडिंग का काम करता है। अब ईरान के हमला करने से इजराइल गए मजदूरों के परिजन बेचैन होने लगे हैं। परिजन मजदूरों से संपर्क करके वहां के हालात के बारे में जानकारी ले रहे हैं तो उनके सही सलामत होने की दुआ मांग रहे हैं। परिजनों से संपर्क के दौरान संजय खान ने इजराइल में चलती हुई मिसाइल की वीडियो भेजी तो परिजनों का दिल दहल गया और परेशान हो गए। वहीं मोहम्मद आरिफ ने उसके आसपास का माहौल परिजनों का सही बताया है। मुनव्वर और विकास से संपर्क किया गया तो उन्होंने माहौल को ठीक होना बताया है। परिजन लगातार इजराइल में मजदूरों से संपर्क में हैं। हालांकि मजदूरों ने आसपास का माहौल सही बताया है। उनका कहना है कि जिस क्षेत्र में हमले के हालात बने हैं, वह उस क्षेत्र से काफी दूर हैं। वहीं जिले के अन्य क्षेत्रों से भी मजदूर काम करने के लिए इजरायल गए हुए हैं। परिजन उन मजदूरों के संपर्क में रहकर हाल चाल जान रहे हैं।


संभल के हीरापुर गांव में इजरायल गए बेटे से फोन पर बात करते उसके पिता।


आरिफ।


मुनव्वर।


संजय खान।


विकास।

### दहेज के लिए महिला की गला दबाकर हत्या

**बहजोई, अमृत विचार :** दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने महिला की गला घोट कर हत्या कर दी। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बहजोई इस्लामनगर मार्ग स्थित मकान पर अयज कुमार की पत्नी मोहिनी का शव उसके कमरे में मिला। सूचना पर महिला के मायके गांव बमनेटा से पिता विजेंद्र पाल के साथ गांव के दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी व कोतवाल योगेश कुमार यादव ने मौका मुआयना किया। पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी 7 महीने पहले की थी। नगद पैसे ससुराल पक्ष के लोग मांगकर उसकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। उन्होंने गला दबाकर उसकी बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने पति अजय कुमार, ससुर कैलाश, सास तथा एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# नियमों का पालन करके चलाएं गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। अधिकारियों ने छात्रों और लोगों को नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने का आह्वान किया। कहा कि सुरक्षित सफर के लिए नियमों को अपनाएं।

संभल में नई तहसील सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, विशिष्ट अतिथि एसडीएम विनय कुमार मिश्र रहे। एसडीएम ने छात्रों को प्रेरित किया कि वह निर्धारित आयु से कम में वाहन न चलाएं। अभिभावकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें। भाजपा जिलाध्यक्ष ने नियमों का गंभीरता से पालन करने की अपील की, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले छात्र मोहम्मद अयान, मोहम्मद अलहम, सत्यम, चांद बाबू को आगामी कार्यक्रम में पुरस्कृत करने की बात कही गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहन रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।



सड़क सुरक्षा पखवाड़े के कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह।

- परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ आरंभ
- अभिभावकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें

इस दौरान एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता, डीआईओएस वेदराम, होमगार्ड कमांडेंट संजय गुप्ता, एई पीडब्ल्यूडी वीके बंसल, भगवंत सिंह, डॉ.नीरज शर्मा, भाजपा नेता सौरभ गुप्ता, सोनू चाहल, अमन खुराना, बादाम सिंह, शानू अंसारी, गुलफाम आदि रहे। संचालन राजवीर सिंह ने किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिचेटा काजी में माया देवी सीताराम कॉलेज में गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने गांधी जी के विषय में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबीएन श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, डॉ. अलेक्षेन्द्र सिंह, कृपाल सिंह, ऊषा, पुष्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### भारतवासी ले रहे स्वतंत्र रूप से सांस

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली में स्थित एमएम कोचिंग सेंटर पर जयंती मनाई गई। कोचिंग सेंटर के संस्थापक मुहम्मद मूनिस, शिक्षक शिवम यादव ने विचार रखे। कहा कि उनके संघर्षों के चलते ही आज भारतवासी स्वतंत्र रूप से सांस ले रहे हैं। इस दौरान सेंटर के शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

### 8 घंटे बंद रहेगी बिजली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिससे गुरुवार को उपकेंद्र स्टेशन रोड, गीता कॉलोनी, प्रेम नगर, चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी आदि में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी।

### बीच बचाव करने पहुंची मां बेटी घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला फूलबाग निवासी अनीस की पत्नी सहाना ने बुधवार की देर शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि परिवार की ही देवरानी व जेठानी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद होता देखकर सहाना बीच बचाव करने पहुंची। तो देवरानी ने सहाना को धक्का दे दिया। जिसकी वजह से पास में ही खड़ी सहाना की ढाई वर्षीय बेटी आयशा लोहे का दरवाजा लगने से घायल हो गई। जिससे विवाद और बढ़ गया। जिसके बाद महिला ने ईंट मारकर सहाना को भी घायल कर दिया।



जिला चिकित्सालय में सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते सीएमएस डा. राजेंद्र सैनी।



पुलिस लाइन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करते एसपी। ● अमृत विचार



संभल के एमजीएम कॉलेज में पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंध समिति के लोग।

### इंटर कॉलेज में मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज सौंधन मोहम्मदपुर में गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य रामभरोसे राणा ने उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। प्रबंधक ओमकार सिंह ने उनके आदर्शों से सीख लेने को प्रेरित किया। छात्रों ने गांधी, शास्त्री के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने पहुंचे सपाई, पुलिस ने रोका

## समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चौधरी सराय पहुंचे कार्यकर्ता, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर प्रतिमा लगवाने की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पार्क में स्थापित के लिए चौधरी सराय पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने रोक लिया। सपाइयों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें गांधी की प्रतिमा लगवाने की मांग उठाई।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां की अगुवाई में बुधवार को कार्यकर्ता महात्मा गांधी की प्रतिमा लेकर चौधरी सराय पहुंचे। सपा नेता पार्क में प्रतिमा स्थापित करना चाहते थे लेकिन पुलिस ने सपाइयों को प्रतिमा लगाने से रोक दिया। यहां काफी देर तक सपाई गांधी की प्रतिमा लगाने का प्रयास करते रहे लेकिन सफल नहीं हो सके। सूचना मिलने पर तहसीलदार रवि सोनकर मौके पर पहुंचे।

सपाइयों ने तहसीलदार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कहा कि छह साल से बापू की प्रतिमा लगवाने की मांग की जा रही है। आज देश गांधी जयंती मना रहा है लेकिन बापू की प्रतिमा को संभल में दो गज जमीन नहीं दी जा रही। कहा कि प्रशासन बापू की प्रतिमा लगवाए अन्यथा सपाई खुद इस कार्य को करेंगे। इस दौरान तारिक खां, वीरेश यादव, संजीव यादव, जबर सिंह यादव, अमरपाल यादव, चौधरी महशर अली, अब्दुल रहमान, रामरहीस यादव, फैजान शाही, राहिल हुसैन, बादशाह यादव, नेकपाल सिंह आदि रहे।



चौधरी सराय में गांधी प्रतिमा लगाने की जिद पर अड़े सपाइयों को रोकती पुलिस।

### जयंती मनाकर चलाया सफाई अभियान

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी कार्यालय में चेयरमैन कौसर अब्बास और सभासदों ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। जिसके बाद चौराहों, गलियों और मुहल्लों में सफाई अभियान चलाया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी सम्मानित किए। इस दौरान सदस्य आदित्यवीर रस्तोगी, मोहम्मद अजीम, कयामुद्दीन, भूकन सिंह, मीसम अब्बास, मोहम्मद साहिर, इरफान हैदर, हाशिम अली, रईस अहमद आदि रहे।

### समूह की महिलाओं ने धूमधाम से मनाई गांधी जयंती

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में समूह की महिलाओं ने एकत्र होकर धूमधाम से गांधी जयंती मनाई। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद महिलाओं ने रामधुन गायन कर तालियां बजाई। इसके बाद आंगनबाड़ी परिसर की सफाई की गई। इस दौरान साफ-सफाई रखने के लिए शपथ ग्रहण की गई। इस अवसर पर संगीता गुप्ता, रेखा रानी, अचला शर्मा, रुबी मौर्य, रेखा मौर्य, मीना, सावित्री, कविता, सर्वेश, लीला देवी आदि मौजूद रहीं।

# स्वच्छता के लिए कार्य कर गांधी जी के सपनों को साकार करें

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम राजेंद्र पैंसिया सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। डीएम ने अधिकारियों का आह्वान किया कि सभी अधिकारी स्वच्छता को लेकर काम करें।

उन्होंने कहा कि आज के दिन ऐसे दो अनमोल रतन का जन्म इस देश में हुआ। जिसमें एक अहिंसा की पुजारी महात्मा गांधी थे तो दूसरे क्षेत्र में कड़े फैसले लेने वाले लाल बहादुर शास्त्री थे। इसके बाद डीएम ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ:बहजोई:** रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों को सत्य अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा, परिश्रम व सदमार्ग के रास्ते पर चलने की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस विभाग के चरित्र श्रेणी कर्मचारियों को अच्छा कार्य करने को लेकर सम्मानित किया। इस दौरान सीओ लाइन संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### सच्चे महापुरुष और राष्ट्रनायक थे गांधी-शास्त्री, उनके कार्यों से लें प्रेरणा

**संभल, अमृत विचार :** जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सरकारी कार्यालयों और स्कूल कॉलेजों में हुए कार्यक्रमों में दोनों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कहा गया कि दोनों सच्चे महापुरुष और राष्ट्रनायक थे। उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। संभल जिला अस्पताल में सीएमएस डॉ.राजेंद्र सैनी, डॉक्टरों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। जिसके बाद अस्पताल परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार आदिम मेडिकल ऑफिसर डॉ. नीरज शर्मा और डॉ. अरशद अली ने चंदौसी मार्ग पर स्थित कुष्ठ आश्रम में लोगों को फलों के साथ साथ जरूरी वस्तुएं भेंट की। एसीएमओ ने कहा कि वस्तुओं में स्लीपर भी हैं। जो केवल कुष्ठ रोग से ग्रस्त लोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस दौरान जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा। नगर पालिका परिषद कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, एडीएम कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय में भी अधिकारियों ने दोनों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एमजीएम कॉलेज में जयंती एवं स्थापना दिवस समारोह हुआ। ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह, सह सचिव प्रबंध समिति विनय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने किया। सर्वधर्म सभा में वेदान्त वाचन, रामचरित्र मानस, श्रीमद भागवत, कुरान व बाइबिल का पाठ छात्र-छात्राओं ने किया। मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। सुनील रस्तोगी, तनजील अहमद, राष्ट्रबन्धु, रमेश चन्द्र वर्मा, प्रदीप आर्य आदि रहे। संचालन डॉ. संजय दुबे ने किया। संभल शहर के अन्य स्कूल कॉलेजों में भी जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

#### छात्र छात्राओं ने सफाई कर किया श्रमदान

**संभल, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.राष्ट्रवर्धन की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में गांधी-शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और जीवन पर प्रकाश डाला गया। डॉ.अब्दुल रहमान और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार ने विचार रखे। छात्र छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण में सफाई कर श्रमदान किया। इस दौरान डॉ.आसिम, सुभाष बाबू, मोहम्मद ऐजाज, रामनिवास, उन्नति वार्ष्णेय आदि रहे। संचालन डॉ.नौमी प्रिया ने किया।



गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम।

# राज्यमंत्री ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गांधी जयंती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- विद्यालयों ने हुए कार्यक्रम, सफाई अभियान भी चलाया गया
- पालिकाध्यक्ष ने कर्मियों के साथ फव्वारा चौक पर सफाई की

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। बुधवार की सुबह फव्वारा चौक स्थित गांधी प्रतिमा व लाल बहादुर शास्त्री चित्र पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने माल्यार्पण किया। इसके बाद फव्वारा चौक के आसपास झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था। इस अवसर पर भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, आमोद वार्ष्णेय, गिरीश रतन, राजकुमार यादव, मनोज दिवाकर, अभिनव शर्मा, संजय पारीक, देवेंद्र गुप्ता, तरुण नीरज, मोक्षिका शर्मा, चंद्रसेन दिवाकर आदि मौजूद रहे।

वहीं नगर पालिका के गांधी पार्क स्थित अस्थायी कार्यालय में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व ईओ कृष्णकुमार सोनकर ने दोनों महापुरुषों के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। पालिकाध्यक्ष ने सभासद व पालिकाकर्मियों के साथ फव्वारा चौक पर साफ-सफाई की। इस अवसर पर सभासदों में मेघा गुप्ता, जाकिर सलमान, निशांत शर्मा, तरुण कुमार नीरज, सचिन रस्तोगी, इरफान, मोहित दिवाकर, नवकांत देव, लोकेश मौर्य, अमित दिवाकर, किशन प्रजापति आदि मौजूद रहे। वहीं सपाईयों ने फव्वारा चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी।



चन्दौसी में फव्वारा चौक पर झाड़ू लगातीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व सभासद।

### शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता को याद किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज व एसएम इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने गांधी जयंती के अवसर पर रैली निकाली। रैली में एनसीसी कैडेट्स नारे लगाते चल रहे थे। इस अवसर पर कैप्टन चंद्रवीर, लेफ्टिनेंट अमरजीत मौर्य, रूद्र यादव, अंकित यादव, अभय प्रताप सिंह, अरुण शंखधार, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे। एसएम इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। इसके बाद विद्यालय के छात्रों के बीच निबंध, भाषण, कविता, स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता, विपिन कुमार, राम प्रकाश, एके सिंह, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं एएम वर्ल्ड स्कूल में कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने ध्वजारोहण करके किया। विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एबीसी मांटेसरी स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को बताया गया कि महात्मा गांधी देश को आजादी दिलाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। कला प्रतियोगिता में पीहू सक्सेना, प्रियांशी, तन्वी, सौंदर्य, शानवी, विवान, इशिता, मायेशा, एकांषी, सांवी साहनी, उपासना, आयशआ, अली, वर्तिका, अजफर, अनाबिया, पूर्णिमा, अर्जित, अब्यांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की नेहा, प्रिया, दिव्या, शालू, निशा, सरिता, दिया, रुपाली, अंजू, संतोष, दीक्षा, मीनू, दीक्षा आदि रही।




चन्दौसी में रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स।

### सपा कार्यकर्ताओं ने दिया गांधी प्रतिमा को ज्ञापन

**चन्दौसी, अमृत विचारः** सपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को ज्ञापन सौंपा और उन्हें देश की समस्याओं से अवगत कराया।

कार्यकर्ताओं कहा कि उनका उद्देश्य राष्ट्रपिता के प्रतीक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक अपनी शिकायत पहुंचाना था। चंदौसी में फव्वारा चौक पर बुधवार को सपा कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव विचार मंच के संयोजक तनवीर कुरैशी के नेतृत्व में महात्मा गांधी की प्रतिमा को ज्ञापन दिया।

तनवीर कुरैशी ने गांधी की प्रतिमा को ज्ञापन सुनाया जिसमें कहा कि उन्हें देश में श्रमिकों व किसानों की समस्याओं, अल्पसंख्यक और दलितों के साथ भेदभाव की समस्या के साथ-साथ बेरोजगारों की समस्या से अवगत कराया। मंच संयोजक ने कहा कि उपरोक्त समस्याओं के बारे में अधिकारियों को अवगत कराकर और ज्ञापन देकर थक चुके हैं इसीलिए गांधी जयंती पर हमने अपनी पीड़ा महात्मा गांधी को सुनाई । उन्होंने कहा कि गांधी के जी के माध्यम से हमारी पीड़ा प्रधानमंत्री तक पहुंचेगी वह सोचेंगे जनता क्या चाहती है।

## सार संक्षेप




बबराला में स्वच्छता का संदेश देते पूर्व मंत्री अजीत यादव, चेयरमैन हर्ष वर्धन व अन्य।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता पखवाड़े का समापन

**बबराला, अमृत विचार :** नगर पंचायत की ओर से आयोजित सफाई श्रमदान कार्यक्रम के तहत पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, ईओ अमरेश तिवारी आदि ने आंबेडकर पार्क में झाड़ू लगाकर सफाई की। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इंदिरा चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। पूर्व मंत्री राजू यादव ने लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई। भाजपा ने भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, सभासद मीना गुप्ता, रामावतार, योगेश गुप्ता, प्रमोद भगतजी आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाई जयंती

**बबराला, अमृत विचार :** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में गांधी और शास्त्री की जयंती पर डॉ. राहुल यादव ने ध्वजारोहण किया। चेयरमैन अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, पूजा गोयल, एकता, सोनल शर्मा आदि मौजूद रहे। लोहिया कान्वेंट स्कूल में स्कूल निदेशक उमेश यादव ने गांधी व शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य सविता और हेमलता यादव दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए।

### गांधी-शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लें

**मनोटा, अमृत विचार :** असमोली विकासखंड क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाजपुर कला में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य वेद प्रकाश यादव ने उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया और जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### लाल-लाल रंग है, वीर बजरंग है...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से पितृ-अमावस्या पर रामबाग रोड स्थित आवासीय वृद्धाश्रम में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीन दयाल शर्मा ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, अनुज शर्मा, रमेश ग्रेवाल, राहुल ग्रेवाल, प्रेम ग्रोवर, देशराज तोमर, जेएन मिश्रा, रविशंकर शर्मा, राजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। केजी शर्मा ने रघुपति राघव राजाराम, अजय सक्सेना ने मेरा आपकी कृपा से, कब काम हो रहा है, राजू शर्मा ने लाल-लाल रंग है, वीर बजरंग हैं आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर गुलशन अरोरा, सच्चिदानंद शर्मा, अशोक पाठक, डॉ. गौरव मिश्रा, सुमित पाराशरी, सूरज पाराशरी, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण की लीलाओं का प्रसंग सुनाया

**संभल, अमृत विचार :** सिंहपुरसानी में विपिन चाहल के आवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक पंड़ित त्रिशांत कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का प्रसंग सुनाया। कहा कि माता देवकी के कहने पर श्री कृष्ण ने छह पुत्रों को वापस लाकर दिया। साथ ही सुभद्रा हरण का वर्णन सुनाया। विश्राम दिवस की कथा में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्ण पहुंचे। यहां प्रमोद कृष्णम् ने कथा वाचक के गले में फूलमाला पहनाकर आशीर्वाद लिया। प्रमोद कृष्णम् के भजनों पर भक्त झूमने पर मजबूर हो गए।



कथावाचक का स्वागत करते प्रमोद कृष्णम।

**आयोजन** मेघनाद की मृत्यु का समाचार सुनकर सुलोचना बहुत दुखी हुई और विलाप करने लगी

# बनियाखेड़ा की रामलीला में हुआ मेघनाद वध का मंचन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** ग्राम बनियाखेड़ा में श्री आदर्श युवक रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में बुधवार को कलाकारों ने मेघनाद वध का मंचन किया।

गांव के शिव मंदिर पर हो रही रामलीला में दिखाया गया कि लंकापति रावण का पुत्र मेघनाद युद्ध विजय की कामना से देवी निकुंभला के यज्ञ का आयोजन करता है। जिसे लक्ष्मण और हनुमान सफल नहीं होने देते हैं। लक्ष्मण मेघनाद का वध करके उसका शीश काटकर रामादल ले जाते हैं। अपने पति मेघनाद की मृत्यु का समाचार सुनकर सुलोचना बहुत दुखी होती है और विलाप करती है। अपने पति का शीश मांगने रामादल में जाती है। वहां श्री राम से अपने पति का शीश लौटने की विनती करती है। सुलोचना का करुण क्रंदन देखकर श्री राम भी दुखी हो जाते हैं। साथ ही सुलोचना की इच्छा अनुसार उसके पति का शीश लौटा देते हैं। जिसके साथ सुलोचना अपने सतीत्व के प्रताप से सती हो जाती है।



बनियाखेड़ा में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### श्री रामलीला का हुआ उद्‌घाटन, गूंज उठे जयकारे

**संभल, अमृत विचार :** श्रीराम लीला कमेटी संभल के तत्वावधान में श्रीराम लीला मंचन का बुधवार को रात भव्य उदघाटन हो गया। नगर पालिका प्रांगण में बुधवार को पंडित शोभित शास्त्री ने पूजन कराया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, उद्योगपति अरविंद अरोड़ा, डॉ.यूसी सक्सेना, विनय कुमार, कमलकांत तिवारी, अरविंद सक्सेना, सोनू चाहल, दिनेश ठाकुर आदि रहे। श्री आदर्श रामलीला कमेटी हयातनगर द्वारा श्री रामलीला का शुभारंभ हो गया।

### आज से दो स्थानों पर शुरू होगी रामलीला का मंचन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नवरात्र के पहले दिन गुरुवार से रामबाग धाम स्थित मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर परिसर व सीता रोड स्थित मां बगिया वाली देवी मंदिर परिसर में रामलीला मंचन किया जाएगा। दोनों ही स्थानों पर पहले दिन नारद मोह का मंचन होगा। रामबाग धाम पर रामलीला नाट्य परिषद द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा। कलाकार बारह सैनी धर्मशाला में रामलीला मंचन का अभ्यास कर रहे हैं। जिसमें व्यापारी, छात्र, नौकरी पेशा आदि लोग शामिल हैं। यह लोग पिछले काफी समय से रामलीला का मंचन करते चले आ रहे हैं। जो हर वर्ष रामलीला आयोजन से एक माह पहले से मंचन का अभ्यास करना आरंभ कर देते हैं। अभ्यास करने वालों में गिरिराज किशोर, अमित कुमार, नवीन चौधरी, कपिल राजा, हीरा लाल, संजीव वार्ष्णेय हैं।

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को पीटा, रिपोर्ट

संवाददाता, चन्दौसी/कुढफतेहगढ़

**अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचेटा में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट कर घायल कर दिया। महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति व सास के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामेश्वर निवासी थाना कुंदरकी ने अपनी पुत्री ज्ञानवती का विवाह थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचेटा निवासी अंकुश से तीन वर्ष पहले की थी। ज्ञानवती के भाई रिंकू ने बताया कि शादी के बाद ससुराल वाले मायके से दहेज नहीं लाने पर प्रताड़ित करते थे। सोमवार की रात को बिचेटा के ही एक व्यक्ति ने सूचना दी कि ससुराल वाले उसकी बहन के साथ मारपीट कर रहे हैं। मायके वाले ससुराल पहुंचे तो महिला जमीन पर अचेत पड़ी थी, दो माह का पुत्र हिमांशु रो रहा था। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए सीएचसी नरौली भेजा। जबकि ससुराल वाले दो माह के बच्चे को रोक लिया। जिसकी हालत सही नहीं थी।

मंगलवार को बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला का उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है।

### मामूली बात पर विवाद में आठ लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में बुधवार को अलग अलग जगह पर मामूली बात पर विवाद कर रहे आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की। सरायतरीन के मुहल्ला मंगलपुरा तकिया निवासी अनस, अमान, आमिर व थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा निवासी नदीम व हिलाल और थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी रमेश व मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी चंदा व सलमान को अलग अलग जगह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आठों लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पार करते समय महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। मुरादाबाद के डबल फाटक दुर्गेशनगर निवासी सावित्री सक्सेना पत्नी स्व. सूरज सक्सेना बुधवार सुबह पितृ विसर्जन अमावस्या पर बृजघाट स्नान करने गई थी। वह स्नान करने के बाद अपने घर वापस लौट रही थी। उन्होंने गजरौला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का टिकट लिया और प्लेटफॉर्म दो पर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। तभी मुरादाबाद की दिशा से आई नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर सावित्री की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। आरपीएफ दरोगा आशीष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हर्षित का राज्य स्तर पर क्रिकेट अंडर 17 में चयन

**बुरावली, अमृत विचार :** ग्रामोदय इंटर कॉलेज गंगेश्वरी के छात्र हर्षित नागर पुत्र भोला सिंह का राज्य स्तर क्रिकेट अंडर 17 में चयन होने से ग्रामीण क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। हर्षित नागर ने बताया कि 30 सितंबर को हुए मुरादाबाद मंडल क्रिकेट टूर्नामेंट में उसने पांच विकेट लिए थे। जिसमें मैन ऑफ द सीरीज मिली थी एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया था। 15 अक्टूबर को अगला मैच आगरा में होगा। उसका क्रिकेट अंडर 17 राज्य स्तरीय टीम में चयन किया गया है। छात्र के चयन से परिवार में खुशी है। जिसकी जानकारी कॉलेज के पीटीआई अनुज कुमार शर्मा ने दी। भोला सिंह नागर, मनोज नागर, सोनू नागर ने बधाई दी।


छात्र हर्षित नागर।

### पिकअप की टक्कर से ऑटो चालक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** पिकअप की टक्कर से ऑटो चालक घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। क्षेत्र के गांव यकबगड़ी निवासी दयाराम ऑटो लेकर धनौरा किसी काम से जा रहा था। जैसे ही शहर के रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचा तो उनके ऑटो में पीछे से पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें में ऑटो चालक दयाराम घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


महात्मा गांधी की मूर्ति को माला पहनाती जिलाधिकारी निधि गुप्ता व अन्य।


सेंट मरियम कान्वेंट स्कूल में जयंती के दौरान मौजूद लोग।



महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते छात्र-छात्राएं।

# गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों को आत्मसात करें : जिलाधिकारी

## डीएम ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया नमन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता की उपस्थिति में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी की मूर्ति व लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर राजकीय महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने ढोलक और हारमोनियम के साथ गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम की मनमोहक धुन की प्रस्तुति की।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दोनों महापुरुषों के जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। कहा कि महात्मा गांधी के देश को स्वतंत्र कराने के लिए किए योगदान को हम भुला नहीं सकते हैं। हमें उनके बताए हुए मार्गों को अनुसरण करने की आवश्यकता है। केवल भाषण देने और सुन लेने के लिए ही नहीं हमें उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके दिए संदेश को अपनी कार्यशैली से हम क्या परिवर्तन ला सकते हैं दूसरे के लिए अपने मन वाणी विचारों की शुद्धता व सत्यता से क्या बदलाव ला सकते हैं। यह ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें अपने विचारों में शुद्धता और सत्यता लाने की आवश्यकता है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के देश के लिए किए योगदानों को हम भुला नहीं सकते हैं।

कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करने वाली राजकीय महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की।


सफाई करते हसनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी व अन्य। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती

**बुरावली, अमृत विचार :** एसएलजे डिग्री कॉलेज हाकमपुर में प्रबंधक संजय सिंह भाटी और शिक्षकों ने गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। वहीं, राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज बुरावली में गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। प्राथमिक विद्यालय शकरगढ़ी, प्राथमिक विद्यालय जयतौली, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सूतावली कटाई जोया, ग्रामीण विकास सेवा समिति बुरावली, कंपोजिट विद्यालय पथरा मुस्तकाम बुरावली बिजली घर पर गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य, प्रबंधक सरोज गुर्जर, सदाकत अली, देव दत्त शर्मा, अजय पाल सिंह, एसएसओ सोनू त्यागी, प्रधान अरुण कपासिया, प्रधानाचार्य राजेश चंद्रा, प्रधानाचार्य चमन लाल सिंह, फिरोज खान, मनोज कुमार शर्मा, संजीव सिंह, मदन तंवर, गौतम, राहुल, प्रबंधक संजय सिंह भाटी, अंकित, सुमायला, सोनी नागर, समीक्षा त्यागी, सुरेंद्र पाल सिंह, राजकुमार शर्मा, श्वेता सैनी, नाजिया परवीन, महेंद्र सिंह, सुभाष सिंह, मोहित आदि उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी के जीवन दर्शन के बारे में बताया

**सैदनगली, अमृत विचार :** सोहनलाल देववती इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य पीतम सिंह सैनी ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के बारे में बताया। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विद्यालय के प्रबंधक अशोक पैसल और प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता व निरंजन सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया। उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करके महात्मा गांधी के जीवन दर्शन के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध समिति के सम्मानित अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता, प्रबंधक अशोक पैसल तथा प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सेंट मरियम कान्वेंट स्कूल में दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य विजय टाइटलर ने ध्वजारोहण किया और महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समरपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, तरुण कुमार, परम सिंह,, दीपा, मनीषा, ममता शर्मा, अंजली चाहल, सिमरन अग्रवाल, शाज़िया, सना उपस्थित रहे।

### लोगों को स्वच्छता के प्रति दिलाई शपथ

**हसनपुर, अमृत विचार :** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पालिका अध्यक्ष ने साथियों के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई। बुधवार को गांधी एवं शास्त्री जयंती पर पालिका परिसर में ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। इसके बाद पालिका अध्यक्ष ने शासन के निर्देश पर चलाए गए 155 घंटे स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभासदों एवं पालिका स्टाफ को प्रशस्ति पत्र व टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ईओ विजयपाल सिंह, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, जेई संगीता कश्यप, इशांत सैनी, शुभम अग्रवाल, दीपक कुमार, नितिन सैनी, राजपाल सैनी, हम्जा अली, जाहिद बंजारा, शारिक, करन सिंह, अरशद, दिनेश कुमार सहित पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

### जयंती पर विद्यालय में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय में निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यालय में महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन एवं झांकियां प्रस्तुत की गईं। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने बच्चों को उनके जीवन के बारे में बताया। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहन लाल, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा, चरन सिंह, कीर्ति भारद्वाज, मजंरी दीक्षित, खुशबू शर्मा, लक्ष्मी रस्तोगी, अंश सक्सेना, स्वाती, नीलम, चंद्रशेखर सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्राम प्रधानों को डीएम ने दिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद के जो गांव टीबी मुक्त हो गए हैं, उन गांवों के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया। कहा कि यह टीबी मुक्त अभियान को बरकरार रखें अब कोई भी टीबी ग्रसित मरीज गांव में नहीं होना चाहिए। इस दौरान नशा मुक्ति अभियान की जिलाधिकारी ने शपथ दिलाई।

### सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**गजरौला, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को इंदिरा चौक स्थित शिव मंदिर में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी हेम सिंह आर्य, पूर्व जिपं सदस्य महेश प्रधान, मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, डॉ. उत्तम प्रजापति, अंकुर नागर, डॉ. राजीव शुक्ला, विचित्र भाटी, उधम सिंह, मनोज शर्मा, डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, तेजपाल चौधरी, सुमित गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे। यहां सांसद ने सभी से महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की नीतियों को अपनाने पर जोर दिया।


क्रास कंट्री दौड़ में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## क्रॉस कंट्री रेस में अंजलि एवं जगदीश रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी की जयंती पर जिलाधिकारी ने गांधी मूर्ति चौराहा पर महात्मा गांधी व आंबेडकर चौराहा पर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा स्टेडियम में आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ का आरंभ किया।

क्रास कंट्री में 45 एथलीट्स और महिला वर्ग 25 एथलीट्स ने प्रतिभाग किया। क्रास कंट्री दौड़ में प्रथम जगदीश, द्वितीय आर्यन, तृतीय अनमोल राणा, चतुर्थ शिव कुमार रहे। बालिका में प्रथम अंजलि, द्वितीय स्थान पर सोफिया, तीसरे स्थान पर छाया रहीं। विजेताओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार का वितरण किया। दौड़ के आयोजन पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ. एमपी सिंह, शहीद भगत सिंह स्कूल के रोहित सांगवान रहे।

## विधायक के मामा की हत्या का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** 14 दिन बाद भी कोतवाली पुलिस विधायक के सगे मामा की हत्या का खुलासा नहीं कर पाई है। इससे पुलिस के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर निवासी सत्य प्रकाश पुत्र ऐदल सिंह की 19 सितंबर की रात को पशुशाला में हत्यारों ने बगल में गोली मारकर हत्या कर दी थी। सत्यप्रकाश भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के सगे मामा थे। विधायक के मामा की हत्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विधायक को फोन कर मामले को संज्ञान में लिया था। डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए हत्या का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए थे। लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी हवा में तीर चला रही है। हालांकि जनता में कई बार यह बात गूंजी थी कि पुलिस हत्यारों के करीब पहुंच चुकी है और इसका जल्द खुलासा कर देगी। लेकिन यह बात हवा हवाई साबित हुई है। विधायक के मामा की हत्या का खुलासा करने के लिए अधिकारियों ने पुलिस की आठ टीमें बनाईं थी। मुरादाबाद क्राइम ब्रांच समेत तमाम टीमों को खुलासा के लिए लगाया था। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद भी पुलिस इस हत्या का खुलासा करने में फेल है। पुलिस ने हत्या का खुलासा करने के लिए कई बिंदुओं पर जांच की, लेकिन नतीजा कोई नहीं निकल सका है। पुलिस द्वारा किये जाने वाले विधायक के मामा की हत्या के खुलासे की ओर ग्रामीण नजर रख रहे हैं। क्षेत्र की जनता चाहती है कि विधायक के मामा की हत्या करने वाले कातिलों का जल्द पर्दाफाश किया जाये और उनको जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए।


मृतक के परिजनों से वार्ता करते भाजपा सांसद कंवर सिंह तंवर। ● अमृत विचार

### सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने दी सांत्वना

**हसनपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंडल महामंत्री महेश खड़गवंशी के चाचा की हत्या के बाद उनके घर सांत्वना देने के लिए राजनीतिक लोग पहुंच रहे हैं। 19 सितंबर की देर रात्रि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घंसूरपुर में पूर्व मंडल महामंत्री महेश खड़गवंशी के चाचा सत्यप्रकाश की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार को भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर गांव पहुंचे और भाजपा नेता महेश खड़गवंशी से घटना के विषय में जानकारी की। इसी के साथ उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए उनके साथ खड़े होने का वादा किया।

## सार संक्षेप


झाड़ू लगाते भाजपा जिला महामंत्री व अन्य।

### स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत स्वच्छता प्रेरक भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को रामलीला ग्राउण्ड, मोहल्ला मेंहदीपुर में आंबेडकर पार्क और चामुण्डा मन्दिर में झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। इसके अलावा सभी ने गांधी जयंती भी मनाई। इस दौरान सभासद अमित भाटी, भगवत खड़गवंशी, अमित गुर्जर, राशिद, मेहरबान, फरीद, नईम, सूखा खड़गवंशी, नीतू भाटी, राजेश वाल्मीकि, स्वराज जाटव, अमित जाटव आदि लोग उपस्थित रहे।


बगद नदी की खोदाई करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता व विधायक राजीव तरारा।

### जिलाधिकारी एवं विधायक ने किया श्रमदान

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा खादर में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान बगद नदी के जीर्णोद्धार कार्य में अतिथियों ने श्रमदान भी किया गया। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने जनमानस से महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को अपनाने का आह्वान किया। कहा कि उनके विचार इतने अमूल्य हैं कि यदि हम उन्हें अपने जीवन में अपना लें तो निश्चित ही हमें सफलता की ओर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर धनौरा विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स समेत मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप, डीडी एग्रीकल्चर, खंड विकास अधिकारी अरूण कुमार व विकास खंड गजरौला का स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहे।

### गैस एजेंसी पर खड़े दो ट्रकों से 160 लीटर डीजल चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** चोरों ने सिलेंडर लदे ट्रकों से 160 लीटर डीजल को चोरी कर लिया। मामले में चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। मंगलवार रात कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडरों से भरे हुए दो ट्रक खड़े हुए थे। जिससे चोरों ने एक ट्रक से 120 लीटर डीजल को चोरी कर लिया। जबके दूसरे ट्रक से 40 लीटर डीजल चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने गैस एजेंसी के तालों को भी तोड़ने का प्रयास किया। वहां सो रहे चौकीदार की आहट सुनकर आंख खुल गई। उसने बताया कि ट्रक की ओट में कई चोर खड़े हुए थे। यदि चोर गैस एजेंसी के तालों को तोड़ लेते तो ज्यादा नुकसान हो सकता था। गैस एजेंसी के प्रबंधक महेंद्र सिंह आर्य ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

## स्वच्छता व सड़क सुरक्षा की शपथ ली

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई। राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. एमए गौरी ने ध्वजारोहण किया। सभी को स्वच्छता व सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। सर्वधर्म समभाव सभा के तत्वावधान में छात्रा श्रेया सिंह ने गीता पाठ, मुस्कान ने कुरान पाठ, अक्षय शर्मा ने बाईबल पाठ, सिमरन जीत ने गुरु ग्रन्थ साहिब पाठ किया। यश पब्लिक इण्टर कॉलेज में गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। मलखान सिंह व प्रधानाचार्य नीरज कुमार ने ध्वजारोहण किया। प्रबंधक लखवीर सिंह ने बच्चों को दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दरियापुर बुजुर्ग गांव में गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई। इस मौके पर वाहिद अली सैफी, सतेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, अरूण कुमार सिंह, इस्लाम मलिक, अकबर मलिक, गौरव सैनी रहे। ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में प्रबंधक रोहताश कुमार शर्मा व प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने ध्वजारोहण किया। नवादा रोड स्थित कारमेल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य सुधंशु शर्मा ने ध्वजारोहण किया।


सफाई करते छात्र। ● अमृत विचार

### गांधी एवं शास्त्री जयंती पर छात्रों ने की सफाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने कहा कि हमें महात्मा गांधी के बताए आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे भी स्वच्छता के प्रति इसी प्रकार जागरूक रहें और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें। स्वंयसेवी बृजेश ने ढवारसी के अस्पताल में सफाई की और प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया।

### बीटेक की छात्रा की बुखार से हुई मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ले की रहने वाली 20 वर्षीय बीटेक की छात्रा की बुखार के चलते मौत हो गई। बिना कानूनी कार्रवाई परिजनों ने छात्रा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि हसनपुर नगर के मौहल्ला रहरा अड्डा निवासी रमेश सैनी की 20 वर्षीय बेटी पायल सैनी को चार महीने पहले बुखार आया था। तभी से वह बीमार चल रही थी। परिजनों ने छात्रा को कई चिकित्सकों को दिखाया गया। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों ने छात्रा की हालत नाजुक होने पर उसे मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां मंगलवार रात छात्रा की मौत हो गई। इसके बाद छात्रा का शव घर लाया गया। जहां परिजनों ने बिना कार्रवाई छात्रा के शव का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि वह मुरादाबाद के कॉलेज में बीटेक की छात्रा थी।


मंदिर में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## मां चामुंडा मंदिर में माता रानी को पहनाए नए वस्त्र

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने से पहले बुधवार को भक्तों ने नगर के चामुंडा मंदिर में माता रानी को नए वस्त्र धारण कराए और मंदिर की सजावट कराई। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ की जाती है। नवरात्रों में मां चामुंडा मंदिर में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ लगती है। पुजारी पंडित सोमनाथ शर्मा ने बताया कि नवरात्रों की शुरुआत गुरुवार से हो रही है। मान्यता है कि जो भी भक्त नवरात्रों में माता रानी की सच्चे दिल से पूजा अर्चना कर कामना मांगता है, वह अवश्य पूरी होती है। जागेश चौहान, अक्ष चौहान, प्रतिमा अग्रवाल, पूजा चौहान, नेहा चौहान, मृदुला शर्मा, प्रियांशी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, उज्जवल शर्मा, आरती यादव, निर्मित अग्रवाल, हितांशी, हर्षी, युवराज रहे।

एक नजर

## गंगा में डूबे युवक की दूसरे दिन भी की तलाश

**गजरौला, अमृत विचार :** दोस्तों के साथ गंगा में नहाने गए युवक की दूसरे दिन भी गोताखोरों ने तलाश की। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। विकास (24) पुत्र गुरवेन्द्र सिंह निवासी गांव दरियापुर बुजुर्ग मंगलवार को अपने दोस्तों के साथ गंगा नहाने के लिये तिगरी गया था। यहां पर नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा था। उसे डूबता देखकर आसपास नहा रहे उसके दोस्तों व अन्य श्रद्धालुओं ने बचाने का भी प्रयास किया था, मगर वह नहीं बच सका था और गहरे पानी में डूब गया था। युवक की डूबने की घटना का पता चलते ही पीएसी के गोताखोर उसकी तलाश में जुट गए थे। वहीं बुधवार को दूसरे दिन भी गोताखोरों द्वारा युवक की तलाश की गई। मगर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल सका था।

## शारदीय नवरात्र को लेकर बाजारों में सजी दुकानें

**गजरौला, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र को लेकर बाजारों में पूजा की सामग्री की दुकानें सज गई हैं। गुरुवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं। जिसको लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। नवरात्र के पर्व को लेकर बुधवार को शहर बस्ती मार्ग, रेलवे स्टेशन रोड, इंदिरा चौक, चौपला आदि बाजार में पूजा की सामग्री की दुकानें सजाई गईं। धूपबत्ती, पान, सुपारी, देसी घी, नारियल, कूटू का आटा आदि व मां दुर्गा के स्वरूपों की मूर्तियों की बिक्री हुई। जिसको लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है।

## एसडीएम ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गांधी जयंती पर एसडीएम चन्द्रकान्ता ने तहसील परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने तहसील कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों को अपने घर और आसपास साफ सफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। बुधवार को एसडीएम ने तहसील कर्मचारियों के साथ तहसील परिसर में सफाई अभियान चलाया। सभी ने तहसील परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। उपजिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि साफ सफाई के कार्य में प्रत्येक नागरिक सहयोगी बने और अपने घर एवं आसपास साफ सफाई की जिम्मेदारी लें। इससे संक्रामक बिमारियां हमसे दूर रहेंगीं। इस दौरान तहसीलदार पीएन श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, श्याम सिंह, राजीव कुमार सिंह, कल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

# गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पितरों का तर्पण किया

### पितृ विसर्जन अमावस्या पर जिले में गंगा के घाटों पर सुबह से रही भीड़, शांति हवन कर दान-पुण्य किया, पुलिस बल रहा तैनात

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पितृ विसर्जन अमावस्या पर बृजघाट व तिगरी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। दोनों ही स्थानों पर घाट गंगा मैया के जयकारों से गंगा तट गूंज रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। हाईवे पर भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन रहा। हालांकि यातायात का दवाब बढ़ने से दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाइवे और तिगरी मार्ग पर दिनभर जाम लगा रहा। बुधवार को पितृ अमावस्या के स्नान के लिए श्रद्धालु रात से ही गंगा घाट पर पहुंच गए थे। सुबह श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया और अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ कराए और पुरोहितों को दान पुण्य देकर पुण्य लाभ कमाया। पितृ विसर्जन अमावस्या पर गंगा स्नान करने के लिए दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल समेत आसपास के जनपदों से श्रद्धालु पहुंचे, वहीं तिगरी में देहात क्षेत्र के श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा देखने को मिली। सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, निरीक्षक जितेन्द्र बालियान ने तिगरी का जायजा लिया। घाटों पर पीएसी के गोताखोर भी मुस्तैद रहे। पितृ अमावस्या पर श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में उमड़ने के कारण तिगरी मार्ग पर भी जाम के हालात बने रहे। हालांकि पुलिस ने वाहनों को बंदे पर बनाए गए पार्किंग स्थल पर ही रोक लिया था। लेकिन यातायात का दबाव बढ़ने से जाम के हालात बन गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम पर काबू पाया।



बृजघाट में गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



पितृ विसर्जन अमावस्या पर पूठ घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

### पितरों की आत्मा की शांति को किया हवन

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** मुबारिजपुर गंगा घाट पर पितृ अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। पितरों के तर्पण के लिए घरों से बनाकर लाये खीर, हलवा, दाल रोटी, सब्जी, आटे की पेड़ी, मिठाई आदि को पीपल के पत्तों पर रखते हुए पूजा अर्चना कर गंगा को अर्पण किया। श्रद्धालुओं ने पुराहितों से पूजा अर्चना कराते हुए पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किए। केवलसिंह, मनवीर, योगेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह, श्रीपाल, प्रेमपाल मौजूद रहे।

### पूठ गंगा घाट पर किया तर्पण

**हसनपुर, अमृत विचार :** पितृपक्ष अमावस्या पर पूठ गंगा धाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने पिंडदान भी किया। बता दें कि जिन लोगों को अपने पितरों की मृत्यु तिथि की तिथि ज्ञात नहीं होती है, वह अमावस्या पर श्राद्ध करते हैं। पितृपक्ष अमावस्या को अश्विन अमावस्या और दर्श अमावस्या के साथ-साथ सर्व पितृ पक्ष अमावस्या भी कहा जाता है।



मुबारिजपुर में पितृ विसर्जन अमावस्या पर तर्पण करते श्रद्धालु।

## बगद नदी की खोदाई के नाम पर मनरेगा में फर्जीवाड़ा का आरोप

**आदमपुर, अमृत विचार :** बगद नदी की खोदाई के नाम पर बिना कार्य कराई ही पुराने फोटो अपलोड करके मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाकर सरकारी पैसा हड़पा जा रहा है।

आदमपुर निवासी धीरज पुत्र मलखान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गंगेश्वरी विकासखंड क्षेत्र के गांवों में सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा हो रहा है। जिसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तत्कालीन जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांवों से गुजरने वाली बगद नदी को खोदने की मुहिम चलाई थी। जिसके बाद मनरेगा के मजदूरों से बगद नदी को खुदवाया जा रहा है।

शिकायकर्ता ने आरोप लगाया कि इसी की आड़ में गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव गंगेश्वरी के रोजगार सेवक व संबंधित अधिकारियों की सांठगांठ से फर्जी तरह से 100 से लोगों की हर रोज हाजिरी लगाई जा रही है। मांग की गई कि गंगेश्वरी में चल रहे फर्जी मनरेगा कार्य की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

# सरकारी व निजी संस्थानों में मनाई गांधी जयंती

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गांधी जयंती पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों व निजी संस्थानों में कार्यक्रम हुए। दूसरी तरफ विद्यालयों में स्वच्छता अभियान व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। तहसील में उपजिलाधिकारी चन्द्रकान्ता ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, नगरपालिका में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल व सभासद मौजूद रहे। ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा व बीडीओ विजय सक्सेना ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत रामचंद्र सिंह, एडीओ मनोज कुमार, पंकज कुमार, जितेंद्र यादव समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे। वाईएमएस डिग्री कालेज, भागीरथी देवी महाविद्यालय व अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर रियाज अहमद, एके सिंह प्राचार्य डॉ. अभय कुमार, प्रबंधक अशोक सैनी मौजूद रहे। उधर, ब्लू बर्डस इंटरनेशनल स्कूल, स्कॉलर्स होम वर्ड क्लास स्कूल, हीरा इंटरनेशनल स्कूल, एमएस सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में गांधी जयंती के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया व बापू द्वारा देश को आजादी दिलाने में किए कार्यों का बखान किया। इस मौके पर राहुल अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, विरेश पाल, बबिता चौधरी, अंजिली चौधरी, सोना अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद थे।

वहीं, बछरायूं में पालिका में ध्वजारोहण कर बापू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर ईओ दीपालिका, चैयरमेन राहत हसन आदि मौजूद थे। दूसरी तरफ एएनडीपी इंटर कालेज में गांधी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।



महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पालिकाध्यक्ष अन्य। ● अमृत विचार

- अधिकारियों व कर्मचारियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित किए
- विचारों से प्रेरणा लेने का सभी से किया आह्वान



बैठक करते डीआईजी मुनिराज जी व साथ में अन्य अधिकारी।

# त्योहारों को सकुशल संपन्न कराएं : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सभी सीओ व थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्योहारों महर्षि वाल्मीकि जयंती, महाराजा अग्रसेन जयंती, दुर्गा पूजा, विजयदशमी व दीपावली व साथ ही रेलवे ट्रैक की सुरक्षा सहित कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की।

डीआईजी मुनिराज जी ने निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराया जाए। मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक करने, साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर आम-जनमानस को जागरूक करने को लेकर निर्देशित किया। गोष्ठी के दौरान डीआईजी ने माफिया, डकैती/लूट के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में अपराध स्थिति, विवेचना निस्तारण, गैंगस्टर, ऑपरेशन कनविक्शन, लंबित आरोप पत्र, फुट पेट्रोलिंग, मिशन शक्ति की तैयारियों, महिला सुरक्षा हेतु गठित दल, आइजीआरएस के सम्बंध में दिशा निर्देश दिए।



शिव बरात में झांकी निकालते कलाकार।

# रामलीला मंचन से पहले शिव बरात निकाली

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नवयुवक रामलीला संघ के तत्वावधान में श्री रामलीला महोत्सव-2024 के आरंभ का आगाज शिव बारात से शुरू हुआ।

रामलीला मंचन के निमंत्रण के लिए पूरे कस्बे में शिव बरात निकाली गई। शिव बरात का आरंभ पुरुषोत्तम शरण गुप्ता ने किया। रामलीला समिति के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता ने बताया कि नवयुवक रामलीला संघ का इतिहास 65 वर्षों से भी अधिक का है। यहाँ रामलीला का मंचन वर्ष 1959 से निरंतर होता आ रहा है। 03 अक्तूबर को रामलीला मंचन का आरंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी करेंगे। इस अवसर पर अतुल गुप्ता, अमन गुप्ता, अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सत्यम गुप्ता, डॉ. राजू, कमल वर्मा, कपिल गुप्ता, पवन टांक, करुण गुप्ता, अंशुल वर्मा, पीयूष वर्मा, कमल वर्मा, अनिकेत गुप्ता, सचिन गुप्ता, नवनीत अग्रवाल आदि रहे।

- रामलीला मंचन का आज आरंभ करेंगे विधायक महेंद्र खड़गवंशी

# वृंदावन के कलाकार करेंगे रामलीला मंचन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तत्वावधान में होने वाली रामलीला मंचन का आरंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर किया। रामलीला का मंचन वृंदावन के कलाकार करेंगे।

मंगलवार रात समिति के पदाधिकारियों ने विधायक एवं पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया। विधायक एवं पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्रभु की लीला का मंचन देखकर हमारे बच्चों में सनातन धर्म एवं प्रभु राम के प्रति आस्था बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हमें लीलाओं का मंचन देखकर प्रभु राम के जीवन से सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर मुदित गुर्जर, देवेंद्र खड़गवंशी, इशांत सैनी, संजय शर्मा, अंकुर अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, दिनेश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विनोद भोज, जयपाल सैनी, भूरे, गिरधारी लाल सैनी आदि मौजूद रहे।



रामलीला मंचन का फीता काटकर आरंभ करते विधायक, पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।

### कथा में सुनाया कृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के हथियाखेड़ा में मां चामुंडा मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास ने कृष्ण-रुक्मणी के विवाह का वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने आरंभ किया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर ग्राम प्रधान जसवीर खड़गवंशी, होते सिंह, चंद्रपाल सिंह, डोरी लाल, ओम प्रकाश सिंह, टेकचंद सिंह, जगदीश ठेकेदार, सोमपाल सिंह, परम सिंह, कमल सिंह रहे।

# प्रधानाध्यापक के परिजनों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गांव सुल्तानठेर में स्थित संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार द्वारा आत्महत्या के बाद परिजन गहरे सदमे हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की मांग की है।

बता दें कि प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्यालय कक्ष में ही फंदे से लटककर जान दे दी थी। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी वायरल किया था, जिसमें उन्होंने साथी शिक्षक राघवेन्द्र सिंह, उनकी पत्नी सरिता सिंह व बीएसए मोनिका सिंह को अपनी आत्महत्या के लिये जिम्मेदार ठहराया था। शिक्षक ने सुसाइड नोट में कहा था कि शिक्षक राघवेन्द्र सिंह व उनकी पत्नी सरिता सिंह ने पिछले पांच वर्ष से उनका बहुत उत्पीड़न किया है। इस कारण वे बहुत परेशान थे। पुलिस ने शिक्षक द्वारा छोड़े गए 18 पेज के सुसाइड रजिस्टर को बरामद कर लिया था। एसडीएम हसनपुर, सीओ धनौरा ने भी घटनास्थल का मुआयना किया था। बुधवार को सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, धनौरा विधायक राजीव तरारा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने भी शिक्षक के घर पहुंचकर उनके शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दी और निष्पक्ष जांच के प्रति आश्वस्त किया। उधर बीएसए मोनिका सिंह भी संजीव कुमार के आवास पर पहुंची और परिजनों से बात की।

# हाईवे पर स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका को ट्रक ने रौंदा, मौत

संवाददाता, बरेली/रिठौरा

- पीलीभीत हाईवे पर लभेड़ा के पास ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर

**अमृत विचार :** थाना हाफिजगंज क्षेत्र में पीलीभीत हाईवे पर स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका की तेज रफ्तार ट्रक के रौंदने से मौत हो गई। हादसे में स्कूटी चला रहे लेखाकार भी घायल हो गए। चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है।

कोहाड़ापीर निवासी राखी रानी (48) कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हाफिजगंज में तैनात थीं। वह लेखाकार प्रमोद कुमार सक्सेना की स्कूटी पर बैठकर विद्यालय जा रही थीं। राजश्री कॉलेज के पास लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर में संकरी पुलिया पार करते समय ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वह स्कूटी से उछलकर नीचे गिरीं और ट्रक के पहिये के नीचे आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में लेखाकार भी घायल हो गए। भीड़ ने दौड़ाकर ट्रक रोक लिया, लेकिन मौका पाकर चालक फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी, थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। राखी के परिवार में बुजुर्ग मां नत्थो देवी, विधवा भाभी, दो भतीजी और एक भतीजा है। उन्होंने परिवार पालने की वजह से शादी नहीं की थी। प्रधानाध्यापिका सपना पांडेय, शिक्षिका अंजू गंगवार, अर्चना शर्मा, दुर्गा देवी, नेहा त्रिपाठी, दीपशिखा, रेनू बाला ने गहरा शोक जताया है।

## हादसे में कार सवार की मौत, साथी घायल

**बाजपुर, अमृत विचार :** सड़क हादसे में कार सवार की मृत्यु हो गई, जबकि उसका साथी घायल है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर केलाखेड़ा में पंडित ढाबे के पास मंगलवार की देर रात स्कार्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी। सूचना के बाद केलाखेड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू करके कार में फंसे दो युवाओं को किसी तरह बाहर निकाला। दोनों को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रदेश के सीमावर्ती ग्राम पुष्वाड़ा आर्सल-पार्सल स्वार रामपुर (उप्र) निवासी कुलदीप सिंह (27) को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल ग्राम नूरपुर स्वार रामपुर उप्र निवासी गुणवंत सिंह रंधावा उर्फ गोपी को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# रामपुर कांड के दोषियों को सजा दिलाने की मांग, पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 30वीं बरसी पर राज्य सरकार का पुतला दहन किया

**अमृत विचार :** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने दो अक्टूबर को रामपुर तिराहा कांड की 30वीं बरसी पर दोषियों को सजा नहीं दिए जाने के विरोध में राज्य सरकार का पुतला दहन किया। साथ ही रामपुर तिराहा, खटीमा और मसूरी गोली कांड के दोषियों को सजा दिलाने की मांग की।

बुधवार को बुद्ध पार्क में राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि घटना के 30 वर्ष बाद भी दोषियों को सजा न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अगले 10 साल तक अन्य राज्यों के अधिकारियों को उत्तराखंड में नियुक्तियां नहीं दी जाएं। पहाड़ की भौगोलिक परिस्थितियों से परिचित अधिकारियों को जिम्मा मिलने से पहाड़ों में सुनियोजित विकास होगा और अन्य प्रदेशों के नौकरशाह जो राज्य में लूट खसोट में लगे हैं, उन पर शिकंजा कसेगा। चेतावनी दी कि अब राज्य आंदोलनकारियों को ही सड़कों पर उतरना पड़ेगा, तभी रामपुर तिराहा, खटीमा व मसूरी गोली कांड के शहीदों को न्याय मिल पाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, जगमोहन चिलवाल, राजेंद्र खनवाल, ज्योत्सना पांडे, पुष्पा बिष्ट, बबली रौतेला, कैलाश साह, बृजमोहन सिजवाली, एपी केसरवानी, भुवन जोशी रहे।

# हाईटेंशन लाइन से छू गई पिकअप, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

हादसा

- मंगलवार रात थाना वजीरगंज के कस्बा सैदपुर में हुआ हादसा
- भैंस खरीदने का काम करता था सोहेल कुरैशी

**अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा सैदपुर में झूल रही हाइटेंशन लाइन का तार पिकअप से छू गया। पिकअप में करंट आ गया। उसमें सवार युवक करंट की चपेट में आ गया। युवक गंभीर रूप से झुलस गया। युवक को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार में चीत्कार मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला मीरा साहब निवासी अकरम कुरैशी कबाड़ खरीदकर बेचने का काम करते थे। उनका बेटा सोहेल कुरैशी बचपन से ही अपनी ननिहाल थाना वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा सैदपुर की नई बस्ती निवासी कल्लू कुरैशी के घर पर रहते थे। सोहेल कुरैशी अपनी मामा के साथ भैंस खरीदने का काम करते थे। मंगलवार को सोहेल और मोहल्ला के ही मुनीर ने जिला बरेली की तहसील आंवला क्षेत्र से पिकअप किराए पर ली और चंदौसी चले गए थे। वापस लौटने में ज्यादा रात हो गई थी। जिसके चलते पिकअप चालक सोहेल और मुनीर को कस्बा सैदपुर तक छोड़ने के लिए आया था। सैदपुर निवासी उवैस खां के मकान के सामने हाईटेंशन लाइन का ताल झूल रहा था। उनकी पिकअप लाइन से छू गई। चालक को जानकारी होती इससे पहले ही सोहेल ने दरवाजा खोला तो उन्हें करंट लग गया। वह दरवाजे के बाहर जमीन पर जा गिरे। मुनीर को करंट का हल्का झटका लगा। चालक पिकअप से बाहर आया और हाईटेंशन लाइन को जैसे-तैसे पिकअप से अलग किया। बेसुध पड़े सोहेल व मुनीर को प्राइवेट अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सक ने सोहेल को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर सोहेल के परिजन चीत्कार करते हुए पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव दफन कर दिया। मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

# कुशीनगर नकली नोट कांड में एटीएस ने 15 को किया चिह्नित

## जांच हुई शुरू, तलाश रही नेपाल और पाकिस्तान कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** :कुशीनगर के तमकुहीराज में 24 सितंबर को नकली नोट सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया था। इसकी जांच पांच दिन पहले एटीएस ने शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय एटीएस की टीम ने अब तक 15 लोगों को चिह्नित किया है। जिनके संबंध पकड़े गये आरोपियों से सीधे थे। उनकी लंबी बातचीत का भी ब्योरा मिला है। सभी तमकुहीराज कस्बा के साथ आसपास के इलाके में रहने वाले हैं।

कुशीनगर पुलिस ने 24 सितंबर को तमकुहीराज कस्बे से 5.62 लाख रुपये के नकली नोट, अवैध असलहे, बम और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ गिरोह पकड़ा। इस गिरोह का सरगना समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी उर्फ बबलू हैं। पुलिस ने पहले दिन 10 लोगों को दबोचा था। ज्यादातर आरोपियों की राजनैतिक पृष्ठभूमि हैं। एटीएस की जांच में गिरोह के पकड़े गए सदस्यों के अलावा सिंडिकेट को बेनकाब करने का लक्ष्य है। दो दिन के अंदर एटीएस की टीम ने चिह्नित 15 में 10 लोगों को थाने में बुलाकर पूछताछ भी किया है।




- सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव है सरगना

### दो मदरसे से जुड़े लोगों से हुई पूछताछ

एटीएस ने गिरफ्तार आरोपियों से सीधा संपर्क रखने वाले तमकुहीराज एवं पिपरा कनक में स्थित मदरसे से जुड़े कुछ लोगों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। जाली करेंसी कांड के गिरफ्तार नौशाद खान, मोहम्मद रफी एवं हासिम अंसारी तमकुहीराज कस्बा स्थित एक मदरसे के प्रबंधकीय कमेटी के सदस्य हैं। पिपरा कनक मदरसे के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के बेटे का काफी नजदीकी रिश्ता था।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला फायर सिलेंडर

**कानपुर देहात, अमृत विचारः** रूरा थाना क्षेत्र के अंबियापुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह डाउन लाइन पर एक फायर सिलेंडर पड़ा मिला। इटावा से कानपुर जा रही मालगाड़ी के चालक ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने सिलेंडर को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की है।

दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन पर इटावा से कानपुर जा रही ईएस 6 मालगाड़ी के चालक ने अंबियापुर स्टेशन के पास डाउन लाइन पर बीच रेल पटरी पर फायर सिलेंडर पड़ा देखा। वाकी-टॉकी से इसकी सूचना स्टेशन मास्टर नौशाद अली को दी। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी अर्पित तिवारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर रजनीश राय पुलिस बल के पास मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी ट्रेन से फायर सिलेंडर गिरने की संभावना है।

# कानपुर में युवती के साथ गैंगरेप, बदहवास मिली

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

- वारदात के बाद सभी आरोपी अपने घरों से हुए फरार

**अमृत विचारः** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बदहवास हालत में पड़ी मिली युवती को पहले भीतरगांव सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। होश आने पर युवती ने जब आपबीती बताई तो पुलिस भी हैरत में पड़ गई। गैंगरेप की बात सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पूरा मामला साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। युवती के पिता ने गांव के ही रहने वाले दो युवकों के साथ तीन अन्य साथियों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। बताते हैं कि युवती ने पुलिस को बताया कि प्रेमी ने उसे मिलने के बहाने बुलाया। इसके बाद उसे गांव के ही एक घर में ले गए, जहां प्रेमी, उसके दोस्त और तीन अन्य युवकों ने उसके साथ बारी-बारी से रेप किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे वह बदहवास होकर गिर गई।

**मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाईः एसीपी**

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवती के आरोपी की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवती ने जो घटनाक्रम बताया है, प्रारंभिक जांच में वह स्पष्ट नहीं हो रहा है। फिलहाल पुलिस घटना की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।

## सार-संक्षेप

### इस माह घोषित हो सकते हैं विधानसभा उप चुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार** : प्रदेश में खाली चल रही 10 सीटों पर विधानसभा उप चुनाव की घोषणा इस माह होने की संभावना है। चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन कार्यालय में सक्रियता बढ़ गई है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग इस माह उप चुनाव की घोषणा कर सकता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची की खामियां दूर की जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारियों को तीन अक्टूबर से पहले मतदाता सूची दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के तहत अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर नए मतदान बूथों को बनाने की तैयारी चल रही है।

### प्रयागराज में बनेगा डिजिटल कुंभ म्यूजियम

**लखनऊ, अमृत विचार** :प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आनन्द लोग डिजिटल माध्यमों से भी ले सकेंगे। पर्यटन विभाग डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनाएगा, जहां डिजिटल माध्यमों से समुद्र मंथन देखने को मिलेगा। साथ ही अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए बुधवार को पर्यटन मंत्री जयवीर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के विजनरूप प्रयागराज में शिवालय पार्क के पास, अरैल रोड नैनी में डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनेगा। इसके लिए स्वीकृत 21.38 करोड़ रुपए में छह करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। संग्रहालय का आकार 10 हजार वर्ग मीटर होगा, जिसमें एक साथ दो हजार से ढ़ाई हजार लोग भ्रमण कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि डिजिटल म्यूजियम में समुद्र मंथन की 14 रत्नों वाली गैलरी बनाई जाएगी। डिजिटल स्क्रीन समेत अन्य माध्यमों से प्रयागराज महाकुंभ-कुंभ, हरिद्वार,नासिक, उज्जैन कुंभ आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

### 5 से फिर बारिश के आसार, गिरेगा तापमान

**लखनऊ** : बंगाल की खाड़ी कम दबाव बनने के कारण एक बार फिर मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि 5 से 7 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उसके बाद ही पूर्वी उत्तर प्रदेश से मानसून की विदाई के बारे में पता चलेगा। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू हो गई। बुधवार की सुबह से चटख धूप खिली थी। दिन चढ़ने के साथ ही तपिश ने बेहाल किया। साथ ही उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। लखनऊ का अधिकतम तापमान 35.3 और न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। 4 अक्टूबर को मौसम साफ रहने का अनुमान है।

### रानी लक्ष्मीबाई योजना के लाभ से कई महिलाएं वंचित

**लखनऊ, अमृत विचार** : महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित रानी लक्ष्मीबाई योजना के लाभ से 48 महिलाएं वंचित रह गईं। फारेंसिक विभा की रिपोर्ट न आने के कारण समिति की बैठक बेनतीजा रही। रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं/बालिकाओं का तत्काल आर्थिक एवं चिकित्सा सहायता दी जाती है। साथ ही समुचित इलाज, तत्काल आर्थिक क्षतिपूर्ति की सुविधा भी मिलती है। इसके अलावा विभिन्न 09 धाराओं में अपराध पीड़ित महिलाओं को कोष के तहत सुविधाएं दी जाती हैं। पीड़ित महिला या उसके परिजनों की ओर से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया जाता है। पुलिस की कार्यवाही की रिपोर्ट लगने के साथ फारेंसिक विभाग की जांच रिपोर्ट लगती है। इस बार 48 प्रकरण लखनऊ के ऐसे थे जिसमें फारेंसिक विभाग ने अपनी रिपोर्ट नहीं दी थी और बैठक बेनतीजा रही। जबकि 14 प्रकरण योजना के मानक न पूरा करने के कारण निरस्त कर दिए गए है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि फारेंसिक विभाग से जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है। इस बीच राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत 30 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। इस सिलसिले में शासनादेश जारी किया गया है।

# ज्येष्ठता- मेरिट आधारित पदोन्नति की नई गाइडलाइन

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- आरोपों से घिरे अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार** : राज्य की सेवाओं में ज्येष्ठता और मेरिट आधारित पदोन्नति की नई गाइडलाइन जारी की गई है। इससे जिन सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित है या जिनके आचरण की जांच चल रही है, उनकी मेरिट आधारित चयन में पदोन्नति रोकी नहीं जाएगी, जब तक की पूरी सुनवाई का अवसर न दिया जाए।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बदली गई गाइडलाइन को तत्काल प्रभाव से लागू करें। यह आदेश प्रदेश के करीब 18 लाख अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों-शिक्षणेत्तर कर्मियों पर अक्टूबर माह से लागू हो गए हैं। हालांकि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट से भी व्याख्या की गई है। अब सरकार से भी उसी अनुसार शासनादेश जारी करके राहत दी गई है।

मुख्य सचिव की ओर से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को भेजे गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 27 सितंबर 2019 के माध्यम से मेरिट आधारित चयन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया में तय मार्गदर्शक सिद्धांत और व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

# आयोगों के अध्यक्ष आज ग्रहण करेंगे कार्यभार

**लखनऊ,अमृत विचार** : गोसेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के साथ ही एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, उपाध्यक्ष बेचन राम व जीत सिंह खरवार समेत बाकी सदस्य तीन अक्टूबर को कार्यभार ग्रहण करेंगे। शासन के अधिकारियों के अनुसार एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों के कार्यभार को लेकर गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण मुख्य अतिथि होंगे। मालूम हो कि दोनों आयोगों में करीब ढाई साल से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य के पद खाली चल रहे थे।

# 56 साल पहले लापता हुए वायुसेना के जवान का किया अंतिम संस्कार

एजेंसी, सहारनपुर

- शीला और उनका बेटा भी दुनिया में नहीं रहे

वायुसेना के जवान बुधवार को 56 साल पहले हुए विमान हादसे में लापता मलखान सिंह का पार्थिव शरीर लेकर सहारनपुर स्थित उनके पैतृक गांव फतेहपुर पहुंचे। सिंह 56 साल पहले रोहतांग दर्रे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार थे और घटना के बाद से लापता थे। वायुसेना ने पहले ही उनके परिवार को इस संबंध में सूचना दे दी थी ऐसे में अंतिम संस्कार को लेकर परिवार और गांव वालों ने तैयारी कर ली थी और शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। वायु सेना का जवान इतने सालों तक बर्फ में दबा रहा। उनके पार्थिव शरीर को अपराह्न करीब 2:30 बजे सिंह के गांव फतेहपुर लया गया. शाम करीब 6:30 बजे परिवार ने उनका अंतिम संस्कार किया। परिवार वालों ने सरकार से उनके लिए 'शहीद' का दर्जा और मुआवजा देने की भी मांग की।



शहीद मलखान सिंह के सगे संबंधी।


उनके छोटे भाई इसम सिंह (68) ने बताया कि मलखान सिंह 20 साल की उम्र में वायुसेना में शामिल हुए थे और इसके तीन साल बाद विमान दुर्घटना में शहीद हो गए थे। घटना के समय उनके परिवार में उनकी पत्नी शीला देवी और 18 माह का बेटा राम प्रसाद थे। इसम ने बताया कि मलखान की मौत के बाद शीला ने उनके दूसरे छोटे भाई चंद्रपाल से शादी कर ली थी। शीला और उनका बेटा भी फिलहाल दुनिया में नहीं है।

मलखान सिंह के परिवार में अब उनके पोते गौतम और मनीष तथा पोतियां सोनिया, सीमा और मोनिका हैं। गौतम और मनीष सहारनपुर में ऑटो चलाते हैं।

# हापुड़ के बिजली अधीक्षण अभियंता व दो उपखंड अधिकारी समेत छह निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : निविदाओं का समय से निस्तारण न करने, भ्रष्टाचार की शिकायत होने व कार्य में शिथिलता पाए जाने पर बिजली अधीक्षण अभियंता हापुड़ अविनाश कुमार व दो उपखंड अधिकारी भूपेंद्र कुमार व देवेंद्र कुमार समेत छह कर्मियों को निलंबित कर दिया गया गया। संविदा कर्मी हिमांशु कुमार की सेवा समाप्त करते हुए कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। दो कर्मचारी स्थानांतरित किए गए हैं, जबकि मुख्य अभियंता बुलंदशहर क्षेत्र को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने यह कार्रवाई की।



- संविदा कर्मी की सेवा समाप्त प्राथमिकी दर्ज, दो स्थानांतरित

हापुड़ क्षेत्र में अधिशासी अभियंता वितरण खंड-द्वितीय पिलखुआ मनीष यादव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। वर्तमान उपखंड अधिकारी अरविंद कुशवाहा व अवर अभियंता हृदय शंकर प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अवैध लाइन के निर्माण के मामले में निलंबित कर्मियों में उप खंड अधिकारी के अलावा अवर अभियंता आनंद कुमार, लेखराज सिंह व आशुलिपिक संजीव आनंद शामिल हैं। लेखाकार राजीव कुमार को स्थानांतरित कर मुरादाबाद क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है। इसी तरह, कार्यकारी अधिकारी यतेंद्र कुमार शर्मा को स्थानांतरित कर सहारनपुर क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है।

# सड़क को गड्ढामुक्त न करने पर मैनपुरी के दो एई निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बलिया में स्वीकृत लंबाई से कम मिली सड़क, एई-जेई पर निलंबन की कार्रवाई

**अमृत विचार** : शासन ने राज्य की क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक नहीं कर पाने का दोषी ठहराते हुए मैनपुरी के दो सहायक अभियंताओं (एई) विनोद कुमार और शिवओम को निलंबित कर दिया है। ये दोनों एई वहां के निर्माण खंड-3 में कार्यरत हैं। इटावा-मैनपुरी राज्य मार्ग, सिरसागंज-किशनी-विधुना राज्य मार्ग, करहल-कुरावली मार्ग और किशनी-जसराना और कीरतपुर-उखांड मार्ग में कई स्थानों पर गड्ढे होने, काम की गुणवत्ता संतोषजनक न होने और समय से काम पूरा न होने के चलते शासन ने इन पर कार्रवाई की है।

वहीं बलिया में स्वीकृत लंबाई से कम काम होने पर भी ठेकेदार को भुगतान किए जाने पर एई बाबर अली और अवर अभियंता (जेई) राहुल सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच यूपी पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने खंड और सर्कल में दो से तीन महीने काम करने के बाद ही अभियंताओं के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने पर नाराजगी जताई है।

## वर्ग पहेली-210

**बाएं से दाएं**

1. एक प्रकार का मीठा व्यंजन।
3. 1. सुनार का तराज़ू 2. लौहशलाका।
5. 1. जीवन के निर्वाह और रक्षा का उपाय या साधन, जीविका 2. रोज़ी-रोटी का प्रबंध।
8. 1. किसी दूसरे को बीनने या छांटने के काम में प्रवृत्त करना, चुनवाना 2. सिलाई आदि की सहायता से धागे से कपड़ा बनाना, बुनवाना।

**ऊपर से नीचे**

2. रोष से भरा, रोषयुक्त, रोषपूर्ण।
4. 1. दूर करना, हटाना 2. बंद करना 3. छिपाना 4. आच्छादित करना, ढकना 5. विचार या इच्छा को दबाना 6. रोकना 7. आत्मसंयम, आत्मनिग्रह 8. निग्रह 9. पसंद करना, चुनना 10. समाप्ति।
6. 1. मोटरयान
7. 1. चार कोनों वाला, चौखूंटा 2. जिसके या जिसमें चार कोण हो 3. चौकोर, चतुष्कोण।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| ■ | 4 | ■ | ■ | | ■ |
| 5 | | | 6 | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 7 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -209 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ए | ■ | 2 अ | र | 3 ना |
| ■ | क | ■ | रु | ■ | गां |
| ■ | म | ■ | णो | ■ | ग |
| 4 हि | त | वा | द | ■ | ■ |
| फ़ा | ■ | ■ | य | ■ | 5 जि |
| 6 ज़ | ख़ | नी | ■ | ■ | ग |
| ती | ■ | ■ | 7 प | ने | री |

# 40 जिलों के ग्राम पंचायत की ऑनलाइन होगी कुंडली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : 40 जिलों की ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर जल्द ऑनलाइन दिखेंगे। पंचायती राज विभाग ने पहले चरण के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल बांदा, इटावा, बहराइच, मेरठ व गाजीपुर के मैनुअली रजिस्टर डिजिटल करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।




- दूसरे चरण में बरेली, पीलीभीत शाहजहांपुर और बदायूं शामिल

साथ ही दूसरे चरण के 35 जिलों में 99 फीसद कार्य पूर्ण कर लिया है। सभी रजिस्टर 6 अक्टूबर को स्कैन करने के लिए कंपनियों को सौंपे जाएंगे और विभाग की वेबसाइट पर अपलोड होंगे। इससे ग्रामीण ऑनलाइन मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, नाम, पता, उम्र, शिक्षा, कार्य समेत अन्य विवरण देख सकेंगे। इन रिकार्ड की ज्यादातर योजनाओं संबंधित कार्यों में जरूरत पड़ती है। जो एक क्लिक पर पूरी कुंडली खोल सकेंगे और प्रधान व सचिव के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

दूसरे चरण में लखनऊ, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, गोरखपुर, महारागंज, देवरिया, कुशीनगर, वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, झांसी, जालौन, ललितपुर, अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, शामली व सहारनपुर को शामिल किया गया है।

## सुडोकू -123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | | |
| 3 | | 5 | | | | 8 | 9 | 2 |
| | 4 | 7 | 3 | 9 | | | | |
| 8 | | 4 | | 2 | 6 | | | 7 |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | 8 | | 6 | | 5 |
| | | | | 5 | 9 | 4 | 1 | |
| 5 | 6 | 8 | | | | 2 | | 9 |
| | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू - 122 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 8 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 4 अक्टूबर 02.58 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 03.32 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज विरोधियों के साथ समझौता हो सकता है। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। धार्मिक कार्यों में सहभागिता बढ़ेगी।

**वृष** — आज आपके अच्छे व्यवहार से लोग प्रसन्न होंगे। मित्रों से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। अनावश्यक तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी आज नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

**मिथुन** — आज अपनी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करेंगे। आज मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। शेयर मार्केट से लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कर्क** — आज सरकारी कार्यों में आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद सौंपा जा सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पलों का आनन्द उठायेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। घर में कोई उत्सव हो सकता है।

**सिंह** — आज अचल संपत्ति की ख़रीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है। परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। मन का तनाव दूर होगा। जीवन में तरक्की के नए अवसर बनेंगे।

**कन्या** — आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धर्म कार्यों में मन लगेगा। जॉब में उच्च पद प्राप्त होने की संभावना है। मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद होगा। आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक** — आज आप पुराने मित्रों के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। आपके ऊपर से काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी।

**धनु** — आज परिवार के लोगों को आप समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। काम करने के तरीके में बदलाव ला सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर** — आज राजनीतिक विषयों पर ज्यादा बहसबाजी न करें। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन फंस सकता है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है।

**कुंभ** — आज स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। घर में साफ-सफाई का ध्यान रखें। बच्चों की परेशानियों को समझें।

**मीन** — आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। जॉब में आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आय में वृद्धि होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जीवन युद्ध — सुबह : 08.48
गब्बर शेर — शाम : 04.03

&pictures
पुलिस पॉवर — सुबह : 10.07
लाडला — रात : 07.07

SONY PIX
ओलम्पस हास् फालेन — सुबह : 09.49
स्पाइडर मैन — शाम : 06.40

ZEE CINEMA
क्रिश 3 — सुबह : 11.01
गदर 2 — रात : 08.00

colors CINEPLEX
साजन — सुबह : 11.25
दिल है तुम्हारा — शाम : 06.50

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मैं हमेशा के लिए घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- मैं भी बंगाली बाबा के पास जा रहा हूं
पत्नी- मुझे मागने के लिए...
पति- नहीं, ये बताने के लिए की कृपा आनी शुरू हो गयी है...

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर – वो कैसे??
गप्पू- क्योंकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।

# झारखंड में हिंदुओं-आदिवासियों की घट रही संख्या

## मोदी ने झामुमो पर घुसपैठियों का समर्थन कर वोट बैंक की राजनीति करने का लगाया आरोप

हजारीबाग (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य की पहचान, संस्कृति और विरासत की कीमत पर घुसपैठियों का समर्थन करके वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि माटी, बेटी, रोटी को बचाने के लिए अब ऐसी ताकतों को बाहर करने का समय आ गया है।

मोदी ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि झारखंड में बेटी, माटी, रोटी की रक्षा करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को परिवर्तन का समय आ गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला



हजारीबाग में आयोजित सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को कलश भेंट करती महिला।

गठबंधन खतरनाक खेल खेल रहा है, जो घुसपैठियों को संरक्षण देते हुए लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपराओं को खतरे में डाल रहा है। परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और इसने 5,400 किलोमीटर की दूरी तय की। एक पखवाड़े में मोदी की झारखंड की यह दूसरी यात्रा है, जहां 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं और मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त होगा। अपने आगमन पर मोदी ने एक विशेष खुले वाहन से भीड़ का अभिवादन किया और आदिवासी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। महिलाओं ने उन्हें परिवर्तन यात्रा के दौरान एकत्र की मिट्टी से भरा एक कलश भेंट किया।

### 83,700 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड में 83,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की और राज्य की प्रगति के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जनजातीय विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस जनसांख्यिकी के लिए महात्मा गांधी का दृष्टिकोण हमारी परिसंपत्ति है। मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की जिसे 79,150 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देशभर में आदिवासी समुदायों के लिए व्यापक और समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

### नीरज की मां के हाथ का बना चूरमा खाकर प्रधानमंत्री हुए भावुक

**नई दिल्ली।** भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा की मां के हाथ का बना चूरमा खाकर प्रधानमंत्री मोदी भावुक हो गए। मोदी ने नीरज की मां को पत्र लिखा और उनका धन्यवाद किया। मोदी ने पत्र में लिखा कि कल आयोजित भोज में मेरी नीरज से मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे आपके हाथों का बना चूरमा दिया। नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया। आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी।

# भरोसा तोड़ने वालों के सरदार हैं प्रधानमंत्री मोदी : खरगे

चंडीगढ़, एजेंसी

- चरखी दादरी की चुनावी सभा में कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा की जनता से किए वादे पूरे नहीं करने के लिए बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं।

चरखी दादरी की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता इस चुनाव में कांग्रेस को जिताने का फैसला कर चुकी है। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। कहना नहीं चाहता लेकिन आज के सत्ताधारी लोग कितना सच बोलते है और कितना झूठ। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी तो भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं। उनके सैकड़ों झूठ आप लोग देख चुके हैं। खाते में 15 लाख देने से लेकर महंगाई कम करने और सालाना दो करोड़ नौकरी, ये सब झूठ कुछ निकला। खरगे ने कहा कि 10 सालों में मोदी की डबल इंजन सरकार ने जवान और किसान दोनों को बर्बाद किया।

### यह लड़ाई अन्याय और दुष्टों के खिलाफ : प्रियंका गांधी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोगों से भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया और कहा कि यह दुष्टों, अन्याय और असत्य के खिलाफ लड़ाई है। प्रियंका ने जुलाना में पहलवान विनेश फोगाट के पक्ष में प्रचार के दौरान रैली को संबोधित किया। रोजगार, अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना और किसानों के कल्याण सहित अन्य मुद्दों को लेकर राज्य की भाजपा नीत सरकार पर हमला करते हुए प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने हर स्तर पर लोगों को धोखा दिया है।

## एक नजर

### चोरों ने महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में दो चोरों ने घर में लूटपाट के बाद महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने घटना के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर दो बजे मैत्री विहार इलाके की है। एक फ्लैट में महिला दो साल की बेटी के साथ थी और घटना के समय फ्लैट में कोई पुरुष नहीं था। पुलिस ने संदेह जताया कि चोर डंडे के सहारे इमारत में घुसे होंगे। शिकायत के अनुसार चोरों ने पहले चाकू दिखा कर महिला के गहने और मोबाइल फोन लूटे। इसके बाद उन्होंने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और धमकी दी कि अगर वह मदद के लिए चिल्लाई तो वे उसकी बेटी को मार देंगे।

### तीन बालिकाओं की चोरल नदी में डूबने से मृत्यु

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बलवाड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार को दो बहनों समेत तीन बालिकाओं की चोरल नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों में करौंदिया ग्राम की अंशिका खेडेकर (10), उसकी बहन मीनाक्षी (12) और एक अन्य करिश्मा कछाया (14) है। वे निमाड़ में मनाया जाने वाला त्योहार संजा माता के विसर्जन को कुंडिया ग्राम के चोरल नदी परिजनों के साथ गई थी।

### एक ही परिवार के चार लोग घर में मिले मृत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में बुधवार सुबह दंपति और उनके दो बेटे घर में मृत मिले। पुलिस ने आत्महत्या का संदेह जताया। अधिकारी ने बताया कि घर में मिले कथित सुसाइड नोट से पता चला है कि धोखाधड़ी के मामले में बेटे की गिरफ्तारी से परिवार तनाव में था। कुछ पड़ोसियों ने मोवाड गांव निवासी परिवार के घर में सन्नाटा पसरा देखा और पुलिस को सूचित किया।

# हाथ में तिरंगा लेकर सिद्धारमैया के जूते खोलने पर विवाद

बेंगलुरु, एजेंसी

- बेंगलुरु में गांधी जयंती के कार्यक्रम में आए थे मुख्यमंत्री

कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा हाथ में तिरंगा लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री के जूते उतारने का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सिद्धारमैया और सत्तारूढ़ पार्टी से देश और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के लिए लोगों से माफी मांगने को कहा।

यह घटना बुधवार को उस समय हुई, जब मुख्यमंत्री महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। वीडियो में पार्टी कार्यकर्ता जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के जूते उतार रहा था, तब मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति को कार्यकर्ता के हाथों से झंडा लेते देखा गया। यह कथित वीडियो एक्स पर साझा करते हुए विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गुलामी की जंजीरों से मुक्त होकर भारत आज विश्व में अग्रणी राष्ट्र है। राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रभक्त ये सब कांग्रेस के लिए हमेशा निरर्थक रहे हैं। कांग्रेसियों ने गांधी जयंती पर राष्ट्रीय ध्वज को गुलामी के प्रतीक के रूप में पेश किया और मुख्यमंत्री ने इस पर कोई आपत्ति भी नहीं जताई।

# अपराध शाखा ने की गोविंदा से पूछताछ

**मुंबई।** मुंबई की अपराध शाखा के अधिकारियों ने रिवॉल्वर से गोली चलने से घायल अभिनेता गोविंदा से मुलाकात की और उनसे पूछताछ की। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मुंबई अपराध शाखा ने घटना की जांच शुरू कर दी है। गोविंदा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली गोली उनके पैर में लगी थी जिसे चिकित्सकों ने निकाल दिया है। किसी ने इस मामले में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक की अगुवाई में अपराध शाखा के दल ने अस्पताल का दौरा किया और अभिनेता से घटना के बारे में बातचीत की।

# रिहाई के बाद फिर से हिरासत में लिए गए वांगचुक, बेमियादी अनशन जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की सीमा से वांगचुक सहित 150 लोगों को पुलिस ने लिया था हिरासत में

पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और लद्दाख के 150 अन्य लोगों ने दोबारा हिरासत में लिए जाने के बाद बेमियादी अनशन बुधवार को भी जारी रखा। उन्होंने कहा कि शांति और लोकतंत्र को प्रदर्शित करने वाले दिवस गांधी जयंती पर उनके अधिकारों को कुचल दिया गया है।

वांगचुक दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे थे, जो एक महीने पहले लेह से शुरू हुई थी। उन्हें सोमवार रात हिरासत में लिया गया। लेह एपेक्स बॉडी के समन्वयक जिगमत पलजोर ने बुधवार सुबह जारी बयान में कहा कि 24 घंटे से अधिक समय से जारी उनकी हिरासत अवैध है। पलजोर ने कहा कि हम पदयात्री खुद को एक खतरनाक स्थिति में पा रहे हैं। हमें 24 घंटे से ज्यादा समय से हिरासत में रखा गया है। यह हिरासत अवैध है, 24 घंटे की अवधि बीत चुकी है और हमें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिए। कुछ समूहों को 24 घंटे में रिहा कर दिया गया और फिर थाने वापस बुला लिया गया। बीती रात को पुलिस ने हमें जबरन एक अज्ञात स्थान पर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन हम विरोध में डटे रहे। पलजोर ने कहा कि बवाना थाने में हमारे फोन जब्त कर लिए गए हैं, जिससे हम बाहरी दुनिया से कट गए हैं।

# बंगाल के प्रवासी मजदूर की चेन्नई में भूख से मौत

- राज्यपाल ने की तृणमूल सरकार की आलोचना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने चेन्नई में कथित तौर पर भुखमरी के कारण राज्य के एक प्रवासी श्रमिक की मौत पर बुधवार को चिंता व्यक्त की और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि उनके संवैधानिक सहयोगी लोगों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बोस ने यह टिप्पणी पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक प्रवासी मजदूर की सोमवार को तमिलनाडु की राजधानी में भूख से मौत होने के मद्देनजर की है। उन्होंने राज्य के प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की जिन्हें आजीविका की तलाश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बोस ने कहा कि क्या ममता बनर्जी गांधीजी के प्रिय दरिद्र नारायण की देखभाल इस तरह करती हैं? सबको सन्मति दे भगवान।

# ठाणे : मध्याह्न भोजन खाने के बाद 45 बच्चे पड़े बीमार

ठाणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

- पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

महाराष्ट्र में ठाणे शहर के पास निजी विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद संदिग्ध रूप से खाद्य विषाक्तता से 45 बच्चों के बीमार पड़ने के बाद पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

शुरुआत में आठ से 11 वर्ष की आयु के 38 बच्चों को मंगलवार को दोपहर के भोजन के बाद चक्कर आने, सिरदर्द और पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद कलवा शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात सात और बच्चों को भर्ती कराया गया, जिससे बच्चों की संख्या 45 हो गयी है। एक बच्चे के परिजन की शिकायत पर कलवा पुलिस ने स्कूल प्रबंधन तथा खाद्य आपूर्तिकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध मलगांवकर ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है।

# सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 भूखंडों का आवंटन रद

**भूखंड आवंटन मामला**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) आवंटन घोटाले में बुधवार को आए मोड़ में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 विवादास्पद भूखंडों का आवंटन रद कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मुडा ने यह कदम मुख्यमंत्री की पत्नी बीएम पार्वती द्वारा विवादित भूखंडों को वापस करने के अभूतपूर्व अनुरोध के बाद उठाया है, जिससे मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े विवाद में नई जान फूंकी गई है। मुख्यमंत्री के बेटे डॉ. यतीन्द्र सिद्दारमैया ने मां की ओर से मुडा कार्यालय में 14 विवादित प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक अर्जी दी। मुडा के आयुक्त रघुनंदन ने बिना समय बर्बाद किए श्रीमती सिद्दारमैया को आवंटित भूखंडों को रद कर दिया।

# महालया पर रात भर विरोध-प्रदर्शन

**डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या का मामला**

कोलकाता, एजेंसी

- प्रदर्शनकारियों ने नदियों में दीप प्रवाहित और डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की
- कूचबिहार में प्रदर्शन के तहत तड़के अभया का तर्पण मार्च निकाला

कोलकाता के आरजीकर अस्पताल की चिकित्सक से हुई दरिंदगी के विरोध में पश्चिम बंगाल में महालया के अवसर पर रात भर प्रदर्शन हुए। महालया को दुर्गा पूजा के साथ ही त्योहारों की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। कोलकाता में प्रदर्शनकारियों ने नदियों में दीप प्रवाहित किए और चिकित्सक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, वहीं कूचबिहार में विरोध प्रदर्शन के तहत तड़के अभया का तर्पण मार्च निकाला गया।

हिंदू पूर्वजों की याद में महालया पर तर्पण करते हैं। कोलकाता में रूबी क्रॉसिंग, ललित कला अकादमी के बाहर, जादवपुर 8-बी स्टैंड, श्यामबाजार, ठाकुरपुकुर, वीआईपी रोड और दमदम पार्क में विरोध प्रदर्शनों में महिलाओं ने हिस्सा लिया। दक्षिण- 24 परगना के कूचबिहार, मालदा, कैनिंग और डायमंड हार्बर, उत्तर 24 परगना के सोदपुर और बारासात तथा हुगली के उत्तरपाड़ा एवं अन्य जिलों में भी ऐसी सभाएं हुईं। अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स के पास रेणुछाया मंच पर प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाली लेखिका-कार्यकर्ता शताब्दी दास ने कहा कि न्याय की मांग करते हुए हमारा विरोध देवी पक्ष के दौरान त्योहार के सभी चार दिनों में जारी रहेगा।

# प्रशांत किशोर ने बनाया अपना राजनीतिक दल जन सुराज पार्टी

पटना, एजेंसी



- विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती बने कार्यकारी अध्यक्ष

चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने बुधवार को जन सुराज पार्टी के नाम से अपना राजनीतिक दल गठित करने की घोषणा की। किशोर ने मधुबनी में जन्मे भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया और कहा कि भारती मार्च तक इस पद पर रहेंगे। मार्च में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव होंगे।

पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान किशोर ने यह घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन सहित कई हस्तियां मौजूद थीं। किशोर ने चंपारण से राज्य की तीन हजार किमी पदयात्रा शुरू करने के ठीक दो साल बाद इस पार्टी का गठन किया है।

## कारोबार/कृषि

# शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति हुई 110.57 लाख करोड़

## बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी बढ़कर 5.67 लाख करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी



- संसेक्स ने 2024 में 12,026.03 अंक यानी 16.64 प्रतिशत की लगाई छलांग
- घरेलू स्तर पर मजबूत तरलता म्यूचुअल फंड उद्योग में रिकॉर्ड निवेश से प्रेरित

तेजी के रथ पर सवार घरेलू शेयर बाजार में इस साल मानक सूचकांकों के लगातार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति में 110.57 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस साल अबतक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,10,57,617.4 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन कंपनियों का कुल पूंजीकरण बढ़कर 4,74,86,463.65 करोड़ रुपये (5.67 लाख करोड़ डॉलर) हो गया है।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 27 सितंबर को 477.93 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसी दिन सेंसेक्स ने 85,978.25 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ था। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स ने कैलेंडर वर्ष 2024 में अब तक 12,026.03 अंक यानी 16.64 प्रतिशत की छलांग लगाई है। सेंसेक्स साल की शुरुआत में 72,271.94 अंक के स्तर पर था। इस तेजी का फायदा निवेशकों को अच्छे रिटर्न के रूप में मिला है। विश्लेषकों ने बाजारों में तेज उछाल का श्रेय घरेलू स्तर पर तरलता की बेहतर स्थिति के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को दिया है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस साल घरेलू स्तर पर मजबूत तरलता देखने को मिली है। यह म्यूचुअल फंड उद्योग में रिकॉर्ड निवेश से प्रेरित है। मीणा ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वैश्विक बाजार भी इस तेजी में मददगार रहे हैं। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती चक्र की शुरुआत भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक कारक रही है। इससे निवेशकों की धारणा को बढ़ावा मिला है और जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में तरलता का प्रवाह बढ़ा है। सेंसेक्स वर्ष 2023 में 11,399.52 अंक यानी 18.73% उछला था। इस दौरान निवेशकों की संपत्ति 81.90 लाख करोड़ बढ़ी थी। कंपनियों का बाजार मूल्यांकन पिछले साल पहली बार चार लाख करोड़ डॉलर पर पहुंचा था।

### मिडकैप- स्मॉलकैप के प्रदर्शन से मिला अच्छा लाभ

मीणा ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के बिकवाली दबाव के बावजूद भारतीय इक्विटी बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने में सफल रहे। खासकर मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने बेहतर प्रदर्शन किया और कई शेयरों के ऊंचाई पर पहुंचने से खुदरा निवेशकों ने अच्छा लाभ कमाया। इस साल अबतक बीएसई मिडकैप सूचकांक में 12,645.24 अंक यानी 34.32% और स्मॉलकैप में 14,777.09 अंक यानी 34.62% की वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि हाल के सप्ताहों में तेज उछाल फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती का नतीजा है। उम्मीद है कि आरबीआई भी द्विमासिक समीक्षा बैठक में इसी तरह का कदम उठाएगा।

### निवेशकों को मिलेगी राशि रोकने की यूपीआई सुविधा

**नई दिल्ली।** पात्र शेयर ब्रोकरों को एक फरवरी से ग्राहकों को शेयर की खरीद-बिक्री को लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) आधारित ब्लॉक व्यवस्था के उपयोग की अनुमति देनी होगी या फिर वे कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे। इस कदम से निवेशकों की स्थिति मजबूत और सशक्त होगी। पात्र शेयर ब्रोकर (क्यूएसबी) को कारोबार के मौजूदा तरीके के अलावा, इन दो विकल्पों में से एक की पेशकश करनी होगी। एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं के तहत बचत खाते, डीमैट खाते और कारोबारी खाते को जोड़ा जाता है। इस मामले में, ग्राहकों के बैंक खाते में उनकी धनराशि होगी और शेष राशि पर ब्याज मिलेगा। एनटीटी डेटा पेमेंट सर्विसेज इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी राहुल जैन ने कहा कि ऐसे समय में जब यूपीआई भुगतान में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, यह पहल मजबूत सुरक्षा के साथ बेहतर पारदर्शिता, ब्याज आय और भुगतान में सुगमता के साथ निवेशकों को सशक्त और लाभान्वित करेगी। इसके अतिरिक्त, इस कदम से कोष प्रबंधन में सुधार होगा और निवेशकों के लिए सुविधा बढ़ेगी।

## एक नजर

### सात शहरों में कार्यालय स्थल की मांग 14% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में बेहतर मांग से जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान कार्यालय स्थल की शुद्ध मांग सालाना आधार पर 14% बढ़ी है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी जेएलएल के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तिमाही में कार्यालय स्थल की शुद्ध मांग 1.21 करोड़ वर्ग फुट रही, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में यह 1.07 करोड़ वर्ग फुट थी। शुद्ध मांग की गणना नए अधिग्रहीत स्थल को खाली किए स्थल से घटाकर की जाती है। जुलाई-सितंबर के दौरान बेंगलुरु में कार्यालय स्थल की शुद्ध मांग बढ़कर 41.4 लाख वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 23.8 लाख वर्ग फुट थी।

### एनफील्ड की बिक्री 11% बढ़कर 86,978 इकाई पर

**नई दिल्ली।** बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने सितंबर में 86,978 गाड़ियां बेचीं, जो सालाना आधार पर 11% वृद्धि है। पिछले साल सितंबर में कंपनी ने 78,580 गाड़ियां बेची थीं। समीक्षाधीन अवधि में घरेलू बाजार में वाहन बिक्री 7% बढ़कर 79,326 इकाई रही, जो पिछले साल समान माह में 74,261 इकाई थी। कंपनी के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा कि हमने अपने हालिया पेशकश से सितंबर में वृद्धि दर्ज की है।

### कोल इंडिया पुरानी वॉशरी पट्टे पर देकर जुटाएंगी पैसा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपनी चार पुरानी वॉशरी को पट्टे पर देकर पैसे जुटाने के विकल्प तलाश रही है। इसके अलावा कोयला आपूर्ति के दीर्घकालिक समझौतों के साथ पट्टा अनुबंधों को जोड़ने की योजना भी है। सीआईएल के इस कदम का उद्देश्य अपनी संपत्तियों का अधिकतम लाभ उठाकर मौद्रिक क्षमता विकसित करना है। कोल इंडिया ने कहा कि हम अपनी चार पुरानी वॉशरी के मौद्रीकरण की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

# ऑप्शन ट्रेडिंग : कम जोखिम, अधिक मुनाफा का मौका

ऑप्शन ट्रेडिंग एक वित्तीय अनुबंध है जो निवेशक को किसी संपत्ति (जैसे शेयर या कमोडिटी) को एक निश्चित समयावधि में निर्धारित कीमत पर खरीदने या बेचने का अधिकार देता है, लेकिन वह इसके लिए बाध्य नहीं होता। इसमें दो मुख्य प्रकार होते हैं : कॉल ऑप्शन (खरीदने का अधिकार) और पुट ऑप्शन (बेचने का अधिकार)। यह निवेशकों को कम जोखिम में अधिक मुनाफा कमाने का अवसर देता है, लेकिन इसके साथ जटिलता और समय सीमा जैसे जोखिम भी जुड़े होते हैं। सही रणनीति अपनाने से ऑप्शन ट्रेडिंग में जोखिम को मैनेज करते हुए मुनाफा कमाया जा सकता है। ऑप्शन ट्रेडिंग को उन्नत निवेश तकनीक माना जाता है, इसलिए इसमें प्रवेश करने से पहले इसे अच्छी तरह से समझना आवश्यक है। आइये इस पर विचार किया जाए ...

### कॉल ऑप्शन

यह खरीदने का अधिकार देता है। इसे खरीदने वाला व्यक्ति भविष्य में एक निश्चित कीमत पर किसी संपत्ति को खरीद सकता है। यदि कीमत ऊपर जाती है, तो खरीदार लाभ कमा सकता है।

### पुट ऑप्शन

यह बेचने का अधिकार देता है। इसे खरीदने वाला भविष्य में एक निश्चित कीमत पर किसी संपत्ति को बेच सकता है। यदि कीमत गिरती है, तो इसे खरीदने वाला व्यक्ति लाभ कमा सकता है।




### महत्वपूर्ण बिंदु

- **प्रीमियम :** ऑप्शन खरीदने के लिए भुगतान की गई कीमत।
- **एक्सपायरी डेट :** वह तारीख जब ऑप्शन का अधिकार समाप्त हो जाता है।
- **स्ट्राइक प्राइस :** वह तय मूल्य जिस पर ऑप्शन होल्डर खरीद या बेच सकता है।
- **कम निवेश, उच्च नियंत्रण :** ऑप्शन खरीदने के लिए कम पूंजी की जरूरत होती है, लेकिन यह आपको बड़ी संपत्ति पर नियंत्रण देता है, जिससे मुनाफे की संभावना बढ़ती है।
- **हेजिंग :** ऑप्शन का उपयोग पोर्टफोलियो को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किया जा सकता है, विशेषकर अनिश्चित बाजार स्थितियों में।

### जोखिम

- **लिवरेज :** कम निवेश में बड़ी मात्रा में संपत्ति पर नियंत्रण पाना संभव होता है।
- **लचीलापन :** आप बाजार के किसी भी दिशा में संभावित लाभ कमा सकते हैं, चाहे वह ऊपर जाए या नीचे।
- **रिस्क हेजिंग :** ऑप्शन का उपयोग आपके पोर्टफोलियो को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किया जा सकता है।
- **समय सीमा :** ऑप्शन की समय सीमा होती है, और अगर समय सीमा समाप्त हो जाए और आपके ट्रेड का मूल्य उस दिशा में न जाए, तो पूरा प्रीमियम खोने का जोखिम रहता है।
- **जटिलता :** ऑप्शन ट्रेडिंग की रणनीतियां समझने में कठिन हो सकती हैं और इसके लिए गहरी जानकारी की जरूरत होती है।
- **उच्च अस्थिरता :** ऑप्शन कीमतें बाजार में तेज उतार-चढ़ाव के कारण जल्दी बदल सकती हैं, जिससे अधिक जोखिम हो सकता है।
- **समय क्षय :** ऑप्शन का मूल्य समय के साथ घटता है, खासकर जब वे अपने एक्सपायरी डेट के करीब आते हैं।

# मेड इन इंडिया लेबल के लिए विचार कर रही है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार वैश्विक बाजारों में ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेड इन इंडिया लेबल के लिए योजना तैयार करने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उच्चस्तरीय समिति योजना के विवरण की जांच कर रही है। इसका उद्देश्य भारत के लिए मजबूत ब्रांड पहचान बनाना है, जिस तरह मेड इन जापान या मेड इन स्विट्जरलैंड विशिष्ट छवियों और गुणों के बारे में बताते हैं।

अधिकारी ने बताया कि सरकार के पास भारत ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) है, जो विदेशी बाजारों में मेड इन इंडिया लेबल के बारे में अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता को बढ़ावा देने और भारतीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में ज्ञान के प्रसार को सुगम बनाने के लिए है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने सुझाव दिया है कि भारत की ब्रांडिंग रणनीति को तीन स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए - उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को ब्रांड करना, सर्वोत्तम उत्पादों से कम कीमत पर गुणवत्ता में सुधार करना, केवल ब्रांडिंग पर ध्यान केंद्रित न करना और गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्रवाई करना।

# ब्याज दरें तय करते समय खाद्य कीमतों को बाहर रखने के पक्ष में नहीं राजन

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर बोले- मुद्रास्फीति ऐसे समूह को लक्षित करे, जिसमें उपभोक्ता के उपभोग वाली चीजें हों

नीतिगत दर निर्धारण के समय खाद्य कीमतों को गणना से बाहर रखे जाने के सुझावों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने खाद्य कीमतों को मुख्य मुद्रास्फीति में जगह न दिए जाने से असहमति जताई। उन्होंने कहा है कि इससे केंद्रीय बैंक के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा।

राजन ने कहा कि मुद्रास्फीति एक ऐसे समूह को लक्षित करे, जिसमें उपभोक्ता के उपभोग वाली चीजें हों। यह मुद्रास्फीति के बारे में उपभोक्ताओं की धारणा और अंततः मुद्रास्फीति की उम्मीदों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि जब मैं गवर्नर बना था, उस समय भी हम पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) को लक्षित कर रहे थे। लेकिन इसका एक औसत उपभोक्ता के समक्ष पेश होने वाली चुनौतियों से कोई लेना-देना नहीं होता है। राजन ने कहा कि ऐसे में जब आरबीआई कहता है कि मुद्रास्फीति कम है तो पीपीआई पर नजर डालें। अगर उपभोक्ता अलग तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं तो वे वास्तव में यह नहीं मानते कि मुद्रास्फीति कम है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सलाहकार गिरफ्तार

**ढाका।** ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने बंगलादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व प्रमुख सचिव एवं सलाहकार कमल नासेर चौधरी और कई अन्य पूर्व सरकारी पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से बुधवार को प्राप्त हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने चौधरी, युवा एवं खेल के पूर्व सचिव मेस्बाह उद्दीन, एक्जिम बैंक और बंगलादेश एसोसिएशन ऑफ बैंक (बीएबी) के पूर्व अध्यक्ष नजरुल इस्लाम मजूमदार और बशुंधरा समूह समन्वयक अदनान को गिरफ्तार किया है ।रिपोर्ट में कहा गया कि डीएमपी के उपायुक्त (मीडिया) तालेबुर रहमान ने बुधवार सुबह ढाका में इन गिरफ्तारियों की पुष्टि की। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ विशिष्ट मामले दर्ज हैं।

### टोंगा के नेयाफू में 156 किमी दूर 6.6 तीव्रता वाला भूकंप

**हांगकांग।** टोंगा के नेयाफू में मंगलवार को 156 किलोमीटर की दूरी पर अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 20:05:33 बजे 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने दी। भूकंप का केंद्र 19.41 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 172.73 डिग्री पश्चिमी देशांतर में 10.0 किलोमीटर की गहराई पर था। अब तक किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### जिबूती में दो प्रवासी नौकाओं के डूबने से 45 की मौत

**अदीस अबाबा।** पूर्वी अफ्रीकी देश जिबूती के तट के पास में दो नौकाओं के डूबने से कम से कम 45 प्रवासियों की मौत हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईओएम ने एक्स पर कहा, नावें 310 लोगों को लेकर यमन से रवाना हुईं। अब तक 32 लोगों को बचाया जा चुका है। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने बताया कि वह खोज एवं बचाव प्रयासों में सरकारी आपातकालीन सेवाओं का समर्थन कर रही है।

### ओली ने नागरिकों से सहायता का किया आह्वान

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सभी नागरिकों से बाढ़, भूस्खलन एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता करने और देश की पीड़ा को अपनी पीड़ा के रूप में देखने का आग्रह किया है। समाचार पत्र द हिमालयन की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने बचाव कार्यों की कमियों को दूर करने का वादा किया। उन्होंने राज्य और सामाजिक संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सिंघा दरबार में प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के कार्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में ओली ने देश भर में चल रहे खोज, बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों के लिए सामूहिक समर्थन को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ सरकार का दर्द नहीं है, बल्कि देश का दर्द है। हम सभी इस आपदा से काफी प्रभावित हैं।

## मंदिर से चोरी आठ करोड़ की मूर्ति अमेरिका में बरामद

- भगवान सोमस्कंदर की प्राचीन मूर्ति को फ्रांसिस्को के आर्ट म्यूजियम से ढूंढ़ निकाला

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु पुलिस की आइडल विंग सीआईडी ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कांचीपुरम के लॉर्ड एकांबरेस्वरर मंदिर से चोरी हुई लगभग आठ करोड़ रुपये की कीमत की भगवान सोमस्कंदार की प्राचीन कांस्य मूर्ति को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एशियन आर्ट म्यूजियम में ढूंढ निकाला है। यह प्रतिमा तमिलनाडु की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस खबर से राज्य के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मूर्ति के अमेरिका में पाए जाने के बाद विभिन्न धाराओं और पुरावशेष और कला खजाना अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मूर्ति की तमिलनाडु में शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने और मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### संग्रह की वेबसाइटों की खोज करने का सौंपा

आइडल विंग (आईडब्ल्यू) सीआईडी की ओर से बुधवार को कहा गया कि तमिलनाडु के मंदिरों से विदेशों में मूर्तियों की अवैध तस्करी की जांच करने के लिए विशेष टीमें गठित और तैनात की गईं है। इन टीमों को चोरी हुई मूर्तियों की पहचान करने के लिए विदेशी संग्रहालयों, निजी कला दीर्घाओं और कलाकृतियों के संग्रह की वेबसाइटों की खोज करने का काम सौंपा गया है।


## नेपाल ने वर्षा का अलर्ट बाढ़ एवं भूस्खलन से अब तक 240 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने बुधवार को भारी बारिश का नया अलर्ट जारी किया। कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण बड़े पैमाने पर बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जिससे हिमालयी देश में 240 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने अधिकारियों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है, क्योंकि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार और बृहस्पतिवार को कोशी और बागमती प्रांतों के साथ-साथ काठमांडू घाटी में भारी वर्षा होने की संभावना है। यह चेतावनी जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दोनों प्रांतों के कुछ हिस्सों में और अधिक भारी बारिश के संभावित खतरों का उल्लेख करने के बाद आयी है।

# द्विपक्षीय सहयोग व युद्ध के संकट पर की चर्चा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से वाशिंगटन में की मुलाकात

वाशिंगटन, एजेंसी



विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात करते एंटनी ब्लिंकन। • एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वाशिंगटन में मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने, पश्चिम एशिया में स्थिति एवं भारतीय उपमहाद्वीप में हाल के घटनाक्रमों, हिंद-प्रशांत तथा यूक्रेन समेत कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद जयशंकर पहली बार अमेरिका की राजधानी की यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुख्यालय फॉगी बॉटम में ब्लिंकन से मुलाकात की।

जयशंकर ने कहा बुधवार वाशिंगटन डीसी में विदेश मंत्री ब्लिंकन के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वाड बैठकों पर चर्चा की। हमारी चर्चाओं में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया द्विपक्षीय बैठक का जिक्र किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 21 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने डेलावेयर निवास पर मोदी की मेजबानी की थी। बाद में वे विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए ऑस्ट्रेलिया और जापान के नेताओं के साथ शामिल हुए थे।

### चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे

ब्लिंकन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका और भारत क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मैंने जलवायु संकट पर हमारे निरंतर सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, जयशंकर और ब्लिंकन ने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने, क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग को आगे बढ़ाने की चर्चा की।

# पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने के संकेत

## इजराइल पर ईरान के हमले के बाद वैश्विक सुरक्षा का खतरा बढ़ा, नेतन्याहू ने की बैठक

मिशिगन (अमेरिका), एजेंसी

ईरान ने एक अक्टूबर 2024 को इजराइल पर कम से कम 180 बैलेस्टिक मिसाइल दागीं, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के शब्दों में अगर इसे कहें तो यह लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान के हमले को इजराइल ने अपने आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली और वहां पास में मौजूद अमेरिकी नौसैनिक विध्वंसक जहाजों की मदद से काफी हद तक रोक दिया। ईरान के हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री ने आपात बैठक बुलाई।

यह हमला 27 सितंबर को तेहरान समर्थित लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के लंबे समय से नेता रहे हसन नसरल्ला की इजराइली हमले में मौत के बाद हुआ है। हिजबुल्ला गाजा युद्ध की शुरुआत से ही उत्तरी इजराइल पर रॉकेट दाग रहा है। गाजा जंग हमास और अन्य चरमपंथियों द्वारा सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर आक्रमण करने के बाद शुरू हुई थी। उस हमले में लगभग 1,200 लोगों की मौत हुई थी। हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों ने उत्तरी इज़राइल में लगभग 70,000 लोगों को उनके घरों से विस्थापित कर दिया है। हाल के हफ्तों में पश्चिम एशिया कितना ज़्यादा ख़तरनाक हो गया है? पश्चिम एशिया में हालात एक साल पहले से भी ज्यादा अस्थिर हैं। यह संघर्ष मुख्य रूप से इजराइल और हमास के बीच की लड़ाई से आगे तक फैल गया है। इजराइल और हिजबुल्ला के बीच पिछले वर्ष से संघर्ष चल रहा है जो इजराइल-हमास संघर्ष से भी अधिक खतरनाक प्रतीत होता है। इन हमलों में मानवीय क्षति बहुत ज़्यादा है, क्योंकि लेबनान में 1,000 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि इनमें मरने वालों या घायलों में से कितने वास्तव में हिज़्बुल्ला के लड़ाके हैं।



व्हाइट हाउस में बैठक करते राष्ट्रपति बाइडन। एजेंसी

### जमीनी अभियान शुरू होने के बाद इजराइल ने पहले सैनिक की मृत्यु की घोषणा की

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी)।** इजराइली सेना ने इस सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद से लड़ाई में अपने पहले सैनिक की मृत्यु होने की घोषणा की है। सेना ने बुधवार को कहा कि लेबनान में लड़ाई में कमांडो ब्रिगेड के 22 वर्षीय जवान की मौत हो गयी। इजराइली थल सैनिकों ने हिजबुल्ला के विरुद्ध लेबनान में चढ़ाई की है वहीं ईरान ने मंगलवार देर रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल की बौछार की। विभिन्न मोर्चों पर तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है, जिसमें ईरान के साथ-साथ अमेरिका भी शामिल हो सकता है। अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में इस क्षेत्र में सैन्य साजो-सामान भेज दिया है।

### इजराइल पर ईरान का हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत हुआ : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल पर ईरान का मिसाल हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है। ईरान ने मंगलवार रात को इजराइल को निशाना बनाकर करीब 200 मिसाइलें दागी थीं। इजराइल की सेना ने कहा कि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और न ही कोई बड़ा नुकसान हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास में बाइडन ने कहा मेरे निर्देश पर अमेरिका की सेना ने इजराइल की रक्षा में सक्रिय रूप से सहयोग किया। हम अभी प्रभाव का आकलन कर रहे हैं, लेकिन प्राप्त सूचना के आधार पर हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है।

### नेतन्याहू ने लिया जवाबी कार्रवाई का संकल्प, अमेरिका ने दिया समर्थन

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उनके देश पर मिसाइल हमले के लिए ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का आह्वान किया। नेतन्याहू ने देर रात सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में कहा ईरान ने आज रात बड़ी गलती की है और उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मिसाइल हमला एक नाकामी थी और ईरान को जल्द ही एक दर्दनाक सबक मिलेगा जैसा गाजा, लेबनान और अन्य स्थानों पर दुश्मनों को मिला है।



## गाजा में हुई बमबारी में 51 लोग मारे गए

दीर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

दक्षिणी गाजा में इजराइल की ओर से रातभर किए गए हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए हैं जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। फिलिस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हमास के लड़ाकों ने पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था जिसके लगभग एक वर्ष बाद भी इजराइल गाजा में हमास के ठिकानों पर हमले कर रहा है। इस बीच हमास के समर्थन में हमला करने के बदले में इजराइल ने लेबनान के आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू किया है।

इस संघर्ष के बीच इजराइल और ईरान के मध्य भी हमले हो रहे हैं। ईरान ने मंगलवार देर रात इजराइल पर बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया। एक अलग घटनाक्रम में, हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने लेबनान के सीमावर्ती शहर ओदेसाह में इजराइली सैनिकों के साथ संघर्ष किया जिससे उन्हें पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। सेना ने दक्षिणी लेबनान के 24 अन्य गांवों को खाली करने की चेतावनी दी, एक दिन पहले भी सेना ने इसी तरह की चेतावनी जारी की थी। संघर्ष के तीव्र होने के कारण हजारों लोग पहले ही अपने घरों को छोड़कर जा चुके हैं। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि खान यूनिस में शुरू हुए अभियान में कम से कम 51 लोग मारे गए।



### लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए: संरा

संयुक्त राष्ट्र। इजराइल और लेबनान के बीच बढ़ते तनाव और इजराइली सेना की ओर से जारी निकासी आदेशों के कारण दो लाख से ज्यादा लोग दक्षिणी लेबनान से विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से एक लाख से ज्यादा लोग सीरिया गये हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को दी।

## होटल में रुककर मांगते थे भीख, 22 को वापस राजस्थान भेजा

**इंदौर।** इंदौर में होटल में रुककर शहर में भीख मांगने वाले 11 नाबालिग बच्चों समेत 22 लोगों को राजस्थान में उनके मूल निवास स्थान भेज दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को मिली एक शिकायत के आधार पर जांच की गई, तो पता चला कि राजस्थान से 22 लोगों का समूह भीख मांगने इंदौर आया था और ये लोग एक होटल में ठहरे थे। अधिकारी ने कहा कि इस समूह में 11 नाबालिग बच्चे और 11 महिलाएं शामिल थीं। ये लोग दिन भर शहर के अलग-अलग स्थानों पर भीख मांगते और रात में होटल में आकर सो जाते थे।

## कोपनहेगन में इजराइली दूतावास के पास विस्फोट

कोपनहेगन, एजेंसी

डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में इजराइली दूतावास के पास बुधवार तड़के दो विस्फोट हुए, जिसके बाद पास में स्थित यहूदी स्कूल को बंद कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या विस्फोटों और इजराइली राजनयिक मिशन के बीच कोई संबंध है। उन्होंने यह बताने से इनकार किया कि इस संबंध में किसी को गिरफ्तार किया गया है कि नहीं। भारी हथियारों से लैस अधिकारी, खोजी कुत्ते और फॉरेंसिक टीम उस क्षेत्र का निरीक्षण कर रही हैं और इलाके को घेर लिया गया है।



## जापान और अमेरिका के बीच गठबंधन के तहत मजबूत रक्षा संबंध कायम

**तोक्यो।** जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने पदभार ग्रहण करने के बाद जापान-अमेरिका गठबंधन पर कायम रहने का संकल्प लिया। फुमियो किशिदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद उनके स्थान पर शिगेरु इशिबा को जापान का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका के प्रति जापान के सम्मान को प्रदर्शित करते हुए इशिबा ने बुधवार सुबह राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात की और पत्रकारों से कहा कि उन्होंने बाइडन को जापान-अमेरिका संबंध को और भी अधिक मजबूत करने की अपनी योजना के बारे में आश्वस्त किया है।

## पोप ने गिरजाघर में सुधार के दूसरे चरण की शुरुआत की

- महिलाओं की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने को कहा

रोम, एजेंसी

पोप फ्रांसिस ने बुधवार को कैथोलिक गिरजाघर में व्यापक सुधार से जुड़ी परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसमें गिरजाघर में महिलाओं को अधिक जिम्मेदारी वाले पद सौंपने का व्यापक आह्वान किया गया है।

पोप फ्रांसिस ने सेंट पीटर्स स्क्वायर में 368 बिशप और आम लोगों के साथ एक प्रारंभिक धर्म सभा की अध्यक्षता की। ये सभी लोग गिरजाघर के भविष्य पर चर्चा करने और इसे मौजूदा समय में कैथोलिक की जरूरतों के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए अगले तीन सप्ताह तक बैठकें करेंगे। पिछले साल धर्मसभा के पहले सत्र के दौरान विरोध और आपत्तियों का सामना करने के बाद, कई सबसे विवादास्पद मुद्दे आधिकारिक तौर पर चर्चा से बाहर हो गए हैं। इनमें एलजीबीटीक्यू को पद सौंपे जाने और महिलाओं को डीकन के रूप में सेवा करने की अनुमति देने जैसे मुद्दे शामिल हैं। पोप फ्रांसिस ने इन विषयों को 10 अध्ययन समूहों को सौंपा है जो धर्मसभा के समानांतर काम कर रहे हैं।

## भारतीय उच्चायुक्त श्रीलंका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिले

**कोलंबो।** कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने बुधवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या से आधिकारिक मुलाकात की। एक बयान में कहा गया, भारत-श्रीलंका साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की गई तथा दीर्घकालिक मित्रता को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। भारतीय राजदूत ने प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से भी मुलाकात की और उनके कार्यालय में महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। दिसानायके के द्वीपीय राष्ट्र के राष्ट्रपति चुने जाने के तुरंत बाद झा उनसे मिलने वाले पहले विदेशी राजदूत थे।

## चीन में गांधी जयंती के अवसर पर स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

- स्थानीय प्रशंसकों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

बीजिंग, एजेंसी

चीन के विशाल चाओयांग पार्क में बुधवार को गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने मंदारिन भाषा में उनकी शिक्षाओं का उल्लेख किया और बीजिंग के कलाकारों ने उनके पसंदीदा भजन पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया।

बीजिंग का मनोरम चाओयांग पार्क चीनी स्कूली बच्चों के एक समूह द्वारा मंदारिन भाषा में उनके उपदेशों के पाठ से जीवंत हो उठा। इस पार्क में 2005 में प्रसिद्ध चीनी मूर्तिकार प्रो. युआन शिकुन द्वारा बनाई गयी महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके बाद बीजिंग की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई और उनके दल द्वारा 'वैष्णव जन तो' पर एक भावपूर्ण ओडिसी नृत्य प्रस्तुति दी गयी। भारतीय समुदाय ने नाटक अहिंसाः गांधी मार्ग का मंचन किया, जिसका निर्देशन और लेखन क्रमशः केतकी ठाकर और आयुषी सुगंधी ने किया।

राजदूत प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में भारतीय राजनयिकों के अलावा मालदीव में चीनी राजदूत डॉ. फजील नजीब, बीजिंग स्थित भारतीय प्रवासी और महात्मा गांधी के स्थानीय प्रशंसकों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**ज्ञान-विज्ञान** हमसे 6 प्रकाशवर्ष दूर बर्नाड है हमारे पड़ोसी तारे का नाम

## हमारे सबसे नजदीकी तारे का भी है सौर परिवार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारा सबसे नजदीकी तारा बर्नाड का भी अपना सौर परिवार है। बर्नाड का अपना एक ग्रह है। कई दशकों की मशक्कत के बाद इस ग्रह की खोज हो पाई है। मंगलवार को खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज की पुष्टि की है। बर्नाड तारा हमसे 6 प्रकाशवर्ष दूर है।

तारों की दुनिया अनूठी है। अनेक तारों का हमारे सौरमंडल की तरह अपना परिवार होता है। बर्नाड हमारे सबसे नजदीकी तारा है। जिसकी जानकारी जुटाना खगोलविदों के लिए स्वाभाविक है। जिसके चलते कई दशक से खगोलविद इसके अध्ययन में जुटे हुए थे। अंततः कामयाबी मिल गयी और इसके कम से कम एक ग्रह होने की खबर सामने आ गई। बर्नाड का ग्रह शुक्र के द्रव्यमान का लगभग आधा है और अपने तारे के बहुत करीब से परिक्रमा करता है। इस ग्रह का एक साल केवल तीन दिन लंबा होता है। बर्नाड अल्फा सेंटॉरी के करीब है। इसमें कम से कम दो या शायद तीन तारे शामिल हैं। बर्नाड के बेहद करीब होने के बावजूद दशकों बाद यह खोज हो पाई है। चिली में स्थित यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) से इस नए ग्रह की पुष्टि की गई और 1 अक्टूबर को इसकी घोषणा की गई। बर्नाड के इस ग्रह का नाम बर्नाड बी है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित की गई है। बहरहाल यह भी माना जा रहा है कि इसके कम से कम तीन और ग्रह हो सकते हैं। जिनका पता लगाना अत्यंत रोमांचक होगा, ऐसा खगोलविद मानते हैं।



बर्नाड तारे के साथ उसके ग्रह की काल्पनिक तस्वीर।

### 1960 से शुरू हो चुकी थी खोज

1960 के दशक से बर्नाड के सौर परिवार की तलाश शुरु हो चुकी थी। केप्लर अंतरिक्ष यान जैसे सफल मिशन ने बहुत पहले बर्नाड के ग्रह होने की संभावना जता दी थी। मगर सबूतों के अभाव में यह खोज अधूरी रह गयी। नवंबर 2018 में, खगोलविदों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने 99 फीसदी विश्वास के साथ ग्रह होने की संभावना जताई, मगर फिर भी पुष्टि नही हो सकी। अंत मे चिली में स्थित वेरी लार्ज टेलेस्कोप द्वारा निरंतर 5 साल अध्ययन के बाद यह खोज मुकाम तक पहुच पाई।

## द्वितीय विश्व युद्ध का अमेरिकी बम जापानी हवाई अड्डे पर फटा

- 80 उड़ानें रद, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

तोक्यो, एजेंसी

द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक अमेरिकी बम एक जापानी हवाई अड्डे पर दफन था, लेकिन बुधवार को उसमें विस्फोट हो गया, जिससे टैक्सीवे में बड़ा गड्ढा हो गया और 80 से अधिक उड़ानें रद करनी पड़ीं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जापानी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

भूमि एवं परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी जापान के मियाजाकी हवाई अड्डे पर जब बम विस्फोट हुआ, तब वहां कोई विमान नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि आत्मरक्षा बलों और पुलिस द्वारा की गई जांच से पुष्टि हुई है कि विस्फोट 500 पाउंड के अमेरिकी बम से हुआ था और अब कोई खतरा नहीं है। वे यह पता लगा रहे हैं कि अचानक विस्फोट किस वजह से हुआ। पास के एक एविएशन स्कूल द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में विस्फोट से डामर के टुकड़े हवा में फव्वारे की तरह उछलते हुए दिखाई दिए। जापानी टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो में टैक्सीवे में एक गहरा गड्ढा दिखाई दिया। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं तथा उम्मीद है कि गुरुवार सुबह तक परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा।

